राष्ट्रीय दैनिक

हर खबर की खबर

प्रात: किरण

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

03 | जड़ों से जुड़ रहा हिंदुस्तान, यही है नए ...

विवेकानंद की भविष्यवाणी को... | 09

वर्ष : 14 | अंक : 70 | पटना, शुक्रवार, 19 जून, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मुख्यमंत्री ने नौबतपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का किया शुभारम्भ

पीएम मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा : सम्राट

बोलें- 20 जून को पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किस्त लाभुकों के खाते में भेजी जाएगी

6 मुख्य बिन्दु :-

- 2030 तक हर घर तक पीएनजी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी
- पुलिस को चुनौती देने वाले अपराधियों को 48 घंटे के अंदर मिलेगा जवाब

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना जिले के नौबतपुर प्रखंड अंतर्गत पीपलावां में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं स्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प 2047 तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा होगा। इसको लेकर हम सभी को संकल्प लेना है। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। उमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री बनने का गौरव भाजपा नेता नरेंद्र मोदी को प्राप्त हुआ है, जिनके नेतृत्व में दो सीट वाली भाजपा 282 सीट हासिल करने में कामयाब हुई। भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम, तब पार्टी तब व्यक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और मजबूत बन रहा है। दुनिया में युद्ध या किसी प्रकार की विकट स्थिति उत्पन्न होने पर शांति स्थापित करने या समस्या के समाधान हेतु अब भारत के प्रधानमंत्री से विचार-विमर्श किया जाता है।

नौबतपुर स्थित लख पर एक बड़ा ब्रिज बनेगा: मुख्यमंत्री ने कहा कि नौबतपुर लख पर एक बड़ा ब्रिज बनाया जाएगा ताकि जाम से लोगों को मुक्ति मिले। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक बिहार के सभी ग्रामीण इलाकों में हर घर तक पीएनजी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। गैस सिलेंडर की अपेक्षा पीएनजी में 30 प्रतिशत पैसे की बचत होती है।

कोई अपराधी या माफिया आपको परेशान करें तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। यदि पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो हमें अवश्य अवगत कराएं। बिहार में सड़क, उद्योग एवं अन्य विकास कार्यों के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। अधिग्रहित भूमि से जुड़े व्यक्तियों को मुआवजा प्रदान करने हेतु कल ही मंत्रीपरिषद की बैठक में 46,000 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। अधिग्रहित जमीन से जुड़े किसी व्यक्ति के घर में यदि बेटी की शादी है या किसी प्रकार की विपदा है तो 7 दिनों के अंदर मुआवजा पाने हेतु जिलाधिकारी को आवेदन दें।

पाटलिपुत्र नाम से एक टाउनशिप विकसित किया जाएगा: मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने बिहार के विभिन्न हिस्सों में टाउनशिप बनाने की योजना तय की है।

पाटलिपुत्र नाम से भी एक टाउनशिप विकसित किया जाएगा, जहां उद्योग स्थापित करने के साथ ही बच्चों के खेलने की भी व्यवस्था रहेगी। बिहार के सभी 534 प्रखंडों में सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में इस प्रकार से मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे, जहां सांसद, मंत्री, अधिकारी और गरीब के बच्चे एक साथ पढ़ेंगे। यह अभियान मिलर हाई स्कूल से शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों से जुड़े पंचायतों में सब्जी मार्केट, मछली मार्केट और दूध बिक्री केंद्र विकसित किया जाएगा।

प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सभी पंचायतों में होगी आमसभा की बैठक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राइवेट यूनिवर्सिटी खोलने के जितने भी प्रस्ताव बिहार में आएंगे उन्हें मंजूरी दी जाएगी ताकि यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सभी पंचायतों में आमसभा की बैठक कराकर विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि 20 जून को पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किस्त लाभुकों के खाते में भेजी जाएगी। सहयोग शिविर कार्यक्रम के माध्यम से 3,85,000 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2,65,000 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। विकसित भारत हमारा संकल्प है और आत्मनिर्भर बिहार हमारा लक्ष्य, इन्हीं को ध्यान में रखते हुए हम लोग लगातार विकास के काम कर रहे हैं। कार्यक्रम को सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक सिद्धार्थ सौरभ, विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नवनामांकित गृह रक्षकों के पारण परेड समारोह में हुए शामिल

सूबे में कानून का राज हर हाल में कायम रहेगा: मुख्यमंत्री

6 मुख्य बिन्दु :-

- सशक्त गृह रक्षा वाहिनी बनेगी सुरक्षित और विकसित बिहार की आधारशिला
- छात्राओं एवं बेटियों की सुरक्षा के लिए विद्यालयों के आसपास पुलिस दीदी की तैनाती की जाएगी

कमांडो ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना करतब दिखाया

कार्यक्रम में महानिदेशक-सह-महादेष्टा, बिहार गुहरक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ शोभा ओहटकर ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। साथ ही पारण परेड समारोह के दौरान नवनामांकित गृहरक्षकों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलायी। समारोह के दौरान बिहार गुहरक्षा वाहिनी के प्रशिक्षत महिला एवं पुरूष कमांडो ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना करतब दिखाया। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी संबोधित किया।

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को गांधी मैदान में बिहार गृह रक्षा वाहिनी के नवनामांकित गृह रक्षकों के पारण परेड समारोह में शामिल हुये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। गृह रक्षा वाहिनी के पारण परेड समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पारण परेड समारोह में नवनामांकित गृह रक्षकों ने परेड और प्रशिक्षण के करतब का अनोखा प्रदर्शन किया है। बिहार गृह रक्षा वाहिनी का सशक्त एवं आधुनिक स्वरूप राज्य की प्रगति और मजबूत होती कानून-व्यवस्था का परिचायक है। आपकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रशिक्षण राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा।

बिहार को सुरक्षित, समृद्ध बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें: मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 40 डिग्री से अधिक तापमान में आपने जिस कड़ी मेहनत अनुशासन और संयम के साथ इस समारोह को सफल बनाया है, अपने करतब से सभी को मुग्ध किया है, यह प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है। नवप्रशिक्षित जवानों से राष्ट्रसेवा, अनुशासन, निष्ठा और जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की उम्मीद है। आप सब बिहार को सुरक्षित, समृद्ध और विकसित बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

नागरिकों की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के 13 करोड़ नागरिकों की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कानून-व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और अपराधियों के लिए बिहार में कोई स्थान नहीं है। राज्य में कानून का राज स्थापित करने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियां पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा सरकार की विशेष प्राथमिकता है। विद्यालयों एवं कॉलेजों के आसपास 5 हजार स्कूटी एवं मोटरसाइकिल से पुलिस दीदी बेटियों की सुरक्षा में तैनात रहेंगी, जिससे बेटियों को सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण मिलेगा।

भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता 15 जुलाई से होगा लागू

- देश में ब्रिटिश कारों समेत कई उत्पाद होंगे सस्ते

प्रात : किरण

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) यानी कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट (सीईटीए) अब 15 जुलाई से लागू होने जा रहा है। इस समझौते के बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई गति मिलने की उम्मीद है। समझौते के तहत भारत में ब्रिटेन से आने वाली कारों समेत कई उत्पादों पर आयात शुल्क में बड़ी कटौती की जाएगी, जबकि भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में अधिक आसान पहुंच मिलेगी। इस व्यापार समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में ब्रिटेन से करीब 3.78 लाख पेट्रोल-डीजल कारों के भारत आयात का रास्ता साफ होगा। इन वाहनों पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को मौजूदा करीब 110 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत तक किया जाएगा।

इससे ब्रिटिश कार कंपनियों को भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने का मौका मिलेगा और ग्राहकों को भी महंगी कारें अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध हो सकती हैं। समझौते के शुरूआती चरण में ब्रिटेन से आने वाली कारों के लिए अलग-अलग श्रेणियों में आयात कोटा तय किया गया है। पहले साल में कुल 20 हजार कारों को कम शुल्क पर भारत लाने की अनुमति होगी। इनमें कुछ श्रेणियों की कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत किया जाएगा। वहीं 1500 सीसी तक के इंजन वाली आम उपभोक्ता श्रेणी की कारों के लिए शुरूआती कोटा 5 हजार यूनिट का होगा, जिन पर शुल्क 66 प्रतिशत से घटकर 50 प्रतिशत रह जाएगा। इस समझौते का असर केवल ऑटोमोबाइल क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा।

ब्रिटेन से आने वाली व्हिस्की, कपड़े, फुटवियर और अन्य उत्पाद भी भारत में कम कीमत पर उपलब्ध हो सकते हैं। दूसरी ओर भारत के 99 प्रतिशत उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में लगभग शून्य टैरिफ के साथ निर्यात की सुविधा मिलेगी। दोनों देशों को उम्मीद है कि इस समझौते से व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी और वर्ष 2030 तक भारत-ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना होकर 120 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

एनटीए ने नीट में शामिल होने वाले छात्रों से अफवाहों से बचने की अपील की

प्रात : किरण

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2026 परीक्षा से तीन दिन पहले देशभर के अभ्यर्थियों से तैयारी पर भरोसा रखने और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं से दूर रहने की अपील की है। एनटीए ने गुरुवार को एक विशेष संदेश जारी कर छात्रों से शांत रहने, अपनी तैयारी पर भरोसा रखने और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं से दूर रहने की अपील की है। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जायेगी और किसी भी तरह की स्थगन संबंधी अफवाहों पर ध्यान न दिया जाये। उन्होंने कहा कि लाखों विद्यार्थियों ने इस परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की है और अब समय अपने प्रयासों पर विश्वास रखने का है। एजेंसी ने छात्रों से पर्याप्त आराम करने, सकारात्मक सोच बनाये रखने और परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए केवल एनटीए की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की सलाह दी है। एजेंसी ने भरोसा दिलाया कि परीक्षा के सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। एनटीए ने कहा कि परीक्षा की पवित्रता बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार के प्रयासों से सख्ती से निपटा जायेगा। एनटीए ने यह भी कहा कि 3 मई को लिया गया कठिन निर्णय पूरी तरह छात्रों के हित में था और उस अनुभव से सीख लेकर इस बार परीक्षा प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाया गया है। एजेंसी ने मानसिक दबाव महसूस कर रहे विद्यार्थियों को सहायता लेने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन (14416) चौबीसों घंटे उपलब्ध है। साथ ही अभिभावकों, शिक्षकों और समाज से अपील की गई है कि वे छात्रों को शांत और तनावमुक्त माहौल प्रदान करें तथा अपुष्ट जानकारी साझा करने से बचें।

केंद्र ने एससी छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए जारी किए 6,208 करोड़ रुपये

प्रात : किरण

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए इस वित्तीय वर्ष में प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 6,208 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड राशि जारी की है। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अनुसार अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6,208.08 करोड़ रुपये वितरित किए हैं, जिससे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिए 47.53 लाख छात्रों को लाभ हुआ है। यह भी 2021-22 में डीबीटी अपनाए जाने के बाद का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस योजना में 1 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026 की अवधि के दौरान लाभार्थियों की संख्या 16.63 लाख दर्ज की गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 61.92 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 562.36 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। इस राशि से प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 26.79 लाख छात्रों को सीधा लाभ मिला है। 2022-23 में डीबीटी की शुरूआत के बाद से यह इस योजना के तहत अब तक की सबसे बड़ी राशि है। चालू वर्ष में (1 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026 तक) लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 5.75 लाख हो गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि (2.36 लाख) की तुलना में 143.64 प्रतिशत की वृद्धि है।

अमेरिका-ईरान के बीच ऐतिहासिक शांति समझौता पर हस्ताक्षर

- फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के समक्ष राष्ट्रपति ट्रंप ने ज्ञापन पर किये दस्तखत

लेबनान पर इजराइल को संयम बरतने की सलाह

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने संकेत दिया कि लेबनान को लेकर अमेरिका और इजराइल के बीच कुछ मतभेद बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए सभी पक्षों को संयम दिखाना होगा। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि ईरान के साथ होने वाला समझौता व्यापक क्षेत्रीय शांति प्रक्रिया की शुरूआत साबित हो सकता है।

प्रात : किरण

पेरिस/एजेंसी। अमेरिका और ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिया। इस समझौत पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक के दौरान पेरिस के वर्सेल्स पैलेस में दस्तखत किये, जबकि ईरान के राष्ट्रपति पजशकियान ने तेहरान में हस्ताक्षर किये। दोनों नेताओं के हस्ताक्षर के बाद भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह पांच बजे से यह समझौता प्रभावी हो गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार 14 सूत्रीय समझौते में कहा गया है कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होंगे। साथ ही इसमें ईरान के पुनर्निर्माण और आर्थिक विकास के लिए 300 अरब डॉलर के कोष का प्रावधान किया गया है। हालांकि अमेरिका के लिए इसमें योगदान देना अनिवार्य नहीं है। यह समझौता अमेरिका-ईरान और इजरायल के बीच टकराव शुरू होने के चार महीने बाद हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार समझौते के तहत ईरान में युद्ध समाप्त होगा और लेबनान में भी संघर्ष खत्म करने की बात कही गई है। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने और अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करने की बात कही गई है। फ्रांस के राष्ट्रति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया पर श्री ट्रम्प के इस समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए वीडियो पोस्ट करते हुए बुधवार को लिखा, यह समझौता हमेशा रहने वाली शांति का रास्ता बनाता है और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की इजाजत देता है।

ट्रंप ने ईरान समझौते को बताया ऐतिहासिक: एवियन । जी-7 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पत्रकार वार्ता में ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते को अपनी बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह समझौता अमेरिका के सभी प्रमुख उद्देश्यों को पूरा करता है और उससे भी आगे जाता है। ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मेजबान देश का सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यदि कूटनीतिक समाधान नहीं निकलता तो क्षेत्र में लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई जारी रह सकती थी। उनके अनुसार, समझौते के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री गतिविधियां बढ़ी हैं और क्षेत्र में स्थिरता की उम्मीद मजबूत हुई है।

संबोधन | **प्रधानमंत्री ने पेरिस में वीवाटेक-2026 में एआई पर विस्तार से की चर्चा**

तकनीक का फायदा सभी को मिलना चाहिए : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत का मानना है कि बदलाव के इस दौर में टेक्नोलॉजी का फायदा सभी को मिलना चाहिए। उन्होंने एआई का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे लोगों की जिंदगी बेहतर होनी चाहिए, पहुँच बढ़नी चाहिए, विकास को बढ़ावा मिलना चाहिए और हमें एक स्वस्थ ग्रह बनाए रखने में भी मदद मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने आज पेरिस में वीवाटेक-2026 में हिस्सा लिया और कहा कि भारत के लिए एआई का मतलब सबका साथ (ऑल इनक्लूसिव) है। एआई कंट्री पार्टनर के तौर पर हमारी भागीदारी इसी सोच को दिखाती है। टेक सम्मेलन में पिछली और मौजूदा भागीदारी के हालात की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय दुनिया कोविड-19 के संकट का सामना कर रही थी। आज दुनिया अलग तरह के बदलावों का अनुभव कर रही है। उन्होंने वीवा टेक-2021 के संदेश को दोहराया कि जहाँ पारंपरिक तरीके काम नहीं आते, वहाँ इनोवेशन मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री ने 2026 को भारत और यूरोप के लिए एक खास साल बताया। उन्होंने कहा कि साल की शुरूआत ऐतिहासिक भारत-ईयू (यूरोपीय संघ) मुक्त व्यापार समझौते के साथ हुई। यह समझौता हमारे व्यापार और निवेश को बढ़ाएगा और टैलेंट, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म के आदान-प्रदान के लिए कई रास्ते खोलेगा। उन्होंने कहा कि इस साल भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर की शुरूआत के साथ फ्रांस एक अहम पुल का काम कर रहा है। यह भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा है। प्रधानमंत्री ने पिछले दशक में भारत की तकनीकी यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेशन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन, खेती और अन्य क्षेत्रों में तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक से लेकर नाभिकीय ऊर्जा तक, हम इंसानी क्षमता की सीमाओं का विस्तार कर रहे हैं। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बना और हाल ही में भारत के प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकैलिटी हासिल की। इसने हमें हमारे तीन-चरण वाले न्यूक्लियर विजन को साकार करने के करीब पहुँचाया है, जिसमें हमारे विशाल थोरियम भंडार का इस्तेमाल भी शामिल है।

संक्षिप्त खबरें

एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत दल्लूचक के निकट चारघरवा मोड़ के समीप एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका वीणा देवी 55 वर्षीय की सेवानिवृत्ति रेल कर्मी दिनेश्वर की पत्नी थी। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि महिला की मौत जहरीले पदार्थ जैसे पदार्थ सेवन से हुई है। घटना बुधवार की देर शाम की बताई जाती है। महिला की तबीयत बिगड़ने के बाद रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि शव कापोस्टमार्टम करा सौंप दिया गया। फिलहाल कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है।

आरएसपीएल ग्रुप ने लॉन्च किया घड़ी रैपिड वॉश

पटना। आरएसपीएल ग्रुप ने अपने डिटर्जेंट ब्रांड घड़ी के तहत नया लिक्विड डिटर्जेंट घड़ी रैपिड वॉश लॉन्च किया है। यह उत्पाद रोजमर्रा की बाल्टी में कपड़े धोने की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और पारंपरिक डिटर्जेंट की सफाई क्षमता को लिक्विड डिटर्जेंट की सुविधा के साथ जोड़ता है। रैपिड रिलीज टेक्नोलॉजी से युक्त घड़ी रैपिड वॉश पानी में तेजी से घुलकर कपड़ों के रेशों तक पहुंचता है और कम रगड़ाई में दाग हटाने में मदद करता है। कंपनी के अनुसार, इसका उद्देश्य लाखों भारतीय परिवारों के कपड़े धोने के अनुभव को बेहतर बनाना है। आरएसपीएल ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक राहुल ज्ञानचंदानी ने कहा कि घड़ी रैपिड वॉश उपभोक्ताओं को घड़ी की विश्वसनीय सफाई क्षमता के साथ आधुनिक लिक्विड डिटर्जेंट की सुविधा किफायती कीमत पर उपलब्ध कराता है। घड़ी रैपिड वॉश का 900 मिलीलीटर पाउच 85 रुपये में उपलब्ध है। इसके अलावा 35 मिलीलीटर का ट्रायल पैक 5 रुपये तथा दो 40 मिलीलीटर सैशे वाला 80 मिलीलीटर पैक 10 रुपये में उपलब्ध कराया गया है।

21जून को आयुर्वेद एवं योग चिकित्सा हेतू लगाया जाएगा निः शुल्क परामर्श शिविर

पटना। पुर्णिया एरिया के लोगों को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर अमृत आयुर्वेद फाउंडेशन, शेखपुरा पटना तथा आरव अथोर्पेडिक एण्ड मैटरनिटी होस्पिटल, लाइन बजार पुर्णिया के सौजन्य से 21जून को दिन रविवार को पुर्णिया के डा० अंगद कुमार चौधरी एवं डा० आभा प्रसाद के नये नवनिर्मित आरव अस्पताल जो मेन रोड एन एच 31 पर कप्तान पुल के पास महेन्द्रा टरैक्टर शोरूम के पास अवस्थित है, में प्रातः नव बजे से 10 बजे तक योग का अभ्यास यानि आम लोगों के लिए योग शिविर तथा दोपहर एक बजे से छः बजे तक रोगियों के लिए योग एवं आयुर्वेद चिकित्सा हेतु निःशुल्क परामर्श विहार के चर्चित आयुर्वेदिक डा० एवं राजकीय आयुर्वेदिक कालेज अस्पताल, पटना, दरभंगा, वेगुसराय के पूर्व प्राचार्य वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद के द्वारा दिया जाएगा। सम्बंधित लोग परामर्श के लिए वाटसप न० 9470019814 पर पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकृत रोगियों को ही परामर्श देना सम्भव हो सकेगा। ज्ञातव्य हो कि उक्त आरव होस्पिटल परिसर में बहुत जल्द ही अमृत आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लिनिक की विधिवत शुरूआत होने वाली है।

नैनचक में बंद घर का खिड़की का ग्रिल उखाड़ चोरों ने लाखों के जेवरात की चोरी की

दानापुर । खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत नैनचक में एक बंद घर का खिड़की का ग्रिल उखाड़ चोरों ने दस हजार रुपए समेत लाखों के जेवरात की चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित पूणानंद दीपक ने स्थानीय थाना में लिखो शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि विगत 2 जून को पूणानंद अपने पत्नी के साथ अपने पुत्र के पास मुंबई गए थे। घर में ताला बंद था। पूणानंद 15 जून की रात में वापस आए। तो मुख्य दरवाजे का ताला बंद मिला जब यह अंदर गए तो कमरे में सारा सामान बिखड़ा पड़ा था। घर के पीछे के कमरे का खिड़की का ग्रिल उखड़ा हुआ था। घर में रखे अलमीरा एवं बक्से का ताला टूटा था। उसमें रखा लाखों के सोने का टीका, झुमका, बाला, अंगूठी चांदी के सिक्का समेत लाखों के जेवरात एवं दस हजार रुपए नगद सब गायब थे। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है।

मोदी के 12 वर्षों में भारत ने विकास और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित किए : सीएम

प्रात : किरण संवाददाता

नौबतपुर । गोपाल विद्यार्थी । पटना जिले के नौबतपुर स्थित पिपलावा में भाजपा पटना ग्रामीण द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने सुशासन, सेवा, विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि यह समय विकसित भारत और समृद्ध बिहार के निर्माण हेतु अपने संकल्प को और अधिक मजबूत करने का है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव, बिक्रम विधायक सिद्धार्थ सौरभ, विधानपरिषद सदस्य अनामिका सिंह पटेल, शीला प्रजापति, प्रदेश महामंत्री प्रीति शेखर, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार, पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा, डॉ उषा विद्यार्थी, पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे मुख्यमंत्री ने सभागार स्थल पर वृक्षारोपण किया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार एवं मंच संचालन तेजनारायण शर्मा ने किया। वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सम्मेलन में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिकल 370 की समाप्ति, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और सीतामढ़ी में माता जानकी के 1000 करोड़ की लागत से बन रहे विराट मंदिर-कॉरिडोर, जो 2029 से पहले बनकर तैयार हो जाएगा ये सब मोदी जी के संकल्प की शक्ति है। बिहार में डबल इंजन सरकार हर घर को सशक्त कर रही है। घर की छत से बिजली उत्पादन कर मुफ्त बिजली हेतु सोलर प्लेट योजना, विधवा वृद्धा पेंशन को बढ़ाकर 1100 रुपये, बिहटा में नया एयरपोर्ट, बिक्रम में ट्रामा सेंटर बनकर तैयार, गांव-गांव तक पीएनजी गैस पाइपलाइन, नौबतपुर लॉक पर ब्रिज का काम शुरू और रैपिड रेल की शुरूआत, ये सब बिहार को नई गति दे रहे हैं।

फतुहा में 22-23 जून को अतिक्रमण हटाओ अभियान कचरा प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण पर जोर

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। नगर परिषद की मुख्य पार्षद रूपा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि 22 और 23 जून को शहर के मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, छोटी लाइन तथा पुरानी चौक बाजार सहित प्रमुख क्षेत्रों में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। साथ ही घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नए ठेला गाड़ी और डस्टबिन की खरीदारी की मंजूरी दी गई। नगर परिषद ने बिना तिरपाल ढंके बालू ढुलाई करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया है। मिनी बायपास के समीप दानरो नदी किनारे कचरा डंपिंग की समस्या के समाधान के लिए एक माह के भीतर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का दावा किया गया है। इसके अलावा खुले में कचरा फेंकने या जलाने वालों पर मौके पर जुमार्ना लगाने का निर्देश भी दिया गया, ताकि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके।

टाटा मोटर्स की अधिकृत डीलरशिप बुद्धा शक्तिप्राइवेट लिमिटेड की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। नरैना फोरलेन स्थित टाटा मोटर्स की अधिकृत वाणिज्यिक वाहन डीलरशिप बुद्धा शक्ति प्राइवेट लिमिटेड की पहली वर्षगांठ बुधवार को उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कंपनी ने टाटा मोटर्स द्वारा प्रदान किए गए प्रतिष्ठित ह्लबेस्ट डेब्यूटेंट डीलर अवॉर्डह्व की उपलब्धि को ग्राहकों एवं आम लोगों के साथ साझा करते हुए अपने सफल प्रथम वर्ष का जश्न मनाया। कार्यक्रम के दौरान टाटा मोटर्स के तीन नए वाणिज्यिक वाहन मॉडल–टाटा सिग्ना 4932, टाटा प्राइमा 5532 और टाटा अजुरा–का भी शुभारंभ किया गया। समारोह में टाटा मोटर्स के वरिष्ठ अधिकारी, चैनल वित्तीय साझेदार, प्रमुख ग्राहक, परिवहन व्यवसायी, लॉजिस्टिक्स उद्यमी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि तथा कंपनी के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बुद्धा शक्ति प्राइवेट लिमिटेड को यह सम्मान टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन के हाथों प्रदान किया गया था। इस अवसर पर कंपनी प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि ग्राहकों के विश्वास, कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और टाटा मोटर्स के निरंतर सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने कंपनी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

बिहार के सीमेंट बाजार में बड़ा बदलाव, स्टार सीमेंट ने जलमार्ग से भेजी पहली खेप

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार के निर्माण क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत में मजबूत पहचान रखने वाली स्टार सीमेंट कंपनी ने बिहार में अपने कारोबार के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी उत्तर बिहार के साथ-साथ अब दक्षिण बिहार में भी अपनी आपूर्ति व्यवस्था और वितरण नेटवर्क को तेजी से मजबूत कर रही है। पटना सहित राज्य के अधिकांश प्रमुख जिलों में भंडारण केंद्र खोलने की प्रक्रिया चल रही है, जिससे सीमेंट विक्रेताओं और उपभोक्ताओं में उत्साह का माहौल है। विशेष बात यह है कि स्टार सीमेंट ने पहली बार जलमार्ग के माध्यम से बड़े मालवाहक जलपोत से सीमेंट की खेप बिहार भेजी है। यह जलपोत असम के गुवाहाटी स्थित पांडु बंदरगाह से रवाना होकर 18 जून 2026 को पटना के गायघाट पहुंचा। कंपनी के बिहार परिवहन एवं आपूर्ति प्रमुख चंदन कुमार ने बताया कि यह पहल न केवल आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूत बनाएगी, बल्कि परिवहन लागत कम करने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होगी। कंपनी के विस्तार से राज्य में परिवहन, विपणन और वितरण क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, स्टार सीमेंट की यह एंट्री बिहार के सीमेंट बाजार में एक बड़े बदलाव के रूप में देखी जा रही है। इस अवसर पर बिहार बिक्री प्रमुख शुभांकर दास, श्यामल चक्रवर्ती, निशांत, संजय दत्ता, मनीष और आनंद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

रेल मंत्री एवं बिहार के मुख्यमंत्री

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मऊ एक्सप्रेस का करेगें शुभारम्भ

पटना/गोरखपुर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री, बिहार सरकार सम्राट चौधरी 19 जून,2026 को छपरा जं. स्टेशन पर आयोजित समारोह में छपरा-दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनस)-छपरा एक्सप्रेस तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 65121/65122 दोहरीघाट-औंड़िहार-दोहरीघाट ट्रेन सेवा का वाराणसी सिटी तक मार्ग विस्तार, मऊ-दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनस)-मऊ एक्सप्रेस तथा का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर करेंगे। छपरा जं. स्टेशन पर आयोजित समारोह में सांसद, सारण राजीव प्रताप रूडी, सांसद, महाराजगंज जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सदस्य विधान परिषद वीरेन्द्र नारायण यादव, माननीय सदस्य विधान परिषद आफाक अहमद, सदस्य विधान परिषद सच्चिदानंद राय, विधायक छोटी कुमारी तथा मऊ जं. स्टेशन पर आयोजित समारोह में नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार / अरविन्द कुमार शर्मा, माननीय सांसद, घोसी राजीव राय की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा। इसके अतिरिक्त 19 जून,2026 को बिहार के मढ़ौरा लोको प्लांट में आयोजित एक समारोह में माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री, बिहार सरकार / सम्राट चौधरी इस लोको मोटिव फैक्टरी से गिनी गणराज्य को निर्यात होने वाले 51वें रेल इंजन (WDG4G) को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर छपरा जं. स्टेशन पर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर, महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे श्री छत्रसाल सिंह, मंडल रेल प्रबन्धक, वाराणसी तथा मऊ जं. स्टेशन पर अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ रेल अधिकारी तथा क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहेंगे।

महंगाई, बेरोजगारी और अपराध के खिलाफ राजद का धरना, फतुहा से सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के आह्वान पर बुधवार को पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पर महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ते अपराध, हत्या, लूट, दुष्कर्म एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पटना जिला राजद अध्यक्ष दीनानाथ यादव ने की। धरने में बिहार प्रदेश राजद अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। फतुहा प्रखंड राजद अध्यक्ष अरविंद यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता धरना स्थल पहुंचे। धरने को संबोधित करते हुए अरविंद यादव ने बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, अपराधी बेलगाम हो चुके हैं, छात्र-छात्राएं रोजगार के लिए भटक रहे हैं और महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई चरम पर है और सरकार जनता की समस्याओं के समाधान में विफल साबित हो रही है। धरना कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं फतुहा के स्थानीय विधायक डॉ. रामानंद यादव, प्रदेश प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी, विधान परिषद सदस्य मुन्नी रजक सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर भोला सिंह, महेंद्र यादव, संतोष कुमार, मल्लू चौधरी, मुनेश्वर यादव, सुजीत कुमार, शंकर यादव, राजवल्लभ यादव, राधेश्याम, विभू सिंह पटेल, गुड्डू कुमार, अफरोज अख्तर, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, मृत्युंजय कुमार, गनौरी यादव, धर्मवीर कुमार, राजीव कुमार सुगौली, शिवेन्द्र तांती समेत बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शाहजहांपुर लूटकांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार हथियार, नकदी व लूटा गया सामान बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में 12 जून की रात हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी-2 संजीव कुमार एवं थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कांड संख्या 68/26 में दर्ज मामले की जांच के दौरान गठित विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान, गुप्त सूचना और लगातार छापेमारी के आधार पर मरांची थाना क्षेत्र के नदौल गांव से रोनी चौधरी उर्फ रौनी सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रोशन कुमार उर्फ अभिषेक कुमार, रोनी उर्फ कौशल, रंजय कुमार, गोपाल कुमार और राजा कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, दस मोबाइल फोन, एक टैब, एक अपाचे मोटरसाइकिल, 38 हजार 500 रुपये नकद तथा एक पल्सर 220 मोटरसाइकिल बरामद की है। डीएसपी ने बताया कि बरामद सामानों की पहचान और मामले के अन्य पहलुओं की जांच जारी है, जबकि आरोपियों के आपराधिक इतिहास का भी सत्यापन कराया जा रहा है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने इसे अपराध नियंत्रण की दिशा में एक बड़ी सफलता बताया है।

जमीनी विवाद में एक पक्ष के दो लोगों को मारपीट कर किया जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। शाहपुर नगर के अंतर्गत हाई स्कूल स्थित तुरहा टोली में जमीनी विवाद में एक पक्ष के दो लोगों को मारपीट कर जख्मी कर दिया। घटना के आरोपी सपरिवार फरार है। दोनों जख्मी का अनुमंडलीय अस्पताल में उपचार कराया गया। पीड़ित शुभम आदित्य ने लिखित शिकायत करते हुए दीपक कुमार,रीतिक कुमार व उसके पिता देवेन्द्र सिंह समेत अन्य को आरोपित किया है।शुभम ने बताया कि हमारे जमीन पर सभी आरोपी झोपड़ी देने पहुंची।तब दादी गाजमति देवी विरोध करने पहुंचे तो सभी मारपीट करने लगे। लोगों ने मारपीट करने की खबर हमको दिया।जब हम पहुंचे तो सभी हमारे साथ मारपीट किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रू है। आर्मी पब्लिक स्कूल में नौसैनिकों-वायु सैनिकों के बच्चों को नामांकन में प्रथम प्राथमिकता देने की मांग की गई। दानापुर नगर के अंतर्गत नेशनल एक्स-सर्विसमेन को-ऑर्डिनेशन कमिटी के एक शिष्टमंडल ने आर्मी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन की अनुपस्थिति में ले.कर्नल ए.के. सिंह से मिला। कमिटी के राष्ट्रीय चेयरमैन पेटी ऑफिसर अशोक कुमार सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष जनार्दन सिंह ने बताया कि आर्मी पब्लिक स्कूल दानापुर में नौसैनिकों-वायु सैनिकों के बच्चों एवं आश्रित पोते-पोतियों को नामांकन में प्रथम प्राथमिकता देने की मांग की गई।

भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर ओआरएस और पारासिटामोल की उपलब्धता अनिवार्य

- राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा दिया गया निर्देश
- समेकित बाल विकास विभाग से समंवय स्थापित कर सुनिश्चित की जा रही उपलब्धता

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जिला सहित राज्य में भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है. अब राज्य के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर नमित बच्चों को मौसम के प्रतिकूल प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं समेकित बाल विकास विभाग के समंवय से ओ.आर.एस. पैकेट और पारासिटामोल सिरप उपलब्ध कराया जा रहा है. इस बाबत राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार से आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं. जारी निर्देश के अनुसार सभी संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों पर दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं समेकित बाल विकास विभाग समंवय स्थापित कर काम करेंगे. मालुम हो कि एईएस की रोकथाम एवं शीघ्र उपचार की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जिलों के सभी आशा कार्यकताओं के अलावा आंगनवाड़ी सेविकाओं को भी ओ.आर.एस और पारासिटामोल उपलब्ध कराने निर्देश पहले दिया जा चुका है. दवाओं की आपूर्ति प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के औषधि भंडार से भेजा जाए. जारी निर्देश के अनुसार सिविल सर्जन द्वारा प्रखंडवार आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या के अनुसार जिला औषधि भंडार से प्रभारी चकित्सा पदाधिकारी की निगरानी में संबंधित प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा जाए. प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आईसीडीएस के संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं से समंवय कर जरुरत के अनुसार ओ.आर.एस और पारासिटामोल सिरप उपलब्ध कराया जाएगा. साथ ही दवाओं की खपत का विवरण प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक किया जाएगा. जिला स्तर पर आपूर्ति, वितरण एवं खपत का अनुश्रवण जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा, ताकि लाभार्थियों तक दवाओं का वितरण सुनिश्चित किया जा सके. डायरिया के लक्षण को न करे नजरंदाज इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान के शिशु रोग विभाग के प्रोफेसर रिजवान अहमर ने बताया की बढ़ती गर्मी में बच्चों में डायरिया का प्रकोप बढ़ जाता है. उन्होंने बताया की एक दिन में तीन या चार से अधिक बार पतला पानी जैसा मल होना डायरिया के लक्षण है और डायरिया के लक्षण दिखने पर नजर अंदाज न करें. डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर ओआरएस का घोला लगातार देना चाहिए. ओआरएस घोल देने के बाद भी सुधार न हो तो बच्चे को तत्काल स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराए. उन्होंने लोगों से अपील किया बच्चों को धूप से बचाए और सूती कपड़ा पहनाए.

एक छात्र का संदिग्धावस्था में पंखे से झुलता शव बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर । शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मठियापुर शेखुचक स्थित छात्रावास में छात्र कासंदिग्धावस्था में पंखे से झुलता शव पुलिस ने बरामद किया। मृतक की पहचान बांका के लोहारिया निवासी हरिकिशोर यादव के पुत्र आशीष रंजन 18 के रूप में किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त समाचार के अनुसार मृतकआशीष रंजन शाहपुर के मठियापुर शेखुचक स्थित छात्रावास में रहकर नर्सिंग की पढ़ाई करता था। आशीष छात्रावास के चौथे तल्ले पर बने कमरे में रहता था। बुधवार की रात में उसके परिजन ने छात्रावास के गार्ड को फोन कर सूचना दी कि आशीष फोन नहीं उठा रहा है। जिसके बाद गार्ड जब ऊपर गया उसके कमरे के पास पहुंचा। तो कमरा खुला था और आशीष पंखे से चादर के सहारे झूलता मिला। इसके बाद स्थानीय थाना को खबर की। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि चादर से फंदा डाल पंखे से झूलता अवस्था में आशीष का शव मिला। उसके कमरे के दरवाजे खुले थे। शव के पास से उसका मोबाइल पड़ा था। जिसे जप्त छानबीन की जा रही है। कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का सही पता चल पाएगापोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

नदी थाना पुलिस की दोहरी कार्रवाई, 38 .6 लीटर शराब बरामद, महिला समेत दो गिरफ्तार

फतुहा। नदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान कुल 38.6 लीटर शराब बरामद करते हुए एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।पहली कार्रवाई में पुलिस ने ग्राम सम्मसपुर में छापेमारी कर 5.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। मौके से मीना देवी (करीब 45 वर्ष), पिता स्वर्गीय राजकुमार चौरसिया, निवासी ग्राम सम्मसपुर, थाना नदी, जिला पटना को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई में ग्राम मौजीपुर में छापेमारी कर 33 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई। इस मामले में रोहण कुमार (27 वर्ष), पिता स्वर्गीय शंकर राय, निवासी ग्राम मौजीपुर, थाना नदी, जिला पटना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। नदी थाना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

पालीगंज पियरपुरा थाने में शांति समिति की हुई बैठक

पटना। पालीगंज पियरपुरा थाने में मुहर्रम पर्व को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को पटना जिले के पियरपुरा थाने में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पियरपुरा थानाध्यक्ष पूजा राठी ने किया। मौके पर मौजूद लोगो से उन्होंने इलाके की स्थिति के बारे में जानकारियां लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। वही मौजूद लोगों ने भी उन्हें क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया। उसके बाद थानाध्यक्ष ने बतायी कि आगामी 26 जून को सभी इलाके में मुहर्रम पर्व मनाई जाएगी। इस दौरान लोगो से इलाके में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। साथ ही उन्होंने बताई की पर्व खुशी का पैगाम लेकर आती है, इसे खुशी पूर्वक शांति माहौल में मनाएं। जुलूस के दौरान डीजे या शांति ब्यवस्था भंग करनेवाली गतिविधियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगी। यदि कही अप्रिय घटना की संभावना महसूस होती है तो समय से पूर्व इसकी सूचना पुलिस को दीजिये ताकि उसे पूर्व में ही नियंत्रित किया जा सके। वही उन्होंने सभी लोगो से कही की जाती धर्म से उठकर क्षेत्र में शांति ब्यवस्था कायम रखने में पुलिस को सहयोग करें। पुलिस हमेशा आपकी सेवा में उपस्थित है और रहेगी। मौके पर थानाध्यक्ष पूजा राठी, कृष्णकांत यादव, संतोष कुमार, पूर्व मुखिया चंदन कुमार, पूर्व मुखिया पति बिनोद कुमार, पत्रकार वेद प्रकाश, पंकज कुमार, नीतीश कुमार, कंचन यादव, सहजानन्द यादव, सुधीर कुमार, अरुण कुमार, मनमोहन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जामुन तोड़ रहे किशोर पर कुदाल से हमला

प्रात : किरण संवाददाता

दनियावां। शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के जीवनचक गांव में बुधवार की शाम रविकांत कुमार(11) नामक किशोर पर जामुन तोड़ने को लेकर स्थानीय युवक अमरेश कुमार ने कुदाल से हमला कर दिया। जिसमें रविकांत कुमार के हाथ कुदाल से जख्मी हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 की टीम ने घायल बालक को प्राथमिक उपचार के लिए दनियावां पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से बेहतर उपचार के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। पुलिस में मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

सत्यदर्शी संजय को बिहार राज्य का नया महाधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर डॉ प्रेम कुमार ने दी बधाई

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना उच्च न्यायालय के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यदर्शी संजय (एस. डी. संजय) को बिहार राज्य का नया महाधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर उन्हें आत्मीय बधाई और अनंत शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि माननीय राज्यपाल द्वारा आपकी यह नियुक्ति आपकी उत्कृष्ट विधिक समझ, निष्ठा और न्याय के प्रति आपके दीर्घकालिक समर्पण का प्रमाण है। भारत सरकार के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में देश की सर्वोच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) में आपकी सेवाएं और पटना हाईकोर्ट में आपका लंबा व समृद्ध पेशेवर अनुभव इस गरिमामयी पद की गरिमा को और बढ़ाएगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके नीतिगत और विधिक मार्गदर्शन में बिहार सरकार के विधिक मामलों को एक नई दिशा मिलेगी और न्यायिक क्षेत्र में राज्य का पक्ष पूरी मजबूती व पारदर्शिता के साथ रखा जाएगा। मैं आपके सफल, यशस्वी और लोक-कल्याणकारी कार्यकाल के लिए ईश्वर से कामना करता हूँ।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष ने दी बधाई

पटना। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय, यशस्वी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू का जीवन संघर्ष, सादगी, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है।

ए एन कॉलेज परिसर में अनुग्रह नारायण की जयंती सह स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री हुए शामिल

एएन कॉलेज परिसर स्थित थाने को 10 दिनों के अंदर दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जायेगा : सम्राट

- बोलें- एएन कॉलेज पटना का बेस्ट कॉलेज बने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाये

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एएन कॉलेज परिसर में अनुग्रह जयंती सह स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने अनुग्रह वाटिका में बिहार विभूति डॉ अनुग्रह नारायण सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही अनुग्रह वाटिका में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर एएन कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अनुग्रह बाबू के 139वें जयंती के अवसर पर तथा ए एन कॉलेज के 70 वर्ष पूरा होने पर आयोजित अनुग्रह जयंती-सह-स्थापना दिवस समारोह में आने का अवसर मिला है। आज के इस अवसर पर महान विभूति डॉ अनुग्रह नारायण सिंह को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि ए एन कॉलेज की पटना में अपनी अलग पहचान रही है।

बिहार के बच्चे बिहार में ही उच्च शिक्षा ग्रहण करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार तेजी से तरक्की कर रहा है लेकिन बिहार को और आगे बढ़ना है, इसके लिये सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी। सभी स्कूलों में शिक्षा की गुणवता को और बेहतर करना है। जैसा कि मांग की गयी है उसके अनुरूप एएन कॉलेज को डिम्ड/ओपेन यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित करना है। एएन कॉलेज परिसर में सुरक्षा की दृष्टिकोण से थाना बनाया गया था। सभी की मांग के अनुरूप इस थाने को 10 दिनों के अंदर यहां से दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जायेगा। एक और मांग थी कि इस परिसर में भवन निर्माण विभाग की जमीन है, जल्द ही वह जमीन एएन कॉलेज को सौंप दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि एएन कॉलेज में खूब अच्छी पढ़ाई हो। मेरा सपना तब पूरा होगा, जब एएन कॉलेज पटना का बेस्ट कॉलेज बनेगा, राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायेगा। सरकार से इस कॉलेज को हरसंभव सहयोग मिलता रहेगा।

15 दिनों में विक्रमशिला विश्वविद्यालय के लिये जमीन का अधिग्रहण हो जायेगा: मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है। विक्रमशिला विश्वविद्यालय को पुनर्स्थापित करने के लिये हमलोग तेजी से काम कर रहे हैं। 15 दिनों में जमीन का अधिग्रहण हो जायेगा और अगले एक वर्ष में विक्रमशिला विश्वविद्यालय को पुनर्स्थापित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में प्रतिभा की कमी नहीं है। हमारे बच्चे पूरे देश में अपना नाम रौशन कर रहे हैं। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी है कि बिहार के बच्चे बिहार में ही पढ़ाई करें और उच्च शिक्षा ग्रहण करें। हमलोग सभी प्रखण्डों में जुलाई माह से मॉडल स्कूल स्थापित करने जा रहे हैं, जहां बच्चे गुणवतापूर्ण शिक्षा ग्रहण करेंगे। 14 करोड़ बिहारियों के लिये सब कुछ करेंगे। विश्वविद्यालय खोलने के लिये जमीन की कोई कमी नहीं है। विश्वविद्यालय खोलने से संबंधित जो भी फाइल जमीन को लेकर अटके हुये थे, उस पर हमने सहमति दे दी है। बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है। टॉप यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू कर यहां की यूनिवर्सिटी को और गुणवतापूर्ण बनाना है।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ उपेन्द्र प्रसाद सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, एएन कॉलेज की प्राचाया रत्ना अमृत ने भी संबोधित किया। एएन कॉलेज की प्राचार्या रत्ना अमृत ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षाविद् एवं एएन कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

बिहार विभूति डॉ अनुग्रह नारायण सिंह को उनकी जयंती पर किया गया नमन

सीएम सम्राट ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार विभूति स्व डॉ अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। बिहार विधानमंडल परिसर स्थित डॉ अनुग्रह नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शत-शत नमन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी, समाज कल्याण मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता, गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार, विधायक श्याम रजक, विधायक माधव आनंद, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी बिहार विभूति डॉ अनुग्रह नारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।

भू-अर्जन कार्यों में नहीं चलेगी ढिलाई, तय होगी जवाबदेही : दिलीप

- 349 परियोजनाओं की प्रगति पर राजस्व मंत्री की सीधी नजर
- नियमित समीक्षा और एमआईएस मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य में संचालित विकासात्मक परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को और अधिक गति देने के उद्देश्य से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने गुरुवार को विभागीय अधिकारियों के साथ प्रमंडलवार भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य की महत्वपूर्ण सड़क, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे और अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं में भू-अर्जन से जुड़ी किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि राज्य में वर्तमान में उपरोक्त से संबंधित 349 भू-अर्जन परियोजनाएं संचालित हैं, जिनके लिए 45,748 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है और प्रभावित रैयतों को 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि भुगतान करने को उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने प्रमंडलों में भू-अर्जन कार्यों की मासिक समीक्षा करें और जिन परियोजनाओं में किसी प्रकार की बाधा या विलंब हो, उसका समाधान जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल करें। मंत्री ने कहा कि विकास परियोजनाओं की प्रगति सीधे तौर पर भू-अर्जन की गति पर निर्भर करती है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक भू-अर्जन परियोजना की अद्यतन स्थिति नियमित रूप से एमआईएस पोर्टल पर दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य मुख्यालय से अब परियोजनाओं की ऑनलाइन निगरानी और अधिक सघन रूप से की जाएगी तथा आंकड़ों में किसी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया जाएगा। बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह, सचिव सीमा त्रिपाठी, अपर सचिव प्रशांत सीएच, निदेशक भू-अर्जन कमलेश कुमार सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बामेती में आज से शुरू होगा तीन दिवसीय आम महोत्सव

व्यापारियों और निर्यातकों से किसानों के जोड़ने का अवसर बनेगा आम महोत्सव : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती) पटना परिसर में शुक्रवार से तीन दिवसीय आम महोत्सव की शुरूआत हो रही है, जो कि 21 जून तक चलेगा। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बिहार की सुगंधित मिट्टी में उपजे फलों के राजा आम को समर्पित लोकप्रिय आम महोत्सव 2026 का आयोजन कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य किसानों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, व्यापारियों तथा निर्यातकों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।

यह महोत्सव किसानों को सीधे राष्ट्रीय स्तर के बड़े व्यापारियों एवं निर्यातकों से जोड़ने का अवसर बनेगा। इससे किसानों को बेहतर बाजार मिलेगा।

महोत्सव के प्रमुख आकर्षण

आम महोत्सव में आधुनिक तकनीकों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। आम के कीट एवं रोगों की पहचान के लिए प्लांटिक्स ऐप का लाइव डेमो प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे किसानों को समय पर निदान एवं समाधान की जानकारी प्राप्त होगी। इस महोत्सव में बच्चों और परिवारों के मनोरंजन के लिए विशेष प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। कृषि विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में आगंतुक विभिन्न किस्मों के ताजे एवं स्वादिष्ट आम का आनंद लेने के साथ-साथ उन्हें खरीद भी सकेंगे।

निशांत की दूरदर्शी सोच से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा विस्तार : उमेश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि स्वास्थ्य मंत्री निशांत की दूरदर्शी सोच और जनकल्याणकारी पहल के कारण राज्य में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। एनडीए सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार का कोई भी नागरिक बेहतर इलाज से वंचित न रहे और हर परिवार को सुलभ, सस्ती एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों। श्री कुशवाहा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर जिला अस्पतालों सहित विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक संसाधनों से सशक्त बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार उपलब्ध कराना तथा रेफरल की आवश्यकता को न्यूनतम करना है। उन्होंने कहा कि पीएमसीएच में 24 घंटे एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी जांच सुविधाएँ शुरू करने की पहल स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। इससे मरीजों एवं उनके परिजनों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी तथा गंभीर रोगियों को समय पर आवश्यक उपचार उपलब्ध हो सकेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक टोल प्लाजा पर एम्बुलेंस सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में स्वास्थ्य मंत्री गंभीरतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

राज्य में जल्द होगा बिहार राज्य विपणन सहकारी फेडरेशन का गठन

- सहकारिता विभाग ने जारी की अधिसूचना

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य में सहकारिता आधारित व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही बिहार राज्य विपणन सहकारी फेडरेशन लिमिटेड का गठन होने जा रहा है। सहकारिता विभाग के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य स्तरीय इस फेडरेशन का गठन प्रमंडल स्तरीय विपणन सहकारी संघों, व्यापार मंडल सहयोग समितियों तथा अन्य केंद्रीय सहकारी संस्थाओं को एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। फेडरेशन किसानों, उत्पादक समूहों एवं सदस्य सहकारी संस्थाओं द्वारा उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं के संग्रहण, भंडारण, प्रसंस्करण, परिवहन, वितरण एवं विपणन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

इससे उत्पादकों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने गुरुवार को कहा है कि बिहार राज्य विपणन सहकारी फेडरेशन का गठन राज्य के सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम है। इससे किसानों, उत्पादक समूहों और सहकारी संस्थाओं को अपनी उपज एवं उत्पादों के विपणन के लिए एक सशक्त राज्य स्तरीय मंच प्राप्त होगा। फेडरेशन की अधिकृत अंश पूंजी 500 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। प्रत्येक शेयर का मूल्य 20 हजार रुपये तथा सदस्यता शुल्क 1,000 रुपये निर्धारित किया गया है। फेडरेशन की सदस्यता प्रमंडल स्तरीय विपणन सहकारी संघों, व्यापार मंडल सहयोग समितियों, केंद्रीय सहकारी समितियों एवं केंद्रीय सहकारी बैंकों के लिए उपलब्ध होगी।

इसके निदेशक मंडल में होंगे 17 सदस्य

फेडरेशन का निदेशक मंडल कुल 17 सदस्यों का होगा, जिसमें एक अध्यक्ष, 13 निर्वाचित निदेशक तथा 3 पदेन या नामित निदेशक शामिल होंगे। अध्यक्ष का निर्वाचन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किया जाएगा तथा अध्यक्ष पद अनारक्षित रहेगा। निदेशक मंडल में प्रमंडल स्तरीय विपणन संघों, व्यापार मंडल सहयोग समितियों एवं केंद्रीय सहकारी समितियों को समुचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया है। साथ ही सहकारिता प्रशासन एवं विपणन क्षेत्र के विशेषज्ञों को भी निदेशक मंडल में स्थान दिया जाएगा। सहकारिता विभाग के स्तर से जारी अधिसूचना के अनुसार निदेशक मंडल की संरचना को और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण एवं सहभागी बनाया गया है।

नीतीश कुमार को लेकर राजद सुप्रीमो का बयान राजनीति से प्रेरित : अशोक

- जनसुनवाई में मंत्री डॉ अशोक चौधरी, डॉ श्वेता गुप्ता एवं मदन सहनी ने सुनीं आमजनों की समस्याएँ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सूबे के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री डॉ अशोक चैधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा दिया गया बयान पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि आवास एवं सुरक्षा से जुड़े सभी निर्णय सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप लिए जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बढ़ती उम्र के प्रभाव में लालू प्रसाद यादव इस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार अपराध और अपराधियों के प्रति शुरू से ही जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। मंत्री उक्त बातें बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कही।

बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून प्रभावी रूप से लागू : कार्यक्रम में मंत्री मदन सहनी ने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून प्रभावी रूप से लागू है और इसको सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है तथा कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

अंतिम पंक्ति तक विकास पहुंचाना एनडीए सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

इस अवसर पर मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता ने कहा कि एनडीए सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नीतीश कुमार के सुशासन और समावेशी विकास के विजन के अनुरूप राज्य के हर वर्ग और हर क्षेत्र तक विकास की रोशनी पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे पहले जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्रीगण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विधिसम्मत, पारदर्शी एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस इस अवसर पर संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, लोकप्रकाश सिंह एवं अरविंद कुमार सिंह छोटू सिंह भी उपस्थित रहे।

जड़ों से जुड़ रहा हिंदुस्तान, यही है नए भारत की पहचान : सरावगी

- मोदी सरकार के 12 वर्षों में संस्कृति, विरासत और आस्था को मिला नया गौरव

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों, विरासत और आस्था को भी नई पहचान और गौरव प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि जड़ों से जुड़ रहा हिंदुस्तान, यही है नए भारत की पहचान का संकल्प आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। आज अयोध्या राम मंदिर से लेकर काशी विश्वनाथ धाम, केदारनाथ मंदिर से लेकर महाकुंभ 2025 तक देश अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सहेजते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ मजबूती से खड़ा है और देश में 44 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हमारी समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश की धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को वैश्विक पहचान दिलाने में भी उल्लेखनीय सफलता मिली है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अब तक 26 करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी रही है, जबकि महाकुंभ 2025 में 66 करोड़ श्रद्धालुओं की सहभागिता ने विश्व को भारत की आध्यात्मिक शक्ति का परिचय कराया है। अंत में संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के ये 12 वर्ष केवल विकास के नहीं, बल्कि विश्वास, सांस्कृतिक गौरव, विरासत संरक्षण और जनकल्याण के भी 12 स्वर्णिम वर्ष हैं।

पिछले 10 वर्षों में राज्य में 41.56 लाख गरीबों के बने आवास : श्रवण

- ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री ने दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार में गरीबों खासकर हासिए पर जीवन बसर करने वाले बेघरों को आवास देने में उल्लेखनीय उपसब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2016-17 से अब तक यानी 10 वर्षों में राज्यभर के 41 लाख 56 हजार 46 लाभुकों के लिए पक्के मकान तैयार हो गए हैं। इस अवधि में 49 लाख 9 हजार 806 लाभुकों के आवास स्वीकृत किए गए थे। स्वीकृत आवास की तुलना में 85 फीसदी से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं। यह जानकारी ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माननीय मंत्री श्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। मंत्री ने कहा कि इन 10 वर्षों में 49 लाख 18 हजार 99 आवास बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके मुकाबले 49 लाख 9 हजार 806 लाभुकों के आवास स्वीकृत किए गए। इसमें 48 लाख 57 हजार 251 लाभुकों को प्रथम किस्त, 45 लाख 97 हजार 384 लाभुकों को दूसरी किस्त और 42 लाख 5 हजार 858 लाभुकों को तीसरी किस्त की राशि दी जा चुकी है।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दूसरे चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए प्राप्त कुल लक्ष्य 12 लाख 16 हजार 961 के विरूद्ध अब तक 12 लाख 9 हजार 258 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दे दी गई है। इसमें 11 लाख 57 हजार 637 लाभुकों को प्रथम, 9 लाख 26 हजार 909 लाभुकों को दूसरी और 5 लाख 51 हजार 157 लाभुकों को तीसरी किस्त की राशि दी जा चुकी है। इसमें 4 लाख 93 हजार 658 लाभुकों ने आवास निर्माण पूर्ण कर लिया है। यानी इतने कम समय में कुल लक्ष्य में एक-तिहाई से अधिक आवास बनकर तैयार हो गए हैं। वहीं, इसी योजना के पहले चरण में वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक आवास निर्माण के लिए निर्धारित भौतिक लक्ष्य 37 लाख 1138 के मुकाबले 37 लाख 548 लाभुकों को आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इसमें 36 लाख 99 हजार 614 लाभुकों को पहली, 36 लाख 70 हजार 475 को दूसरी और 36 लाख 54 हजार 701 लाभुकों को तीसरी किस्त की राशि दी जा चुकी है। इसमें अब तक 36 लाख 62 हजार 388 लाभुकों ने आवास का निर्माण करा लिया है। यानी कुल लक्ष्य का 98 फीसदी से अधिक लोगों ने अपने आवास तैयार कर लिए हैं।

आईजीआईएमएस में एआई आधारित रॉबोटिक्स थेरेपी मरीजों के लिए बना वरदान : निशांत

- एआई आधारित रोबोटिक्स फिजियोथेरेपी से स्पाइन व पैरालाइसिस मरीजों को मिल रहा नया जीवन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को अत्याधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। इसी कड़ी में पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में 4 महीने पहले शुरू की गई एआई आधारित रोबोटिक्स फिजियोथेरेपी सेवा स्पाइन, स्ट्रोक और पैरालाइसिस से पीड़ित मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। ज्ञातव्य है कि इस मशीन को 60 लाख रुपये की लागत से आईजीआईएमएस में स्थापित किया गया है, इस अत्याधुनिक रोबोटिक्स मशीन के माध्यम से मरीजों को आधुनिक फिजियोथेरेपी उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस तकनीक से मरीजों की रिकवरी पहले की तुलना में अधिक तेज और प्रभावी ढंग से हो रही है। यह विशेष रूप से लकवा, पैरालाइसिस, स्ट्रोक तथा रीढ़ की गंभीर चोट से पीड़ित मरीजों के उपचार में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। पूर्व में फिजियोथेरेपी तकनीक की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के लिए मरीजों को राज्य से बाहर दिल्ली, मुंबई, चेन्नई या वेल्लोर जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता था, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर और मीडिल क्लास परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता था।

अब यह सुविधा बिहार में ही उपलब्ध होने से मरीजों को किफायती दर पर बेहतर इलाज मिल रहा है। पिछले चार महीनों के दौरान 500 से अधिक मरीजों ने रोबोटिक्स फिजियोथेरेपी से लाभ उठाया है और कई मरीज सामान्य जीवन की ओर लौटने में सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह तकनीक बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई क्रांति की शुरूआत है। मंत्री ने कहा कि आईजीआईएमएस में स्थापित वर्चुअल रिहैबिलिटेशन सिस्टम फॉर स्पाइन पेन, स्ट्रोक एवं अन्य प्रकार के पैरालाइसिस के उपचार के लिए विकसित यह तकनीक देश एवं दुनिया के आधुनिक अस्पतालों में उपयोग की जाती रही है। अब बिहार के मरीज भी इस सुविधा का लाभ अपने राज्य में ही उठा रहे हैं। राज्य सरकार का संकल्प है कि बिहार के लोगों को बेहतर, आधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें उपचार के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में ऐसी और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार राज्य के अन्य अस्पतालों में भी किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा पंचायत अध्यक्ष एवं उनकी पत्नी के निधन से शोक की लहर

विभूतिपुर/समस्तीपुर। भारतीय जनता पार्टी के विभूतिपुर पूरब पंचायत अध्यक्ष राजकुमार महतो एवं उनकी धर्मपत्नी संयोगिता उर्फ संयुक्ता देवी का सड़क दुर्घटना में एक साथ निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। दिवंगत दंपति को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उनके आवास पहुंचे। भाजपा की पार्टी ध्वज अर्पित कर तथा पुष्पांजलि के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष शशिधर झा, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार झा, भाजपा नेता अरविंद कुमार कुशवाहा, चंदन कुमार राय, रंजीत राय, सुदीन कुमार, डॉ. मुकेश कुमार सिंह, रामस्वार्थ शर्मा, रवीन्द्र पासवान, संतोष कुमार, सुदीन कुमार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग शामिल थे। भाजपा जिलाध्यक्ष शशिधर झा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राजकुमार महतो एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता, कुशल संगठनकर्ता तथा मिथिला डेयरी के अध्यक्ष के रूप में क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे। कृषि एवं सहकारिता के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उनका असामयिक निधन न केवल भाजपा परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

शिक्षिका के निधन पर शोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के मध्य विद्यालय,मानाराय टोल की शिक्षिका रीना कुमारी का गुरुवार को देहांत हो गया ।वह मधुमेह की बीमारी से पीड़ित थीं। गुरुवार आकस्मिक रूप से हुए हृदयाघात में वह चल बसीं। उनके निधन पर स्थानीय शिक्षकों और प्रखंड शिक्षा कार्यालय में शोक की लहर फैल गयी। शिक्षिका रीना कुमारी और उनके पति शिक्षक राजाराम महतो ने कठिन परिस्थितियों में परिश्रम और धैर्य का परिचय देते हुए परिवार को समृद्ध किया था। निम्न आर्थिक स्थिति के बावजूद उन दोनों ने एक बेटे को बीडीओ और बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी बनाया था। स्थानीय लोग उन्हें प्रेरणा देने वाले दंपति के रूप में सदैव याद रखेंगे ।रीना कुमारी के देहांत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार, प्रखंड शिक्षा कार्यालय के लेखा सहायक योगेश कुमार आदि ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

खेत मे धान का बिचरा गिराने जा रहे दंपति की मौत से गांव में पसरा मातम

विभूतिपुर/समस्तीपुर। गुरुवार की सुबह विभूतिपुर थाना क्षेत्र के विभूतिपुर पूरब स्थित बसेरा बरगद समीप चौबटिया मोड़ चीख-पुकार से गूंज उठा। सड़क पर यत्र -तत्र खून ही खून नजर आ रहा था। एक तरफ से दंपति कुदाल लेकर बाइक पर सवार होकर खेत मे धान के बिछड़े गिराने जा रहे थे तो दूसरी तरफ खानपुर थाना क्षेत्र के अमसौर निवासी टेम्पो पर सवार होकर सिमरिया घाट गंगा स्नान को जा रहे थे और इस बीच बाइक और टेम्पो में जोरदार टक्कर हो गई और तीन लोगों की जीवन लीला समाप्त हो गई। विभूतिपुर पुरब वार्ड-5 निवासी, आदर्श दुग्ध उत्पादक समिति विभूतिपुर के वर्तमान अध्यक्ष, भाजपा के स्थानीय पंचायत अध्यक्ष और विभूतिपुर पूरब पैक्स के वर्ष 2009 में प्रबंधक रहे राज कुमार महतो एक प्रगतिशील किसान थे। इस कृषक दंपति के इस कदर मौत से सम्पूर्ण गांव और दुग्ध समितियों में मातम छाया है। दो परिवार पर टूटा पहाड़, दो पुत्रो ओर तीन पुत्री के सिर से उठा माता पिता का साया मृतक दंपति राज कुमार महतो ओर-संयुक्ता देवी के परिवार पर अचानक पहाड़ टूट गया है। बड़े पुत्र अंकित कुमार का इलाज दिल्ली एम्स में चल रहा है फिलहाल वह वहाँ भर्ती है। छोटा बेटा अनुज कुमार भी भाई की देखरेख में दिल्ली में ही है। घर पर तीन बेटियां सुजाता अनुभा, कविता माता-पिता की मौत से बदहवास हैं। वही दूसरी ओर अमसौर के मृतक हरेराम सहनी के पीछे तीन बेटे महादेव, लक्ष्मण उर्फ पप्पू और तीन बेटियां पार्वती, ममता, समता हैं। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। रोड ब्रेकर बनाने की मांग पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार, समाजसेवी अरविंद कुशवाहा, डॉ मुकेश कुमार सिंह आदि ने बसेरा बरगद समीप चौबटिया मोड़ पर ब्रेकर नहीं है और सड़क किनारे उगी झाड़ियां विजिबिलिटी खत्म कर रही हैं। यहाँ छोटा-छोटा ब्रेकर देने की मांग की। सिमरिया घाट गंगा स्नान को निकली थीं 8 महिलाएं टेम्पो में सवार सभी महिलाएं खानपुर थाना क्षेत्र, नथ्थूद्वार पंचायत अमसौर गांव निवासी थीं। ये सभी तड़के घर से सिमरिया घाट गंगा स्नान के लिए निकली थीं। घायल महिलाओं में हरे राम सहनी की पत्नी पवित्री देवी, उपेंद्र सहनी की पत्नी फुल शंकर देवी, मुकेश सहनी की पत्नी तेतरी देवी, अरुण सहनी की पत्नी गीता देवी, बिंदेश्वर सहनी की पत्नी सुधा देवी, जागेश्वर सहनी की पत्नी अमेरिका देवी, रणजीत सहनी की पत्नी सीता देवी, हरे राम सहनी की पत्नी ममता देवी शामिल है।

लंबित मामलो के निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश विभागीय कार्यो की डीएम ने की समीक्षा

● राजस्व, लोक शिकायत, न्यायिक मामलों एवं विकास योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन पर जोर



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों एवं कोषांगों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, राजस्व वसूली में तेजी तथा जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान कोषागार शाखा से संबंधित लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) एवं डीसी बिलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को अविलंब लंबित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वित्तीय अनुशासन बनाए रखने तथा लेखा संबंधी कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। जिला नीलाम पत्र शाखा की समीक्षा में लंबित वादों के निपटारे एवं राजस्व वसूली की प्रगति में सुधार लाने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को नियमित अनुश्रवण कर मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करना का निर्देश दिया विधि शाखा की समीक्षा के दौरान एलपीए, एमजेसी एवं सीडब्ल्यूजेसी मामलों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने न्यायालय से संबंधित मामलों में समय पर शपथ-पत्र, स्टेटमेंट ऑफ फैक्ट्स एवं अन्य आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए लंबित मामलों की व्यक्तिगत निगरानी करने को कहा।बैठक में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी लोक सूचना पदाधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने तथा अनावश्यक विलंब से बचने का निर्देश दिया इसके अलावा लोक शिकायत निवारण, सेवा-संवाद-समाधान पोर्टल, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बाढ़ नियंत्रण, पश्चिमी कोशी नहर, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन सहित अन्य विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन पर जोर देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा) संतोष कुमार, एडीएम मुकेश रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा शिम्पा ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

वाटसन हाई स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने की पहल ने जगाई नई आस

● विधायक माधव आनंद के प्रयास को मिली प्रशासनिक गति

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। अब बदलेगी वाटसन की तस्वीर, मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की कवायद तेज मधुबनी की शैक्षणिक विरासत और गौरव का प्रतीक ऐतिहासिक वाटसन उच्च विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा विधायक दल के नेता श्री माधव आनंद द्वारा उठाए गए प्रयासों को शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु माध्यमिक शिक्षा निदेशक को प्रस्ताव अग्रसारित कर दिया है।वाटसन उच्च विद्यालय वर्षों से मिथिला की शैक्षणिक पहचान का केंद्र रहा है। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर अनेक विद्यार्थियों ने प्रशासन, न्यायपालिका, शिक्षा, राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। ऐसे में विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की मांग लंबे समय से उठती रही है।ज्ञात हो कि 26 मई 2026 को विधायक श्री माधव आनंद ने बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर विद्यालय के समग्र आधुनिकीकरण का आग्रह किया था। उन्होंने विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, खेल सुविधाएं तथा उन्नत आधारभूत संरचना विकसित करने की मांग रखी थी, ताकि मधुबनी के विद्यार्थियों को महानगरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने जिले में ही उपलब्ध हो सके। शिक्षा विभाग से प्राप्त पत्र के अनुसार विधायक द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को आवश्यक कार्रवाई के लिए निदेशक (माध्यमिक शिक्षा), बिहार, पटना को भेज दिया गया है। इसे मधुबनी के विद्यार्थियों अभिभावकों और पूर्ववर्ती छात्रों की वर्षों पुरानी आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है इस संबंध में विधायक श्री माधव आनंद ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि मधुबनी की प्रतिभाएं किसी भी स्तर पर कम नहीं हैं, आवश्यकता केवल बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराने की है। यदि वाटसन उच्च विद्यालय मॉडल स्कूल के रूप में विकसित होता है तो यह केवल एक संस्थान का विकास नहीं होगा, बल्कि पूरे जिले के शैक्षणिक भविष्य को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम साबित होगा।उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि मधुबनी के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए जिले से बाहर जाने की मजबूरी न हो तथा यहां ऐसी शैक्षणिक व्यवस्था विकसित हो जिस पर पूरे बिहार को गर्व हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षा, युवाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को वे निरंतर सरकार के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे।

संघर्ष से सफलता तक: विश्वकर्मा योजना के सहारे संगीता बनीं आत्मनिर्भर उद्यमी

मधुबनी। सरकारी योजनाओं का सही लाभ और दृढ़ इच्छाशक्ति किसी भी व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। इसका जीवंत उदाहरण मधुबनी जिले के खजौली प्रखंड की निवासी संगीता कुमारी है, जिन्होने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मिली आर्थिक सहायता से रेडीमेड गारमेंट्स व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है ।संगीता कुमारी को ग्राम पंचायत के मुखिया के माध्यम से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी मिली। योजना के तहत आवेदन करने के बाद उन्हें एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इस राशि से उन्होंने रेडीमेड गारमेंट्स निर्माण इकाई स्थापित की और शर्ट, टी-शर्ट, फ्रॉक सहित विभिन्न प्रकार के वस्त्रों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया ।व्यवसाय के शुरूआती दौर में उन्हें बाजार में पहचान बनाने और ग्राहकों का भरोसा जीतने के लिए कई चुनौतियो का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके उन्होने निरंतर परिश्रम, गुणवत्ता और ग्राहकों की पसंद को प्राथमिकता देते हुए अपने उत्पादों को बाजार में स्थापित किया। परिणामस्वरूप उनका व्यवसाय धीरे-धीरे स्थानीय बाजार में लोकप्रिय होता गया और आज एक सफल उद्यम के रूप में पहचान बना चुका है ।वर्तमान में यह व्यवसाय उनके परिवार की आय का प्रमुख स्त्रोत बन गया है। इससे न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि समाज में उनकी प्रतिष्ठा भी बढ़ी है। संगीता कुमारी अब अपने उद्यम का विस्तार कर अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करना चाहती हैं। इसके लिए वे अतिरिक्त पूंजी और आधुनिक प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस कर रही है ।संगीता कुमारी का कहना है कि बिहार में प्रतिभाशाली कारीगरो और बाजार की अपार संभावनाएं मौजूद है। यदि युवा सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं, तो वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन सकते हैं बल्कि अन्य लोगो के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर सकते है ।संगीता कुमारी की सफलता की यह कहानी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की उपयोगिता और प्रभावशीलता को दर्शाती है। उनकी उपलब्धि विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरी है, जो सीमित संसाधनो के बावजूद अपने सपनो को साकार करने का संकल्प रखते हैं।

रसोई से सड़क तक राहत : 51 हजार गैस सिलेंडरो के साथ मधुबनी में ईंधन आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

हर रसोई तक पहुंचेगी गैस, हर वाहन को मिलेगा ईंधन, प्रशासन ने दिए कड़े निर्देश

● गैस एजेंसियो को चेतावनी, उपभोक्ताओं को भरोसा : जिले में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। जिले में एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थो की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रित है। जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है ताकि उपभोक्ताओं को समय पर आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकें ।जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जून 2026 तक जिले में कुल 51,637 एलपीजी गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम एवं भारत पेट्रोलियम के माध्यम से जिले में नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है ।प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार 2 मार्च से 17 जून 2026 तक जिले में 14 लाख 93 हजार 16 गैस बुकिंग दर्ज की गई हैं। वहीं 17 जून को एक ही दिन में 11,271 गैस बुकिंग प्राप्त हुईं, जबकि तेल कंपनियों से जिले को 13,541 सिलेंडरो की आपूर्ति हुई ।जिला प्रशासन ने सभी गैस एजेंसियो को उपभोक्ताओं के लिए शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं से अतिरिक्त राशि वसूली जाती है, अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है अथवा वितरण व्यवस्था में लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।प्रशासन ने आम नागरिको से अनावश्यक गैस बुकिंग नहीं करने, घरेलू गैस का उपयोग केवल घरेलू कार्यों में करने तथा कालाबाजारी, जमाखोरी या अवैध भंडारण की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की है। किसी भी शिकायत अथवा सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06276-222576 पर संपर्क किया जा सकता है ।इधर जिले के सभी पेट्रोल पंपो पर भी पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। 18 जून को जिले में 8.89 लाख लीटर पेट्रोल तथा 11.24 लाख लीटर हाई स्पीड डीजल का स्टॉक उपलब्ध बताया गया है ।जिला प्रशासन ने लोगों से पेट्रोल एवं डीजल का अनावश्यक भंडारण नही करने की अपील करते हुए कहा है कि इससे दुर्घटनाओं एवं अन्य अप्रिय घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि पूरे जिले में आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

जन सहयोग सह कल्याण शिविर संपन्न सैकड़ो आवेदनो का हुआ निष्पादन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। राज्य सरकार एवं जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश पर जिले के सभी 21 प्रखंड मुख्यालयों में आयोजित तीन दिवसीय जन सहयोग सह कल्याण शिविर का गुरुवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए, जिनमें अधिकांश मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। शिविर के दौरान राजस्व, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, श्रम, मनरेगा, जीविका एवं अन्य विभागों द्वारा सहायता काउंटर लगाए गए। राशन कार्ड, पेंशन, प्रमाण पत्र, श्रमिक पंजीकरण, मनरेगा जॉब कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े मामलों पर विशेष रूप से सुनवाई की गई। प्रशासन ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजनों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है। शिविर के सफल आयोजन पर लोगों ने प्रशासन की पहल की सराहना की।

राजस्व कर्मचारी पर वाहन चढ़ाकर जान लेने के प्रयास का आरोप, चार आरोपी हथियार सहित गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। बिस्फी अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी पर चारपहिया वाहन चढ़ाकर जान लेने के प्रयास के मामले में बिस्फी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन, एक लाइसेंसी राइफल, एयर राइफल, एयर पिस्टल तथा 22 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक मधुबनी के निर्देश एवं बेनीपट्टी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपितों को घटनास्थल के समीप से गिरफ्तार किया। इस संबंध में बिस्फी थाना कांड संख्या तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, 17 जून को राजस्व कर्मचारी विजय कुमार बिस्फी अंचल कार्यालय में राजस्व महाअभियान के कार्य में जुटे थे। इसी दौरान निलेश कुमार अग्रवाल अपने तीन निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ कार्यालय पहुंचे और एक आवेदन से संबंधित सूचना की मांग की। राजस्व कर्मचारी द्वारा संबंधित आवेदन नाजिर कार्यालय से प्राप्त करने की बात कहने पर आरोपितों ने कथित रूप से गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ने पर राजस्व कर्मचारी ने अपने वरीय अधिकारियों और स्थानीय थाना को इसकी सूचना दी। आरोप है कि इसके बाद निलेश कुमार अग्रवाल वाहन लेकर वहां से निकलने लगे। जब राजस्व कर्मचारी ने उन्हें रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने कथित रूप से जान मारने की नीयत से वाहन से धक्का मार दिया। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से बड़ी घटना टल गई और घायल कर्मचारी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि मुख्य आरोपी द्वारा पूर्व में भी मोबाइल फोन के माध्यम से गाली-गलौज, धमकी तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई थी। गिरफ्तार आरोपियों में निलेश कुमार अग्रवाल (कटकी बाजार लालबाग, दरभंगा), संतोष कुमार सिंह (सैदपुर, भागलपुर), शिवेश कुमार (मोपती बाजार, आरा) तथा आदर्श कुमार (सोनपुर, सारण) शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक चारपहिया वाहन, जिस पर न्याय आयोग का बोर्ड लगा हुआ था, एक मोबाइल फोन, एक एयर पिस्टल, एक एयर राइफल, एक लाइसेंसी राइफल तथा 22 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर थानाध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर एडीआर भवन में थानाध्यक्षों के साथ बैठक किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जुनैद आलम ने कहा कि न्यायालयों द्वारा सुलह समझौते योग्य मुकदमों में पक्षकारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। अधिक से अधिक मुकदमों के निपटारे के लिए सभी नोटिसों को ससमय पक्षकारों तक पहुंचना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह भी जरूरी है कि नोटिस तामील कराने वाले पुलिस अधिकारी पक्षकारों को विशेष रूप से सुलह समझौते के लिए प्रेरित करें ।मुकदमों के लोक अदालत में निपटारे से होनेवाले फायदों से भी उन्हें अवगत करायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने कहा कि 18 जुलाई को एनआईएक्ट के चेक बाउंस संबंधी मुकदमों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित किया जाएगा। वहीं सभी तरह के शमनीय मुकदमों के निपटारे के लिए 12 सितंबर को तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जाएगा। लोक अदालतों के सफल आयोजन में ससमय नोटिस तामिले की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए नोटिसों का ससमय तामिल होना जरूरी है ।उन्होंने कहा कि नोटिस तामील कराने वाले अधिकारी तामिला रिपोर्ट पर पक्षकारों का मोबाइल नंबर आवश्यक रूप से दर्ज करायें और रिपोर्ट कार्यालय में जमा करायें। लोक अदालत का आयोजन दरभंगा,बेनीपुर एवं बिरौल न्यायालय परिसर में आयोजित किया जाएगा ।बैठक में जिले के सभी थानाध्यक्ष मौजूद थे।

पेयजल व विद्युत सुविधाओं को लेकर विधायक ने की अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने आमजन को बेहतर पेयजल एवं विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग तथा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंताओं एवं एसी के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित किए। बैठक में ग्रीष्मकाल के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित समरसेबल, , पेयजल आपूर्ति योजनाओं तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। विधायक श्री मंडल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र के किसी भी गांव या वार्ड में पेयजल एवं बिजली की समस्या उत्पन्न होने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। नजरा मोहम्मदा, नारायणपुर, नेहरा ललहुआ चौक एवं नैनाघाट में अधिक केवी वाले ट्रांसफर की सुनिश्चिता की बात कही गई हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए श्री मंडल ने सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि खराब पड़े एवं नया समरसेबल एवं जलापूर्ति प्रणालियों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए तथा विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक कदम उठाए जाएं ।विधायक श्री मंडल ने अधिकारियों को क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करने, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने भी योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया।

केवटी थाना परिसर में विधायक डॉ . मुरारी मोहन झा का धरना, पुलिस पर अपराधियों को बचाने का आरोप

प्रात: किरण संवाददाता

केवटी(दरभंगा)। केवटी थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पुलिसिया कार्यप्रणाली को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। केवटी के विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने स्थानीय थाने की कार्यशैली के खिलाफ थाना परिसर में ही एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया। विधायक का आरोप है कि पुलिस पीड़ितों को न्याय देने के बजाय अपराधियों का साथ दे रही है और मामले को रफा-दफा करने के लिए अनुचित लेनदेन कर रही है ।मामला बीते 7 जून 2026 का है, जब केवटी (जीवरा) निवासी उमेश शर्मा के पुत्र रंधीर शर्मा पर उनकी ही दुकान "आयुष मोटरसाइकिल गैरेज" में कुछ स्थानीय दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया था। पीड़ित पक्ष के अनुसार, मोटरसाइकिल धुलवाने के बाद मजदूरी मांगने पर मो. अरमान, मो. इरफान, मो. मुन्ना, मो. साबीर, मो. सामिरुल सहित करीब 25 अज्ञात लोगों ने लाठी, डंडे, बेल्ट और लात-घूंसों से रंधीर शर्मा को अधमरा होने तक पीटा। साथ ही दुकान के गल्ले से 22,500 की नगद राशि भी लूट ली ।इस गंभीर मामले में पुलिस ने केस (कांड संख्या- 177/26) तो दर्ज किया, लेकिन मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी करने के बजाय मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया ।धरने पर बैठे विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने केवटी थाना पुलिस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पुलिस ने इतनी बड़ी जानलेवा घटना और लूटपाट के बाद भी नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं किया। पुलिस ने अभियुक्तों से सांठगांठ कर मामले को दबाने की कोशिश की। पीड़ित परिवार को और प्रताड़ित करने तथा मुख्य मामले को कमजोर करने के लिए पुलिस ने अभियुक्त पक्ष की तरफ से एक झूठा काउंटर केस दर्ज कर दिया ।"न्याय मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष"विधायक ने साफ लहजे में चेतावनी दी है कि बिहार में सुशासन की सरकार है और किसी भी कीमत पर पुलिसिया भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, केवटी थाना प्रभारी की भूमिका की जांच करने और दोषियों को तुरंत सस्पेंड कर पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की है। इस धरने में पीड़ित परिवार के साथ केवटी पूर्वी के मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार यादव,करुणानंद मिश्र,विनोदानंद झा,पप्पू मिश्र,भैरव झा,रमन जी मिश्र,सुशील चौपाल,अवधेश मिश्र, राजेश जी सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

सर्जना निखार शिविर में छात्राओं ने सीखी नई डिजाइनों की मेहंदी प्रशिक्षण बारीकियां

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दरभंगा इकाई द्वारा प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में एम आर एम कॉलेज में आयोजित सर्जना निखार शिविर के अंतर्गत आज मेहंदी, मिथिला पेंटिंग, पत्रकारिता एवं सिलाई प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया गया। विभिन्न वर्गों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नई-नई विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आज के प्रशिक्षण सत्रों में मेहंदी वर्ग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पूर्व में शिविर की प्रतिभागी रही एवं इस वर्ष की प्रशिक्षिका शिवानी शर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने पारंपरिक एवं आधुनिक मेहंदी डिजाइनों की बारीकियों को सीखा। कागज के पन्नों पर गुलाब , फूल, कमल आदि सुंदर कलाकृतियां उकेरते हुए प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान मेहंदी कला को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के एक प्रभावी माध्यम के रूप में भी प्रस्तुत किया गया। मिथिला पेंटिंग के प्रशिक्षक दर्शन कुमार ने वर्ग में छात्राओं को मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं पारंपरिक चित्रकला शैली की जानकारी दी, जिसमें उन्होंने आज जोड़ा मोर, किनारों पर आकृतियां, लाइनिंग करना आदि सिखाया। पत्रकारिता वर्ग में प्रशिक्षक राघव झा ने समाचार लेखन, सुर्खियों का निर्माण करना, अखबार के अलग अलग पन्नों का महत्व, रिपोर्टिंग एवं मीडिया की भूमिका पर चर्चा की। वहीं सिलाई वर्ग में प्रशिक्षिका समीक्षा कुमारी ने छात्राओं को सिलाई-कढ़ाई से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।शिविर आयोजन समिति सदस्या रूबी कुमारी ने बताया कि सर्जना निखार शिविर का उद्देश्य छात्राओं के भीतर छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा उन्हें कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण वर्गों में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी शिविर की सफलता को दशार्ती है।

सतीस्थान बनेगा आस्था का कुंभ, नौ दिनों तक चलेगा नाम संकीर्तन नवाहयज्ञ

बिरौल(दरभंगा) ।जिले के गौराबौराम विधानसभा के पररी सतीस्थान में गुरुवार से नौ दिनों तक नाम संकीर्तन नवाहयज्ञ का आयोजन किया है जिसमें मिथिला क्षेत्र के नामचीन भजन मंडली तथा संगयात महात्माओं के द्वारा जय हो सती मैया जय हो दुखिया बाबा के नाम मंत्र से संकीर्तन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य तथा सांसद डा गोपाल जी ठाकुर जी के निजी सचिव मनीष कुमार ठाकुर ने नवाह नाम संकीर्तन की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार प्रातः ग्यारह बजे से यह नवाह नाम धुन शुरू किया

गंगा स्नान के लिए जा रही टेंपो व बाइक की टक्कर में दंपति सहित तीन की मौत ,आठ जख्मी

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत खोकसाहा से हरिचक जानेवाली मुख्य सड़क पर खदियाही बसेरा बड़ के निकट गुरुवार की अहले सुबह बाइक व टेंपो में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दर्दनाक घटना में दंपति सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वही 8 लोग जख्मी बताई जा रहे हैं। मृतक विभूतिपुर पूरब पंचायत वार्ड 05 निवासी स्वर्गीय बंकुल महतो के पुत्र राजकुमार महतो 60 वर्ष व राजकुमार महतो की पत्नी संयुक्ता देवी 49 वर्ष तथा अमसौर खानपुर निवासी गूंजय सहनी के पुत्र हरे राम सहनी 50 वर्ष बताया गया है ।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि खानपुर से गंगा स्नान के लिए कुल 9 लोग जा रहे थे। खोकसाहा चौक से हरि चौक जाने वाली सड़क पर खदियाही बसेरा बड़ के निकट एक दंपति बाइक पर सवार होकर खेत में काम करने जा रहे थे। तभी बाइक व टेंपो में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण हुई की टेंपो गड्ढे में पलट गई। इस घटना में बाइक सवार राजकुमार महतो एवं टेंपो सवार हरेराम साहनी का मौके पर ही मौत हो गई। वही राजकुमार साहनी की पत्नी संयुक्ता देवी को स्थानीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए।

दिवंगत दम्पति के स्वजनों को दुग्ध संघ ने दिया एक लाख 37 हजार की अनुग्रह राशि

विभूतिपुर/समस्तीपुर। सड़क हादसे में दिवंगत हुए आदर्श दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लि विभूतिपुर के अध्यक्ष दंपति राज कुमार महतो व संयुक्ता देवी को दुग्ध संघ के पथ संख्या 21 की परंपरा के अनुसार धन संग्रह कर 1 लाख 37 हजार रुपए का अनुग्रह राशि मृतक की ज्येष्ठ पुत्री को नगद भेंट किया गया। इससे पूर्व दंपत्ति के शव पर उपस्थित लोगों ने पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर मिथिला दुग्ध संघ के अध्यक्ष उमेश राय, प्रबंध निदेशक रविन्द्र कुमार झा, निदेशक मंडल सदस्य राजीव कुमार मिश्र, प्रभारी पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिंहा, कार्यपालक पदाधिकारी सोनू कुमार, पर्यवेक्षक हरे राम यादव, सचिव नवीन ।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, शुक्रवार, 19 जून, 2026

डीएम ने बैंकों को क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो एवं ऋण वितरण में सुधार के दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न बैंकों के क्रेडिट रेशियो, वार्षिक क्रेडिट प्लान, उद्योग विभाग की योजनाओं तथा ऋण वितरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कई बैंकों के असंतोषजनक प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम बैंकों के क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ प्रमुख बैंकों का प्रदर्शन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। यूको बैंक का सीडी रेशियो मात्र 36 प्रतिशत, पंजाब नेशनल बैंक का 39 प्रतिशत तथा बैंक ऑफ इंडिया का 57 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिसे जिलाधिकारी ने अत्यंत असंतोषजनक बताया। जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया कि वे जोनल , डिविजनल हेड को बैंक की वर्तमान स्थिति से अवगत कराएं तथा सीडी रेशियो में सुधार के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र की सक्रियता और ऋण वितरण में वृद्धि से ही जिले में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।बैठक में वार्षिक क्रेडिट प्लान की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ बैंकों का प्रदर्शन अपेक्षा से काफी कम है। इंडियन ओवरसीज बैंक का प्रदर्शन 44 प्रतिशत, यूको बैंक का 48 प्रतिशत तथा केनरा बैंक का 49 प्रतिशत पाया गया। जिलाधिकारी ने इन आंकड़ों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वित्तीय समावेशन और विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन बैंकों का प्रदर्शन 60 प्रतिशत से कम है, उनके संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही बैंक प्रबंधन को ऋण स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की भी विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पीएमईजीपी योजना के तहत 82 लाभार्थियों तथा पीएमएफएमई योजना के तहत 615 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य से अवगत कराते हुए निर्देश दिया कि योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदन का समयबद्ध निष्पादन किया जाए तथा लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार और सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने में इन योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

मोदी सरकार के 12 वर्षों में संस्कृति, विरासत व आस्था को मिला नया गौरव : संजय सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों, विरासत और आस्था को भी नई पहचान और गौरव प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि ह्लजड़ों से जुड़ रहा हिंदुस्तान, यही है नए भारत की पहचानह्व का संकल्प आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। आज अयोध्या राम मंदिर से लेकर काशी विश्वनाथ धाम, केदारनाथ मंदिर से लेकर महाकुंभ 2025 तक देश अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सहेजते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ मजबूती से खड़ा है और देश में 44 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हमारी समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश की धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इस अवधि में लगभग 12 लाख पुरावशेषों को डिजिटल संरक्षण किया गया है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रसाद योजना के अंतर्गत लगभग 1700 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से 11 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय स्थापित किए गए हैं। वहीं विदेशों में पहुंच चुकी भारत की अमूल्य धरोहरों को वापस लाने के प्रयासों के तहत 668 पुरावशेष एवं मूर्तियां भारत को वापस प्राप्त हुई हैं, जो राष्ट्रीय गौरव का विषय है। धार्मिक स्थलों के विकास और बेहतर सुविधाओं का ही परिणाम है कि करोड़ों श्रद्धालु देश के प्रमुख तीर्थस्थलों तक पहुंच रहे हैं। अब तक 16 करोड़ श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन कर चुके हैं, जबकि 1 करोड़ 47 लाख श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया है। इसी प्रकार 54 लाख श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा की और 16 लाख श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम में दर्शन किए हैं। अंत में संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष केवल विकास के नहीं, बल्कि विश्वास, सांस्कृतिक गौरव, विरासत संरक्षण और जनकल्याण के भी 12 स्वर्णिम वर्ष हैं। नया भारत अपनी परंपराओं को संजोते हुए आधुनिकता के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है और विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह 21 जून को केंद्रीय मंत्री, गिरिराज सिंह होंगे मुख्य अतिथि

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को मुजफ्फरपुर के ऐतिहासिक शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य आयुष समिति, बिहार एवं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार गिरिराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग तथा विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। राज्य आयुष समिति, बिहार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार इस वर्ष 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस राज्य के सभी जिलों, प्रखंडों, पंचायतों एवं वार्ड स्तर तक मनाया जाएगा। योग दिवस का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल, सदर अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेजों में योगाभ्यास, योग संवाद और योग संगम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मनरेगा एवं जल-जीवन-हरियाली मिशन के तहत विकसित अमृत सरोवरों, सामुदायिक भवनों, पंचायत सरकार भवनों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा, एएनएम एवं ममता कार्यकताओं को भी अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने तथा योग कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई ह शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया है कि सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में योग दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला, स्लोगन लेखन, निबंध प्रतियोगिता तथा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं में योग के प्रति रुचि विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के शेल्टर होम, बाल सुधार गृह, जेल, सुरक्षित गृह तथा अन्य सामाजिक संस्थानों में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कल्याण पदाधिकारी को महादलित टोलों एवं वंचित वर्गों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर अधिकाधिक लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

कांटी नगर परिषद में विकास की रफ्तार हुई तेज : अजीत कुमार

मुजफ्फरपुर। कांटी नगर परिषद क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज पकड़ने लगी है। नाली के निर्माण कार्य संपन्न हो जाने से संबंधित वार्ड के जनता को जल जमाव से मुक्ति मिल जाएगी और उन्हें अन्य कई तरह के परेशानियों झेलनी नहीं पड़ेगी। उक्त बातें बुधवार को कांटी नगर परिषद क्षेत्र के कांटी कोठिया वार्ड 12 एवं वार्ड 20 में स्टेशन रोड - मार्ग दलित बस्ती में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने कही। क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार के इस कार्यक्रम में पहुंचने पर सभापति दिलीप कुमार, नगर पार्षद विजय राम , नाथू पासवान समेत स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नाली निर्माण आज के परिवेश में काफी अति आवश्यक है इससे जनता को काफी लाभ पहुंचती है। श्री कुमार ने सम्बंधित वार्डों के स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि दोनों जगह बनने वाली नाली निर्माण कार्य के सतत निगरानी करें एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न हो इस पर विशेष ध्यान दे साथ ही उन्होंने दोनों जगह के नाली निर्माण कार्य कराने वाले संवेदक को नाली निर्माण कार्य मानक के अनुरूप करने की सख्त हिदायत दिया एवं किसी तरह के गड़बड़ी पर जांचोपरांत कड़ी कार्रवाई करने की बात कहा। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अब विकास के गाड़ी काफी तेजी गति से दौड़ने लगी है और सरजमीं पर दिखने भी लगी है। उन्होंने कहा कि वे काम करने में विश्वास रखते हैं , कांटी विधानसभा क्षेत्र के महान जनता उनके विचार से पूरी तरह वाकिफ है। ज्ञात हो की दोनों जगह बनने वाली नाली निर्माण कार्य की राशि लगभग एक करोड़ 15 लाख रुपए की है जो नगर विकास व आवास विभाग ने स्वीकृति दी है। इस मौके पर पूर्व विधायक गुलाम जिलानी वारसी, सभापति दिलीप कुमार, उपसभापति अजय कुमार गुप्ता, नगर पार्षद विजय राम, नाथू पासवान, संतोष पासवान , संजय साह, शंभू राम, पार्षद प्रतिनिधि शंकर प्रसाद, विनोद सहनी, समेत मो. जमाल, नंदन महतो एवं स्थानीय सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

शिक्षा भवन में अंकुरण की जिलास्तरीय उन्मुखी कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शिक्षा भवन के सभागार में विद्यालय पोषण कार्यक्रम अंकुरण की जिला स्तरीय समीक्षा सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह उन्मुखीकरण पोषण कार्यक्रम को सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बिहार सरकार शिक्षा विभाग एवं मध्यान भोजन योजना स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया जिसमें यूनिसेफ एवं डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा की तकनीकी भागीदारी शामिल रही। अंकुरण परियोजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मुजफ्फरपुर ने स्कूल स्तर पर पोषण कार्यक्रम का प्रभावी संचालन निगरानी एवं भागीदारी की महत्व पर विस्तार में चर्चा किया साथ ही साथ चल रहे कार्यक्रम के क्रियान्वयन की जानकारी ली साथ ही साथ ही ई शिक्षा कोष पर रिपोर्टिंग को लेकर सभी प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों से समीक्षा किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्यान्ह भोजन योजना ने इस पहल को विद्यार्थियों के बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया मौके पर यूनिसेफ के राज्य सलाहकार प्रकाश सिंह ने जिले के सभी प्रखंड साधन सेबी मध्यान्ह भोजन योजना , लेखपाल,आईसीटी कोऑर्डिनेटर को रिपोर्टिंग के तकनीक एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने की बातों पर बोल दिया वहीं राज्य सलाहकार डॉक्टर परवेज ने तकनीकी सत्र के माध्यम से कार्यक्रम को सुधार करने के लिए प्रशिक्षण दिया । अंकुरण प्रोग्राम के मुख्य अन्वेषक डॉक्टर अनुज्ञा भारती ने कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सभी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

खरीफ महाअभियान के तहत किसानों को मिला प्रशिक्षण एवं कृषि उत्पादन का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। खरीफ महाअभियान के अंतर्गत गायघाट प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार, उप प्रमुख जयप्रकाश सिंह एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, बीज उपचार, फसल सुरक्षा, कृषि यंत्रीकरण तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पात्र किसानों के बीच कृषि उपादानों का वितरण भी किया गया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार ने किसानों से सरकार की कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने और खरीफ मौसम में आधुनिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी, ताकि उत्पादन में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजन झा ने किया। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों के किसान, कृषि समन्वयक, प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक सुरेश कुमार तथा किसान सलाहकार सुनील कुमार, नरेश कुमार, श्याम किशोर, विनोद कुमार, ब्रजकिशोर प्रसाद, ओमप्रकाश कंचन, वीरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, संजीव कुमार, संजय पासवान, विमलेश साहनी, परशुराम कुमार, कन्हैया कुमार, गौरव कुमार, विनय कुमार, भूषण कुमार, रामाशंकर पाण्डेय एवं राजेश कुमार सहित कृषि विभाग के कई अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किसानों ने इसे लाभदायक बताते हुए कृषि विभाग की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का समापन कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों के उपयोग और उत्पादन बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर दें विशेष ध्यान : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में सहयोग शिविर, प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर, फार्मर रजिस्ट्री, ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन तथा राजस्व महाभियान की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं एवं अभियानों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता से जुड़े मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल आवेदन निपटाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लाभार्थियों की समस्याओं का वास्तविक समाधान होना चाहिए। बैठक में सहयोग शिविरों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 17 जून को आयोजित शिविरों में कुल 3502 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2658 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि 314 आवेदन आवश्यक दस्तावेजों अथवा नियमानुसार स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं रहने के कारण अस्वीकृत किए गए। प्रखंडवार समीक्षा में पाया गया कि औराई प्रखंड में प्राप्त 122 आवेदनों में से 101 का निष्पादन किया गया। बंदरा में 98 में से 94, बरूराज में 419 में से 334, बोचहा में 270 में से 181, मुरौल में 81 में से 72, गायघाट में 84 में से 53, कांटी में 173 में से 122, कटरा में 76 में से 49, कुढ़नी में 296 में से 68, मरवां में 110 में से 100, मीनापुर में 221 में से 176, मुसहरी में 690 में से 594, पारू में 168 में से 147, साहेबगंज में 119 में से 94, सकरा में 208 में से 175 तथा सरैया में 367 में से 298 आवेदनों का निष्पादन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे इन शिविरों की सफलता अधिकारियों की कार्यकुशलता और संवेदनशीलता पर निर्भर करती है। बैठक में प्रखंड स्तर पर आयोजित तीन दिवसीय सहयोग सह जनकल्याण शिविर की भी समीक्षा की गई। शिविर के दूसरे दिन 17 जून को सभी प्रखंडों में आम नागरिकों की भारी भागीदारी देखने को मिली। जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 3416 लाभार्थियों ने शिविर में भाग लिया तथा 1745 आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिविरों में लोगों की बढ़ती भागीदारी इस बात का संकेत है कि सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं के प्रति जनता का विश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आवेदन निष्पादन की गुणवत्ता की विशेष समीक्षा की। उन्होंने बताया कि निष्पादित आवेदनों की गुणवत्ता की जांच तथा लाभार्थियों की समस्याओं के वास्तविक समाधान को सुनिश्चित करने के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक विशेष समिति गठित की गई है। यह समिति निष्पादित मामलों का सूक्ष्म परीक्षण कर रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल लक्ष्य पूरा करने के लिए आवेदन बंद न करें, बल्कि यह सुनिश्चित करें कि लाभार्थियों को वास्तविक राहत मिले। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को ह्लक्वालिटी डिस्पोजलह्व पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक कुल 2 लाख 97 हजार 131 किसानों का निबंधन किया जा चुका है। इनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 1 लाख 44 हजार 932 किसान शामिल हैं। समीक्षा में यह भी सामने आया कि पिछले एक माह के दौरान 24 हजार 396 किसानों का नया निबंधन किया गया है, जबकि केवल 17 जून को ही 1429 किसानों का पंजीकरण हुआ।

साकल्य पत्रिका के प्रकाशन का निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक चित्तरंजन सिन्हा कनक की अध्यक्षता में कार्यकारिणी सदस्य उमानाथ सिंह के आवास सराय सैयदअली मुजफ्फरपुर में संपन्न हुई सम्मेलन के प्रधानमंत्री साहित्य मार्तण्ड उदय नारायण सिंह ने सदस्यों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि साहित्य धूप तले की छांह है , साहित्य की साधना ब्रह्म की साधना है ,जो समाज साहित्य से हीन हो जाता है, उसकी भूमिका समाज मे पर कटे पक्षी की तरह हो जाती है ।ह्ल चित्तरंजन सिन्हा कनक ने कहा कि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के द्वारा ह्यसाकल्यह्ल पत्रिका का प्रकाशन जिला के साहित्यकारों के लिए खुशखबरी है । मेरी हार्दिक इच्छा थी कि साकल्य का प्रकाशन अविलंब हो और अब वह दिन आ गया जब कुछ दिनों बाद साकल्य की खुशबू से मुजफ्फरपुर सुवासित होगी ।डां विनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि कनक बाबू अपने इस कृति के साथ कनक की तरह चमकेंगे ।प्रियंवदा दास ने अपने उद्गार में कहा कि यह साकल्य, नाम का साकल्य नहीं है, बल्कि यह साहित्यिक साकल्य अपने नाम के अनुरूप शुद्ध-बुद्ध एवं श्रेष्ठ है ।डां लोकनाथ मिश्र ने अपनी भावना को शब्द देते हुए कहा कि साकल्य अपने गुण और कर्म के अनुरूप और अनुकूल है ।डां हरिकिशोर प्रसाद सिंह ने कहा कि साकल्य के साथ मुजफ्फरपुर के कीर्तिशेष साहित्यकारों की कृति भी पुस्तक रूप में आना जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के लिए गौरव की बात है । इस अवसर पर सुधी साहित्यकार प्रेम कुमार वर्मा, कथा शिल्पी देवेन्द्र कुमार डॉ बीरेन्द्र कुमार मल्लिक, मधुमंगल ठाकुर,रमेश प्रसाद श्रीवास्तव ,उमा शंकर चौरसिया,राम चन्द्र सिंह ,सतीश कुमार एवं समुन्द्र प्रसाद साह ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उमानाथ सिंह ने कहा कि आप सभी का मेरे घर आना राम का शेबरी के घर आने जैसा है । मैं अभिभूत और गदगद हूं । आप ऐसे ही सदा मेरी झोपड़ी को गुलजार करते रहें ।तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

दादर पुल पर लगा बैरियर, भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जर्जर हो चुके दादर पुल की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने एक बार फिर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने के लिए बैरियर लगा दिया है। करीब दो सप्ताह पहले भी जिलाधिकारी के निर्देश पर पुल निर्माण निगम द्वारा बैरियर लगाया गया था, लेकिन एक दिन बाद ही रात के समय तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से वह क्षतिग्रस्त हो गया था। बैरियर के टूट जाने के बाद विभाग को इसे दोबारा तैयार करने में लगभग दो सप्ताह का समय लगा। पुल निर्माण निगम के वरीय परियोजना अभियंता आलोक कुमार ने बताया कि इस बार पहले की तुलना में अधिक मजबूत बैरियर लगाया गया है। इसकी मजबूती बढ़ाने के लिए दोनों ओर अतिरिक्त लोहे का सपोर्ट भी दिया गया है, ताकि किसी वाहन की टक्कर लगने पर भी यह आसानी से क्षतिग्रस्त न हो। उन्होंने बताया कि पुल पर वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए प्रवेश बिंदु पर स्पीड ब्रेकर भी बनाया गया है। साथ ही दादर पुल की मरम्मत का कार्य प्रारंभिक स्तर पर शुरू कर दिया गया है। विभाग का उद्देश्य पुल की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी संभावित हादसे को रोकना है। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें तथा भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित करें, ताकि पुल पर अनावश्यक दबाव न पड़े।

श्रावणी मेला की तैयारी तेज, कांवरिया पथ पर टूटे स्लैब बदले जाएंगे

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। श्रावणी मेला शुरू होने से पहले कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने कांवरिया पथ का निरीक्षण कर अधिकारियों को मार्ग से सटे नालों पर टूटे स्लैब को तत्काल बदलने और नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त के साथ एसडीओ (पूर्वी) तुषार कुमार, वार्ड पार्षद केपी पप्पू एवं अन्य अधिकारियों की टीम ने बाबा गरीबनाथ मंदिर से जिला स्कूल, आरडीएस कॉलेज होते हुए रामदयालु गुमटी तक कांवरिया मार्ग का जायजा लिया। यह मार्ग श्रावणी मेले के दौरान काफी महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि सोनपुर के पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर आने वाले कांवरिए इसी रास्ते से शहर में प्रवेश करते हैं और बाबा गरीबनाथ मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कांवरियों के ठहराव स्थलों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। आरडीएस कॉलेज परिसर में कांवरियों के लिए वाटरप्रूफ पंडाल, चारपाई, गद्दा, पंखा, कूलर समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं जिला स्कूल मैदान में जिग-जैग बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी, जहां से श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मंदिर की ओर बढ़ेंगे। अधिकारियों ने बताया कि कांवरिया मार्ग पर साफ-सफाई, सड़क मरम्मत और नालों की सफाई का कार्य समय पर पूरा किया जाएगा। इसके अलावा पूरे मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। लगभग साढ़े चार किलोमीटर लंबे कांवरिया पथ पर आवश्यकता के अनुसार नई स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी। गौरतलब है कि श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर पिछले सप्ताह भी जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने कांवरिया पथ का निरीक्षण किया था। प्रशासन का लक्ष्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि श्रावणी मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

डुमरी-पहसौल सड़क पर जानलेवा गड्ढा शिकायत के बावजूद नहीं हुई मरम्मत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कटरा प्रखंड के डुमरी से पहसौल जाने वाले मार्ग पर स्थित एक बड़ा और जानलेवा गड्ढा स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गड्ढे की मरम्मत को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि उन्होंने साक्ष्य के साथ बिहार सरकार के सहयोग पोर्टल पर इस समस्या की शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, विभाग की ओर से केवल आवेदन का निष्पादन दिखाकर मामले को बंद कर दिया गया, जबकि सड़क पर मौजूद गड्ढे की स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने इसे विभागीय लापरवाही बताते हुए ग्रामीण कार्य विभाग पूर्वी-2 के कार्यपालक अभियंता पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अब यह गड्ढा केवल सड़क क्षति तक सीमित नहीं रह गया है। इसमें मेडिकल कचरा, इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन और दवाइयां भी फेंकी जा रही हैं, जिससे संक्रमण और स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं। लोगों का आरोप है कि यदि इस गड्ढे में गिरकर कोई दुर्घटना होती है या किसी की जान जाती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब गड्ढे की मरम्मत कराने और सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह गड्ढा और अधिक खतरनाक हो गया है तथा किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। प्रशासन और विभागीय अधिकारियों की उदासीनता को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

चोरों का आतंक, एक ही रात में तीन घरों को बनाया निशाना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के तुर्की थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती रात अज्ञात चोरों ने क्षेत्र के तीन अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। एक ही रात में हुई तीन चोरी की घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस की रात्रि गश्ती व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, चोर देर रात घरों में घुसकर नकदी, जेवरात और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घरों में सामान बिखरा पड़ा था और चोरी की जानकारी मिली। इसके बाद पीड़ित परिवारों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही तुर्की थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरों की पहचान के लिए संभावित सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अपराधियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में चोरी की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है।

बिजली संकट से करैला में नल-जल योजना ठप, ग्रामीणों में आक्रोश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बन्दरा प्रखंड के करैला पंचायत के वार्ड संख्या-09 में मंगलवार शाम से बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने से पूरे वार्ड में नल-जल योजना भी बंद हो गई है, जिससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति हो रही थी, लेकिन कई वैध उपभोक्ताओं के मीटरों में बिजली नहीं पहुंच रही थी। वहीं कुछ लोगों के यहां कथित रूप से ह्यटोकनह्ल फंसाकर बिजली का उपयोग किए जाने की बात सामने आई है। लोगों का कहना है कि यदि नल-जल योजना के लिए बिजली उपलब्ध नहीं होगी तो पानी की आपूर्ति कैसे संभव होगी। स्थानीय लोगों के अनुसार नल-जल योजना की स्थिति लंबे समय से खराब है। लो वोल्टेज की समस्या के कारण मोटर अक्सर नहीं चल पाती, जिससे पिछले एक वर्ष से महीने में केवल दो से चार दिन ही नियमित रूप से पानी मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब दो महीने पहले वार्ड सदस्य के नेतृत्व में 70 से 80 ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन बिजली विभाग को सौंपा गया था। आवेदन में लो वोल्टेज और बिजली आपूर्ति की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार तक भी वार्ड में बिजली बहाल नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद संबंधित अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं हैं। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग के जूनियर इंजीनियर का फोन भी नहीं उठ रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल करने, लो वोल्टेज की समस्या दूर करने तथा नल-जल योजना को नियमित रूप से संचालित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

पूर्व मध्य रेल

ऑन लाईन ई–निविदा (खुली)

निविदा आमंत्रित सूचना

संख्या ईएल/50/दानापुर/खुली/09/2026–27

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संबेदकों से जिनके पास वैध विधुत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्याः– ईएल/50/दानापुर/ खुली/09/2026–27, **क्र०सं० : 1. कार्य का नामः–** रेल आश्रय, करबिगहिया, पटना के निकट अतिरिक्त सुविधाओं के निर्माण से संबंधित विद्युत/जी कार्य। **2. अनुमानित लागतः–** रू. 1,13,60,390/–, **3. अग्रधन राशिः–** रु. 2,27,200/–, **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः–** 10.07.2026 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। **5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालयः–** क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा0/का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।

नोटः– (1) विवाद की स्थिति में अंग्रजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरुरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा ।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)
पूर्व मध्य रेल/दानापुर

पीआर/0417/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/26–27/44

सम्पादकीय

दलबदल का खेल और राजनैतिक ईमानदारी

योगेश कुमार गोयल

महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर उथल-पुथल दिखाई दे रही है। शिवसेना को एक बार फिर तोड़ने की खबरें हैं। जाहिर है यह टूट शिंदे गुट में नहीं, उद्धव ठाकरे गुट में कराई जा रही है और इसके पीछे भी भाजपा का ही हाथ है, ऐसे आरोप लग रहे हैं। कम से कम छह सांसदों के शिंदे गुट में जाने की खबरें हैं। सांसद संजय राउत ने तो यहां तक आरोप लगाया है कि इन सांसदों को 15-15 करोड़ दिए गए हैं। यानी खुल कर खरीद-फरोख्त की बातें हो रही हैं। कुछ जगहों पर बाकायदा पोस्टर लगे हैं, जिसमें एकनाथ शिंदे की तस्वीर के साथ ऑपरेशन टाइगर लिखा हुआ है, साथ ही लिखा है वेट एंड वॉच, यानी देखो और इंतजार करो। याद रहे कि कुछ दिनों से ऑपरेशन टाइगर शब्द महाराष्ट्र के राजनैतिक गलियारों में घूम रहा है। टाइगर यानी शेर बाला साहेब ठाकरे की खड़ी की हुई शिवसेना की पहचान रहा है। एकनाथ शिंदे गुट को बाल ठाकरे का असली उत्तराधिकारी बताते हुए शिवसेना के नाम और निशान पर तो कब्जा कर ही चुके हैं, अब ऑपरेशन टाइगर कहकर वे यह बताना चाह रहे हैं कि शिवसेना के असली शेर उनके साथ ही रहेंगे। वैसे ये अब शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं के सोचने की बात है कि वे सर्कस में रिंग मास्टर के इशारों पर चलने वाले शेर को असली शेर मानते हैं या फिर जंगल में अपनी मर्जी से चलने वाले शेर को असली मानते हैं। शिवसेना का प्रतीक अब कौन सा शेर रहेगा, यह तो उसके कार्यकर्ता तय करेंगे। लेकिन इस देश की जनता को अब वाकई गंभीरता से सोचना होगा कि राजनैतिक दलों में टूट का जो सिलसिला नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से शुरू हुआ है, वो कहां जाकर थमेगा और तब तक क्या लोकतंत्र जिंदा रह पाएगा। चार साल पहले जब शिवसेना को पहली बार तोड़कर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर भाजपा ने बिठाया था, तब इसे ऑपरेशन लोटस नाम दिया गया था। कर्नाटक, मध्यप्रदेश आदि में भी यही नाम चला, जबकि यह प्रकृति की एक अनुपम रचना कमल के फूल का अपमान था। भाजपा ने कमल के फूल को अपना प्रतीक चिह्न बनाया है, तो कम से कम उसकी विशेषता को अपनाने की कोशिश भी करती कि कीचड़ में खिलकर भी वह बेदाग रहता है और इस खूबसूरती के साथ खिलता है कि देवताओं के अर्पण के योग्य रहे। कमल जैसे सकारात्मक, सुंदर प्रतीक के साथ ऑपरेशन नाम जोड़कर उसके कोमल सौंदर्य पर आघात किया जाता है, जिसमें लोकतंत्र का भी अपमान होता है। किसी दल के विधायकों या सांसदों को लालच और दबाव बनाकर अपने दल में केवल इसलिए शामिल करना, ताकि सत्ता पर कब्जा किया जा सके, राजनैतिक भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण है। भाजपा यही उदाहरण बार-बार लगातार पेश कर रही है। राजनैतिक विश्लेषक और मीडिया के कई लोग इसे मास्टर स्ट्रोक बता कर भ्रष्टाचार को सही ठहराने में लगे हैं। युद्ध और प्रेम में सब जायज है, जैसे वाक्य अनैतिकता को बढ़ावा देने वालों ने अपनी सुविधा से गढ़े हैं, जिसे नकारना चाहिए। सही केवल वही है जो नैतिकता और कानून की कसौटी पर खरा उतरे। इस लिहाज से देखें तो भाजपा के चलाए दल-बदल ऑपरेशन सही नहीं हैं। अगर किसी की विचारधारा बदल जाए और फिर वह पार्टी बदले तो यह ठीक है। लेकिन आप किसी पार्टी और उसके चुनाव चिह्न पर लड़ते हैं, जीत हासिल करते हैं और कुछ वक्त के बाद धुरविरोधी पार्टी में चले जाते हैं तो यह सीधे-सीधे उस जनता के साथ धोखा है जिसने आपको जिताया। जैसे प.बंगाल में इस समय तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों ने एक अनजानी पार्टी एनसीपीआईसी में विलय का ऐलान किया, ताकि वे एनडीए का समर्थन कर सकें। ये 20 सांसद कम से कम एक करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और 2024 में इन लोगों को भाजपा के खिलाफ लड़ते हुए ही जीत मिली थी। अब ये सांसद भाजपा का विरोध नहीं करेंगे और इस तरह अपनी क्षेत्र की जनता के साथ धोखा करेंगे। 2024 में भाजपा चार सौ पार का नारा दे रही थी ताकि संविधान बदल सके, इंडिया गठबंधन ने इसके खिलाफ लड़ने का ऐलान किया था और इसी वजह से भाजपा को 240 सीटों पर रुकना पड़ा था। तब संविधान पर आया खतरा कुछ वक्त के लिए टल गया था। लेकिन अब भाजपा ने उस खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है।

चुटकी भर काले जीरे से ऐसे कम करिए अपना वजन

पतला होना यानि की मोटे शरीर से स्लिम-ट्रिम होना कौन नहीं चाहता और इसके लिए लोग खासी मशक्त भी करते हैं। सुबह-सुबह उठकर जिम जाना कई किलोमीटर तक भाग-भागकर पसीना बहाना तब जाकर कहीं इस मोटापे से छुटकारा मिलने के आसार नजर आते हैं। और उसके बाद वही उबला हुआ बेस्वाद खाना। कभी आपने सोचा तो जरूर होगा कि क्या किसी हाजमे को ठीक करने वाले चूरन की तरह इस मोटी चर्बी वाले शरीर के लिए भी कोई चूरन बना होता तो क्या बात होती। खैर अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा है, क्योंकि अभी भी एक ऐसी चीज है जिसे चुटकी भर खाने के बाद आपको किसी भी जिम में पसीना बहाने की जरूरत नहीं महसूस होगी। खासकर लड़कियों को जिनके लिए अपने पूरे दिन का शेड्यूल मैनेज करना बहुत ही मुश्किल होता है। यकीन मानिए इसे खाने के बाद आपको किसी भी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होगा। यह हर करह से फायदेमंद है। दरअसल हम बात कर रहे है खाने में इस्तेमाल होने वाले काले जीरे की, जिसे अक्सर पेट दर्द में भी हम खा लिया करते है। रसोई घर में ज्यादातर इसका इस्तेमाल होता है और यह आसानी से आपको हर में मिल जाएगा। इसके बाद भी कोई बड़ा बदलाव नहीं हासिल होता उन्हें, लेकिन अब जीरा वजन कम करने में आपकी मदद करेगा। खाने के स्वाद को बढ़ाने वाला जीरा, खासतौर से दाल में डालने वाला जीरा हर किसी को पसंद है। कुछ लोग चावल पकाते समय भी जीरे का प्रयोग करते हैं, क्योंकि इसके खुशबू भी काफी अच्छी लगती है जो पकवान की सुगंध को बढ़ा देती है। वजन कम करने के साथ साथ यह बहुत सारी अन्य बीमारियों से भी बचाता है, जैसे कोलेस्ट्रॉल कम करता है, हार्ट अटैक से बचाता है, स्मरण शक्ति बढ़ाता है, खून की कमी को ठीक करता है, पाचन तंत्र ठीक कर गैस और ऐंठन ठीक करता है। दो बड़े चम्मच जीरा एक गिलास पानी मे भिगो कर रात भर के लिए रख दें। सुबह इसे उबाल लें और गर्म-गर्म चाय की तरह पियें। बचा हुआ जीरा भी चबा लें। इसके रोजाना सेवन से शरीर के किसी भी कोने से अनावश्यक चर्बी शरीर से बाहर निकल जाती है। लेकिन ऐसी भी होता है कि कई लोगों को इसका टेस्ट पसंद नहीं आता वो इसे सादा खाना पसंद नहीं करते तो आप एक काम कर सकते हैं कि जब भी कुछ पकायें तो जीरा पाऊडर उसमे मिला लिजिए। इसका इस्तेमाल खाने में रोजाना करें तो ज्यादा बेहतर है। इसके अलावा.आप 5 ग्राम दही में एक चम्मच जीरा पाउडर मिलाकर यदि इसका रोजाना सेवन करें, एक हफ्ते के अंदर-अंदर आपको फर्क महसूस होने लग जाएगा। 3 ग्राम जीरा पाउडर को पानी में मिलाएं इसमें कुछ बूंदें शहद की डालें फिर इसे पी जाएं। वेजिटेबल यानि सब्जियों के उपयोग से सूप बनाएं, इसमें एक चम्मच जीरा डालें। या फिर ब्राउन राइस बनाएं इसमें जीर डालें यह सिर्फ इसका स्वाद ही नहीं बढ़ाएगा बल्कि आपका वजन भी कम करेगा। अदरक और नींबू दोनों जीरे की वजन कम करने की क्षमता को बढ़ाते हैं। इसके लिए गाजर और थोड़ी सब्जियों को उबाल लें इसमें अदरक को कद्दूकस यानि कि बिल्कुल बारीक कर लें, साथ ही ऊपर से जीरा और नींबू का रस डालें और इसे रात में खाएं। जीरे में मौजूद पोषक तत्व और एंटीऑक्सीकडेंट आपकी पाचन शक्ति को बढ़ाता है, जिससे पेट की चर्बी कम करने में मदद मिलती है। यह चर्बी ही तो मोटापे को दावत देती है। जिसे जीरा आसानी से खत्म कर देता है। इसके अलावा जीरा खाने को पचाने में मदद करता है जिससे गैस कम बनती है। जीरा गैस को बनने से रोकता है जिससे पेट और आंतों में अच्छे से खाना पच जाता है।

अमेरिका-ईरान समझौताः शांति या अस्थायी विराम?

हालिया संघर्ष ने यह भी दिखाया कि लंबे क्षेत्रीय युद्ध की आर्थिक और राजनीतिक कीमत काफी अधिक होती है। अमेरिका में इस समझौते को लेकर पूरी सहमति नहीं है। कुछ रिपब्लिकन नेताओं का मानना है कि प्रतिबंधों में राहत मिलने से ईरान अपनी सैन्य क्षमताओं को फिर मजबूत कर सकता है। वहीं ईरान भी इसे अपनी जीत के रूप में पेश कर रहा है। तेहरान का कहना है कि उसने अमेरिकी और इजराइली दबाव का सामना किया, लेकिन अपने मूल रणनीतिक उद्देश्यों से पीछे नहीं हटा। समझौते में ईरान के परमाणु ढांचे को तत्काल समाप्त करने की शर्त नहीं रखी गई है और यूरेनियम संवर्धन से जुड़े मुद्दे आगे की बातचीत के लिए छोड़े गए हैं। ईरान के भीतर भी अमेरिका को लेकर गहरा अविश्वास मौजूद है। 2015 के परमाणु समझौते से अमेरिका के बाहर निकलने को वहां आज भी एक बड़ी वजह माना जाता है। यही कारण है कि तेहरान भविष्य की किसी भी व्यवस्था में अधिक ठोस गारंटी चाहता है।अमेरिका और ईरान के संबंधों पर इतिहास की गहरी छाप है। 1979 की ईरानी क्रांति के बाद दोनों देशों के बीच संबंध अविश्वास, प्रतिबंधों, परोक्ष संघर्षों और सैन्य टकरावों से प्रभावित रहे हैं।

असद मिर्जा
(लेखक)

इस समझौते को संकट का अंत नहीं, बल्कि एक लंबी और जटिल कूटनीतिक प्रक्रिया की शुरूआत के रूप में देखना चाहिए। इसकी सफलता राजनीतिक इच्छाशक्ति, भरोसेमंद सत्यापन व्यवस्था, परस्पर प्रतिबद्धताओं के पालन और क्षेत्रीय तनावों के प्रबंधन पर निर्भर करेगी। इसने युद्ध के तत्काल खतरे को कम किया है और क्षेत्रीय स्थिरता की उम्मीद जगाई है। अमेरिका और ईरान के बीच हुआ प्रारूप शांति समझौता पश्चिम एशिया में व्यापक युद्ध के तत्काल खतरे को कम करने में सफल रहा है। कई महीनों तक चले सैन्य टकराव ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित किया, होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को खतरे में डाला और पूरे क्षेत्र में बड़े संघर्ष की आशंकाएं पैदा कर दी थीं। ऐसे माहौल में वाशिंगटन और तेहरान का बातचीत का रास्ता चुनना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेकिन इतिहास बताता है कि शांति समझौते पर हस्ताक्षर करना और उसे लंबे समय तक कायम रखना दो अलग बातें हैं। यह समझौता फिलहाल किसी व्यापक शांति संधि से अधिक एक राजनीतिक समझ है, जिसका उद्देश्य संघर्ष रोकना और आगे की बातचीत के लिए रास्ता बनाना है। इसकी सफलता केवल अमेरिका और ईरान की प्रतिबद्धताओं पर नहीं, बल्कि इजराइल के रुख, घरेलू राजनीतिक विरोध और ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े विवादों पर भी निर्भर करेगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे अपनी कूटनीतिक और सैन्य रणनीति की सफलता बताया है। उनका कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने से वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भरोसा लौटेगा। तेल आपूर्ति और समुद्री परिवहन को लेकर चिंताएं पहले ही कम हुई हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस समझौते का स्वागत करते हुए पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद जताई है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा और वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लिए यह क्षेत्र विशेष महत्व रखता है। अमेरिकी नीति में भी एक बदलाव दिखाई देता है। पहले वाशिंगटन की मांग थी कि ईरान अपनी परमाणु क्षमताओं को पूरी तरह समाप्त करे, तभी प्रतिबंधों में राहत संभव होगी। मौजूदा समझौते में पहले सैन्य टकराव रोकने और बाद में परमाणु सत्यापन, प्रतिबंधों तथा क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर बातचीत जारी रखने का रास्ता अपनाया गया है। हालिया संघर्ष ने यह भी दिखाया कि लंबे क्षेत्रीय युद्ध की आर्थिक और राजनीतिक कीमत काफी अधिक होती है। अमेरिका में इस समझौते को लेकर पूरी सहमति नहीं है। कुछ रिपब्लिकन नेताओं का मानना है कि प्रतिबंधों में राहत मिलने से ईरान अपनी सैन्य क्षमताओं को फिर मजबूत कर सकता है। वहीं ईरान भी इसे अपनी जीत के रूप में पेश कर रहा है। तेहरान का कहना है कि उसने अमेरिकी और इजराइली दबाव का सामना किया, लेकिन अपने मूल रणनीतिक उद्देश्यों से पीछे नहीं हटा। समझौते में ईरान के परमाणु ढांचे को तत्काल समाप्त करने की शर्त नहीं रखी गई है और यूरेनियम संवर्धन से जुड़े मुद्दे आगे की बातचीत के लिए छोड़े गए हैं। ईरान के भीतर भी अमेरिका को लेकर गहरा अविश्वास मौजूद है। 2015 के परमाणु समझौते से अमेरिका के बाहर निकलने को वहां आज भी एक बड़ी वजह माना जाता है। यही कारण है कि तेहरान भविष्य की किसी भी व्यवस्था में अधिक ठोस गारंटी चाहता है।अमेरिका और ईरान के संबंधों पर इतिहास की गहरी छाप है। 1979 की ईरानी क्रांति के बाद दोनों देशों के बीच संबंध अविश्वास, प्रतिबंधों, परोक्ष संघर्षों और सैन्य टकरावों से प्रभावित रहे हैं। 2015 का संयुक्त व्यापक कार्ययोजना समझौता (जेसीपीओ) कूटनीति की सफलता माना गया था, लेकिन 2018 में अमेरिका के उससे बाहर निकलने के बाद ईरान ने यूरेनियम संवर्धन बढ़ाया और वाशिंगटन ने प्रतिबंधों को और सख्त किया। यही प्रक्रिया हालिया टकराव तक पहुंची। मौजूदा समझौते की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि परमाणु विवाद का मूल प्रश्न अभी भी अनसुलझा है। उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम का भंडार प्रमुख विवादों में शामिल है। अमेरिका संवर्धन क्षमता में कमी और कड़े अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण की मांग करता है, जबकि ईरान शांतिपूर्ण परमाणु संवर्धन को अपना संप्रभु अधिकार मानता है। अमेरिका के लिए ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना अनिवार्य है, जबकि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को राष्ट्रीय गौरव और रणनीतिक स्वतंत्रता से जोड़कर देखता है। क्षेत्रीय परिस्थितियां भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। इजराइल साफ कर चुका है कि उसकी सुरक्षा चिंताएं केवल अमेरिका-ईरान समझौते तक सीमित नहीं हैं। हिजबुल्लाह, ईरान का क्षेत्रीय प्रभाव और उसकी मिसाइल क्षमताएं अब भी उसके लिए प्रमुख मुद्दे हैं। लेबनान में इजराइली सैन्य गतिविधियां इस समझौते के दायरे से बाहर हैं। दूसरी ओर हिजबुल्लाह और अन्य सहयोगी समूहों के साथ ईरान के संबंध भी मौजूदा व्यवस्था में शामिल नहीं हैं। इसलिए अमेरिका और ईरान के बीच संवाद जारी रहने के बावजूद क्षेत्रीय तनाव पूरी तरह समाप्त नहीं होंगे इसके बावजूद कुछ ऐसे कारण हैं जो इस समझौते को पिछले प्रयासों की तुलना में अधिक टिकाऊ बना सकते हैं। दोनों देशों ने प्रत्यक्ष संघर्ष की भारी कीमत चुकाई है। आर्थिक नुकसान, सैन्य खर्च और अंतरराष्ट्रीय दबाव ने संयम बरतने के लिए नई परिस्थितियां पैदा की हैं। साथ ही वातार्कारों ने पहले संघर्ष रोकने और बाद में कठिन मुद्दों पर बातचीत करने की रणनीति अपनाई है। अंततः इस समझौते को संकट का अंत नहीं, बल्कि एक लंबी और जटिल कूटनीतिक प्रक्रिया की शुरूआत के रूप में देखना चाहिए। इसकी सफलता राजनीतिक इच्छाशक्ति, भरोसेमंद सत्यापन व्यवस्था, परस्पर प्रतिबद्धताओं के पालन और क्षेत्रीय तनावों के प्रबंधन पर निर्भर करेगी। इसने युद्ध के तत्काल खतरे को कम किया है और क्षेत्रीय स्थिरता की उम्मीद जगाई है, लेकिन स्थायी शांति का रास्ता अभी भी लंबा है। दोनों देशों को दशकों पुराने अविश्वास से आगे बढ़कर यह साबित करना होगा कि बातचीत और समझौता निरंतर टकराव की तुलना में उनके राष्ट्रीय हितों के लिए अधिक लाभकारी हैं।

खरगे के सवाल, भागवत के जवाब

प्रियांक खरगे के पास इस सवालों को पूछने का कारण भी उपलब्ध है। उन्होंने मोहन भागवत को पत्र में लिखा है कि संघ की सबसे बड़ी और अहम फैसला लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की 2025-26 की कर्नाटक रिपोर्ट के अनुसार राज्य में संघ की 4,127 रोजाना शाखाएं, 1,389 साप्ताहिक मिलन, 60 मासिक मंडलियां और 2,194 समाजोत्सव (जिनमें 19.61 लाख लोग शामिल हुए) हैं। इतना ही नहीं 2.21 लाख वदीर्धारी प्रतिभागियों के साथ 562 रूट मार्च भी आयोजित किए गए। इतने बड़े पैमाने और प्रभाव के साथ संघ को अपनी कानूनी स्थिति, रजिस्ट्रेशन, पदाधिकारियों, फंडिंग, खर्च, टैक्स और सार्वजनिक गतिविधियों के लिए जरूरी मंजूरियों के बारे में साफ-साफ बताना चाहिए। गृहमंत्री होने के नाते उन्हें यह राज्य की सुरक्षा के मद्देनजर ऐसे सवाल करने ही चाहिए, क्योंकि लाखों लोग अगर संघ के कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, तो उसके लिए सार्वजनिक स्थलों का ही इस्तेमाल हो रहा है और यह सीधे कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है। इन सवालों में न कहीं आपत्तिजनक बात कही गई है, न कोई ऐसा राज पूछा गया है, जिससे कोई कमजोर नस दबी हो, फिर भी मोहन भागवत को इसमें राजनीति नजर आ रही है।

सर्वमित्रा सुरजन
(लेखिका)

प्रियांक खरगे के सवालों का सीधा जवाब न देकर हिंदू धर्म के नाम पर उलझाने की कोशिश में भागवत ने बड़ी गलती कर दी है। अगर संघ के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो फिर पंजीकरण कराएं और सारे कागजात पेश कर दें। हिंदू धर्म के पंजीकरण की बात को खरगे ने की नहीं है, उन्होंने संघ के पंजीकरण के बारे में पूछा है। अगर हिंदू धर्म का नाम लेकर कानूनी औपचारिकताओं से बचने का खेल शुरू हो जाए, तो फिर देश में ऐसी अराजकता कायम होगी, जिसे संभालना मुश्किल होगा। कर्नाटक के गृहमंत्री प्रियांक खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से कुछ आधिकारिक जानकारियां उपलब्ध कराने कहा है, जिस पर देश की सियासत में नया विवाद खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। 1925 में बना संघ इस समय पूरे देश में घूम-घूमकर अपनी शताब्दी का उत्सव मना रहा है। जिस संस्था ने सौ सालों का सफर तय किया हो, उसके पास दिखाने-बताने के लिए बहुत कुछ होगा। संघ कोई अमूर्त कल्पना, आभासी अवधारणा तो नहीं है, जिसके बारे में ठोस तौर पर कुछ कहा न जा सके। नागपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का अच्छा-खासा मुख्यालय है, हर साल यहां संघ का स्थापना दिवस दशहरे पर मनाया जाता है। इसमें हिंदुत्व की तरफ झुकाव रखने वाली देश की नामचीन हस्तियां शिरकत करती हैं। संघ के बाकायदा पदाधिकारी बने हुए हैं, सरसंघचालक से लेकर स्वयंसेवक तक सबकी जिम्मेदारियां तय हैं। 2014 के बाद से यानी नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विजयादशमी पर संघ प्रमुख के भाषण का प्रसारण प्रसार भारती के तहत आने वाले दूरदर्शन पर होता है, यानी सरकार संघ को कितना महत्व देती है, यह भी जाहिर है। संघ प्रमुख मोहन भागवत को जेड प्लस सुरक्षा मिली है, यानी आम आदमी के दिए गए टैक्स के पैसे से सरकार भागवत को सर्वोच्च श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध करा रही है। जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खुद को सांस्कृतिक संगठन कहता है। देश में कई कला अकादमियां हैं, इंटैक, स्पीकमैके, इप्टा, प्रगतिशील लेखक संघ, जनवादी लेखक संघ जैसे संगठन हैं, जिनका उद्देश्य भारत की कला, संस्कृति, संगीत, साहित्य आदि को संरक्षित और संवर्द्धित करना है, लेकिन इनके प्रमुखों के लिए सरकारी सुरक्षा कभी मुहैया नहीं कराई गई, तो फिर मोहन भागवत को ऐसी सुरक्षा क्यों मिली हुई है, ऐसे सवाल उठते ही हैं। लिहाजा प्रियांक खरगे ने भी कर्नाटक के गृहमंत्री होने के नाते अपने पद के दायरे में रहकर सवाल किए हैं। जिस पर अनावश्यक विवाद खड़ा करने की जगह एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मोहन भागवत को सीधे जवाब देने चाहिए। मगर वे इसमें हिंदू धर्म को बीच में ले आए हैं।

प्रियांक खरगे ने संघ से केवल आठ बिंदुओं पर जवाब मांगा है।

1. राष्ट्रीय स्वयं संघ की कानूनी स्थिति और संगठनात्मक संरचना।
2. इसके पदाधिकारियों और अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण।
3. दान, योगदान और आय के स्रोत।
4. खर्च और संपत्ति का विवरण।
5. क्या कानून के अनुसार लागू करों का भुगतान किया जा रहा है।
6. वह कानूनी आधार जिस पर औपचारिक पंजीकरण के बिना संगठन की गतिविधियां संचालित की जाती हैं।
7. वह संवैधानिक और वैधानिक ढांचा जिसके तहत यह सार्वजनिक जवाबदेही के बिना इतने बड़े पैमाने पर काम करने का अधिकार होने का दावा करता है।
8. सार्वजनिक कार्यक्रमों, रूट मार्च, जनसभाओं और अन्य संगठित गतिविधियों के लिए अनुमतियों, प्राधिकरणों और अनुपालन तंत्रों का विवरण।

प्रियांक खरगे के पास इस सवालों को पूछने का कारण भी उपलब्ध है। उन्होंने मोहन भागवत को पत्र में लिखा है कि संघ की सबसे बड़ी और अहम फैसला लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की 2025-26 की कर्नाटक रिपोर्ट के अनुसार राज्य में संघ की 4,127 रोजाना शाखाएं, 1,389 साप्ताहिक मिलन, 60 मासिक मंडलियां और 2,194 समाजोत्सव (जिनमें 19.61 लाख लोग शामिल हुए) हैं। इतना ही नहीं 2.21 लाख वदीर्धारी प्रतिभागियों के साथ 562 रूट मार्च भी आयोजित किए गए। इतने बड़े पैमाने और प्रभाव के साथ संघ को अपनी कानूनी स्थिति, रजिस्ट्रेशन, पदाधिकारियों, फंडिंग, खर्च, टैक्स और सार्वजनिक गतिविधियों के लिए जरूरी मंजूरियों के बारे में साफ-साफ बताना चाहिए। गृहमंत्री होने के नाते उन्हें यह राज्य की सुरक्षा के मद्देनजर ऐसे सवाल करने ही चाहिए, क्योंकि लाखों लोग अगर संघ के कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, तो उसके लिए सार्वजनिक स्थलों का ही इस्तेमाल हो रहा है और यह सीधे कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है। इन सवालों में न कहीं आपत्तिजनक बात कही गई है, न कोई ऐसा राज पूछा गया है, जिससे कोई कमजोर नस दबी हो, फिर भी मोहन भागवत को इसमें राजनीति नजर आ रही है। मोहन भागवत ने संघ के पंजीकरण की मांग को खारिज करते हुए कहा कि संगठन के पास न तो कुछ छिपाने के लिए है और न ही वह जनता की नजरों से बचकर काम करता है। उन्होंने साफ कहा है कि बहुत-सी अपंजीकृत चीजें संचालित हो रही हैं और हम कोई बात छिपाते नहीं हैं। हम खुलेआम काम करते हैं। हम लोगों को बुलाते हैं और उन्हें बताते हैं कि हम क्या करते हैं। भागवत ने कहा, यह राजनीति है। इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैंह्व हमें इसकी आदत हो गई है। संघ के अस्तित्व में आने के 10-15 साल बाद ही हमें इन सब चीजों का सामना करना पड़ा था। अगर ऐसा न हो, तो हमें लगता है कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान स्थापित यह संगठन सार्वजनिक बहस और आम सहमति की प्रक्रिया से उभरकर सामने आया। भागवत ने कहा, हिंदू धर्म पंजीकृत नहीं है। कई चीजें पंजीकृत नहीं होतीं। जो लोग सरकार से निधि चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराने की जरूरत होती है। भागवत ने ये भी कहा कि, ह्यसरकार ने हम पर दो बार प्रतिबंध लगाया। एक प्रतिबंध अदालत के आदेश के तहत और दूसरा सत्याग्रह के बाद हटाया गया। इसका मतलब है कि सरकार को आरएसएस के अस्तित्व के बारे में पता था। उन्होंने कहा कि संगठन ने 1950 में सरकार को अपना लिखित संविधान सौंपा था और किसी भी अधिकारी ने कभी इस बात पर जोर नहीं दिया कि मान्यता मिलने से पहले उसके लिए पंजीकरण कराना जरूरी है। भागवत ने कहा, पिछले 100 वर्षों में किसी ने हमसे नहीं कहा कि हमें पंजीकरण कराना होगा।आरएसएस प्रमुख ने आरोप लगाया कि ऐसी मांगों का मकसद आरएसएस के काम में बाधा डालना और लोगों के मन में संदेह पैदा करना है। प्रियांक खरगे के सवालों का सीधा जवाब न देकर हिंदू धर्म के नाम पर उलझाने की कोशिश में भागवत ने बड़ी गलती कर दी है। अगर संघ के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो फिर पंजीकरण कराएं और सारे कागजात पेश कर दें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर बदलती विश्व व्यवस्था तक

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

भारत का लोकतंत्र अनेक उतार-चढ़ाव, संघर्षों और उपलब्धियों का साक्षी रहा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से देश ने अनेक प्रधानमंत्रियों को देखा, जिनमें प्रत्येक ने अपने समय की चुनौतियों और अवसरों के अनुसार राष्ट्र की दिशा तय करने का प्रयास किया। किंतु कुछ अवसर ऐसे होते हैं जो केवल राजनीतिक घटनाएं नहीं रह जाते, बल्कि इतिहास के पन्नों पर स्थायी रूप से दर्ज हो जाते हैं। ऐसा ही एक अवसर तब आया जब श्री नरेन्द्र मोदी निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पद पर बने रहने वाले स्वतंत्र भारत के पहले व्यक्ति बन गए।यह केवल एक व्यक्ति की राजनीतिक सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की निरंतरता, जनादेश की शक्ति और बदलते राजनीतिक विमर्श का भी प्रतीक है। इस उपलब्धि का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह ऐसे दौर में हासिल हुई है जब विश्व राजनीति पहले से कहीं अधिक अस्थिर, अनिश्चित और तेजी से परिवर्तित हो रही है। जब पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में लंबे समय तक सत्ता में रहे, तब आज की अधिकांश पीढ़ियां अस्तित्व में नहीं थी। हमने उनके शासनकाल को इतिहास की पुस्तकों, दस्तावेजों और वरिष्ठ लोगों के संस्मरणों के माध्यम से जाना है। लेकिन नरेन्द्र मोदी के इस कीर्तिमान के हम प्रत्यक्ष साक्षी हैं। यही इतिहास और वर्तमान के बीच का सबसे बड़ा अंतर है। इतिहास को पढ़ा जाता है, जबकि वर्तमान को जिया जाता है। जब कोई रिकॉर्ड बनता है तो वह केवल आंकड़ा नहीं होता है, बल्कि उस समय की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों का भी प्रतिबिंब होता है। नरेन्द्र मोदी भारतीय राजनीति में स्थायित्व और जनसमर्थन की उस शक्ति को दशार्ता है जिसने लागातार तीन आम चुनावों में उन्हें जनता का विश्वास दिलाया। चाहे कोई उनके समर्थक हो या आलोचक, यह स्वीकार करना होगा कि इतनी लंबी अवधि तक लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनादेश बनाए रखना सामान्य उपलब्धि नहीं है। लोकतंत्र में कीर्तिमान केवल सत्ता में बने रहने से नहीं बनता। यह जनता के भरोसे, राजनीतिक संगठन की क्षमता, नेतृत्व कौशल और समय की परिस्थितियों के सम्मिलित परिणाम से निर्मित होता है। किसी तानाशाही व्यवस्था में लंबे समय तक शासन करना संभव हो सकता है, लेकिन लोकतंत्र में हर कुछ वर्षों पर जनता के सामने परीक्षा देनी पड़ती है। जनता संतुष्ट हो तो समर्थन देती है और असंतुष्ट हो तो सत्ता बदल देती है। इसीलिए लोकतांत्रिक कीर्तिमान विशेष महत्व रखते हैं।

प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय, मिट्टी और पर्यावरण भी होंगे सुरक्षित

- सोनपुर में आयोजित कार्यशाला में किसानों को दी गई टिकाऊ एवं लाभकारी खेती की जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग के बीच प्राकृतिक खेती आज कृषि क्षेत्र में एक प्रभावी और टिकाऊ विकल्प के रूप में उभर रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर जिले के सोनपुर प्रखंड के डुमरी बुजुर्ग गांव में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती की उपयोगिता, लाभ और आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ इसके समन्वय की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक, सोनपुर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की एक पद्धति नहीं, बल्कि मिट्टी, जल, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरता लगातार प्रभावित हो रही है, जबकि प्राकृतिक खेती मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखने के साथ-साथ उत्पादन लागत को भी कम करती है।

इससे किसानों को अधिक लाभ प्राप्त होता है और कृषि दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनती है। कार्यशाला में उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिकों एवं अन्य विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक खेती में स्थानीय संसाधनों, जैविक खाद, गोबर, गोमूत्र तथा प्राकृतिक कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है। इससे फसल उत्पादन की लागत घटती है और किसानों की आय में वृद्धि होती है। साथ ही खेतों की जैविक संरचना मजबूत होती है, जिससे मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है और पर्यावरणीय संतुलन भी कायम रहता है। विशेषज्ञों ने कहा कि आज के समय में उपभोक्ताओं के बीच रसायनमुक्त एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्यान्नों की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में प्राकृतिक खेती किसानों के लिए बेहतर बाजार और अधिक मूल्य प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करती है। यह पद्धति जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम में किसानों से आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती के समन्वय के माध्यम से कृषि को अधिक उत्पादक, लाभकारी एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने का आह्वान किया गया। किसानों ने भी प्राकृतिक खेती के प्रति रुचि दिखाई और इसे अपनाने के लिए आवश्यक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने की मांग की। कार्यशाला में बड़ी संख्या में किसान, कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य संदेश यही रहा कि प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज देंगे छपरा को नई रेल सौगात

- दुल्हन की तरह सजा छपरा जंक्शन, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं की तैयारियां अंतिम चरण में
- मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संभावित आगमन से कार्यकर्ताओं और प्रशासन में उत्साह

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। उत्तर बिहार के महत्वपूर्ण रेलवे केंद्र छपरा जंक्शन पर आज ऐतिहासिक दिन होने जा रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के आगमन को लेकर रेलवे प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित रह सकते हैं। रेल मंत्री के हाथों कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं तथा लंबी दूरी की नई ट्रेनों का उद्घाटन एवं शुभारंभ किया जाएगा, जिससे सारण सहित पूरे उत्तर बिहार के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

रेल मंत्री के प्रस्तावित दौरे से पूर्व बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरा वनकर ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ छपरा जंक्शन का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास एवं यात्री सुविधा विस्तार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, यात्री आवागमन व्यवस्था, फुट ओवरब्रिज, द्वितीय प्रवेश द्वार, स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। इसके अलावा ग्रीष्मकालीन एवं परीक्षा विशेष ट्रेनों के संचालन, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, होल्डिंग एरिया तथा निगरानी तंत्र की भी समीक्षा की गई। यात्रियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। रेल मंत्री के आगमन को लेकर छपरा जंक्शन को विशेष रूप से सजाया गया है। स्टेशन परिसर में रंग-रोगन, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सजावटी कार्यों को अंतिम रूप दिया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार स्टेशन को आकर्षक स्वरूप देने के लिए अतिरिक्त सजावट की गई है, जिससे आगंतुकों और यात्रियों को एक आधुनिक एवं विकसित रेलवे स्टेशन का अनुभव मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि छपरा जंक्शन लंबे समय बाद किसी बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम का केंद्र बन रहा है और स्टेशन वास्तव में दुल्हन की तरह सजा हुआ दिखाई दे रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, स्थानीय पुलिस तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। स्टेशन परिसर और कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी निगरानी, बैरिकेडिंग, प्रवेश नियंत्रण तथा यातायात प्रबंधन की व्यापक व्यवस्था की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि कार्यक्रम के दौरान यात्रियों और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गौरतलब है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव छपरा से नई लंबी दूरी की रेल सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। इनमें दिल्ली सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए नई ट्रेनों के संचालन की घोषणा होने की संभावना है। इससे सारण, सीवान, गोपालगंज और आसपास के जिलों के लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। लंबे समय से क्षेत्र के लोग बेहतर रेल संपर्क और नई ट्रेनों की मांग कर रहे थे, जिसे अब पूरा होते देखने की उम्मीद है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संभावित आगमन को लेकर भाजपा और एनडीए कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। विभिन्न स्थानों पर स्वागत की तैयारियां की गई हैं तथा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और विभिन्न विभागों के कर्मियों में भी विशेष सक्रियता देखी जा रही है। कार्यक्रम के मद्देनजर अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी पूर्ण यूनिफॉर्म में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

रेलवे के वाणिज्य, इंजीनियरिंग, परिचालन, सुरक्षा और तकनीकी विभागों के अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। छपरा जंक्शन पर होने वाला यह कार्यक्रम केवल नई ट्रेनों के उद्घाटन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे के आधुनिकीकरण, यात्री सुविधाओं के विस्तार और उत्तर बिहार के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रेल मंत्री के इस दौरे से क्षेत्र की जनता को नई रेल सौगात मिलने के साथ-साथ छपरा जंक्शन के भविष्य के विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

संक्षिप्त खबरें

नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत सारण में ऑनलाइन नशामुक्ति शपथ अभियान शुरू

छपरा। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित नशा मुक्त भारत सप्ताह के अवसर पर सारण जिला प्रशासन द्वारा ऑनलाइन नशामुक्ति शपथ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा युवाओं एवं आम नागरिकों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। जिला प्रशासन द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि सभी नागरिक क्यूआर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन नशामुक्ति शपथ लें और एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। अभियान के तहत लोगों को नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया जा रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष के घर बड़ी चोरी, 35 लाख के जेवरात और कीमती सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ

छपरा। सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खबसी गांव में भाजपा जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के आवास पर अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और चार अलमारियों को क्षतिग्रस्त कर उनमें रखे लगभग 35 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह परिवार के सदस्यों को तब हुई जब घर के कमरे और अलमारियां टूटी हुई मिलीं। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना बनियापुर थाना, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) तथा पुलिस अधीक्षक को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। भाजपा जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया है। घर में रखे बहुमूल्य आभूषण, चांदी के सामान एवं अन्य कीमती वस्तुएं चोरी कर ली गई हैं। पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा मामले की जांच की जा रही है।

शराब के नशे में दो युवक गिरफ्तार

पानापुर(सारण)। थाना पुलिस ने गश्ती अभियान के दौरान शराब के नशे में दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब सेवन करने वालों के बीच हड़कंप मच गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान मशरक थाना क्षेत्र के दुरगौली गांव निवासी कुंदन कुमार उर्फ आयुष तथा पानापुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी हरिकिशोर राय के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा और जांच के दौरान शराब सेवन की पुष्टि होने पर उन्हें हिरासत में ले लिया

बीएसएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, मारपीट भी की ,मामला दर्ज

बनियापुर। थाना क्षेत्र भकुरा भीट्ठी गांव में औरंगाबाद के एक युवक से बीएसएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर दस लाख रुपए ठगी करने का मामला दर्ज कराया गया है, जिसमें घटना के पीड़ित औरंगाबाद जिले के विराज बगहा निवासी शुभम कुमार ने बताया है कि भकुरा भीट्ठी के सुभाष कुमार सिंह एवं अभय कुमार सिंह के द्वारा बीएसएफ में नौकरी दिलाने के लिए दस लाख रुपए लिया गया वही फर्जी कागजात बनाकर बहाली में शामिल किया गया जिसके बाद बहाली से बाहर कर दिया गया, जब अपना दिया गया राशि हमलोग मांगने गए तो हमें और मेरे पिता को दोनों व्यक्ति द्वारा जमकर पिटाई कर दी गई।

ब्लूटूथ डिवाइस से परीक्षा में कदाचार करते दो गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

रिविलगंज (सारण)। बिहार मद्य निषेध सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से कदाचार करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रिविलगंज थाना क्षेत्र स्थित +2 गौतम ऋषि उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर की गई। जानकारी के अनुसार, 17 जून को केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में सिपाही भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण के निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों पर कदाचार रोकने के लिए सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान केंद्राधीक्षक ने एक परीक्षार्थी चीकू कुमार के पास से प्रतिबंधित ब्लूटूथ डिवाइस तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उक्त उपकरणों के माध्यम से परीक्षा में अवैध सहायता प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा था।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चीकू कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर रोहित कुमार को भी गिरफ्तार किया गया, जिस पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से परीक्षा में सहायता पहुंचाने का आरोप है। इस मामले में रिविलगंज थाना कांड संख्या 350/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है तथा आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

सारण पुलिस ने स्पष्ट किया है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कदाचार करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता, धोखाधड़ी अथवा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुरुपयोग को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गिरफ्तार आरोपित चीकू कुमार, पिताझजितेंद्र यादव, निवासीझ मुरकट्टा, थाना-हिसुआ, जिला-नवादा। रोहित कुमार, पिता-दिलीप प्रसाद, निवासी-मरुई, थाना-रोह, जिला-नवादा।

बरामद सामान, मोबाइल फोन - 02
आधार कार्ड - 02,प्रवेश पत्र - 02
ब्लूटूथ डिवाइस - 01, बैग - 01
चार्जर - 02,इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस - 01, छापेमारी दल रिविलगंज थाना के थानाध्यक्ष सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी।

छपरा-पाटलिपुत्र रेल सेवा की वर्षों पुरानी मांग फिर हुई तेज

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के छपरा आगमन के बीच सारणवासियों की वर्षों पुरानी रेल मांग एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गई है। स्थानीय बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने रेल मंत्री से छपरा जंक्शन और पाटलिपुत्र के बीच कम से कम दो जोड़ी नियमित ट्रेन सेवा प्रारंभ करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जिला मुख्यालय होने और पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाले स्टेशनों में शामिल होने के बावजूद छपरा को उसकी आवश्यकता के अनुरूप रेल सुविधाएं नहीं मिल सकी हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रतिदिन बड़ी संख्या में सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, व्यवसायी तथा अन्य यात्री पटना और पाटलिपुत्र की यात्रा करते हैं। इसके बावजूद आज तक छपरा और पाटलिपुत्र के बीच ऐसी कोई नियमित इंटरसिटी सेवा उपलब्ध नहीं है, जो सुबह कार्यालय समय से पहले यात्रियों को पटना पहुंचा सके और शाम में उन्हें वापस छपरा ला सके। इस कारण हजारों यात्रियों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से यह मांग उठती रही है कि थावे-सिवान-छपरा होते हुए पाटलिपुत्र तक एक इंटरसिटी ट्रेन चलाई जाए, जो सुबह 9:30 बजे तक यात्रियों को पटना पहुंचा दे तथा शाम में वापसी सेवा उपलब्ध कराए। इससे सारण, सीवान और गोपालगंज जिले के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि ऐसी सेवा शुरू होने से सड़क यातायात पर दबाव भी कम होगा और यात्रियों को सुरक्षित एवं सस्ता विकल्प उपलब्ध होगा। लोगों का यह भी कहना है कि पाटलिपुत्र से हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बछवारा और उत्तर बिहार के अन्य क्षेत्रों के लिए वर्षों से दर्जनों से अधिक ट्रेनें संचालित हो रही हैं, जबकि छपरा जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन के लिए अपेक्षित रेल सेवाओं का अभाव है। इससे क्षेत्रीय संतुलन और विकास की दृष्टि से भी प्रश्न खड़े होते हैं। सारण के नागरिकों ने एक और महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए गोरखपुर से सिवान, छपरा और पटना होते हुए नमो भारत रैपिड ट्रेन चलाने की मांग की है। उनका मानना है कि यदि इस मार्ग पर आधुनिक एवं तीव्र गति की रेल सेवा प्रारंभ होती है तो पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर बिहार के बीच आवागमन को नई गति मिलेगी। इससे व्यापार, शिक्षा, रोजगार और पर्यटन को भी व्यापक लाभ होगा। स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि छपरा जंक्शन केवल एक रेलवे स्टेशन नहीं बल्कि उत्तर बिहार के लाखों लोगों की जीवनरेखा है। यहां से प्रतिदिन हजारों यात्री यात्रा करते हैं और रेलवे को महत्वपूर्ण राजस्व प्राप्त होता है। ऐसे में क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। रेल मंत्री के दौरे से लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। सारणवासियों को विश्वास है कि रेलवे विकास के नए दौर में उनकी वर्षों पुरानी मांगों को प्राथमिकता मिलेगी और छपरा-पाटलिपुत्र इंटरसिटी सेवा सहित अन्य महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। यदि ऐसा होता है तो यह केवल एक नई ट्रेन की शुरूआत नहीं होगी, बल्कि सारण, सीवान और गोपालगंज के लाखों लोगों की आकांक्षाओं को नई दिशा देने वाला कदम साबित होगा।

2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा करे केंद्र सरकार: डॉ चंदेल

- महासंघ ने स्पष्ट किया कि देशभर के शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करने के लिए तैयार है

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालये आज दिनांक 18/06/26 को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सारण जिला इकाई के द्वारा जिला पदाधिकारी, सारण के माध्यम से भारत सरकार के माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय शिक्षा मंत्री को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा करना तथा उन्हें शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त करने की मांग करना था। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विष्णु कुमार एवं जिला महामंत्री चंदन कुमार उपस्थित रहे। ज्ञापन सौंपने के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश सचिव डॉ. विश्वजीत सिंह चंदेल ने कहा कि देशभर में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त लाखों शिक्षक वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। डॉ. चंदेल ने कहा कि 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधी अधिसूचना के बाद बनाए गए नियमों को पूर्व प्रभाव से 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना न्याय, समानता और विधिक सिद्धांतों के विरुद्ध है।

उस समय जिन नियमों एवं पात्रता मानकों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी, वे नियुक्तियां पूरी तरह वैध थीं। बाद में लागू किए गए नए मानदंडों को पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना शिक्षकों के सेवा अधिकारों एवं भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद देशभर के लाखों शिक्षकों में असमंजस एवं चिंता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। केंद्र सरकार को इस विषय में संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए तथा आवश्यक विधायी, नीतिगत अथवा प्रशासनिक कदम उठाकर 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए तथा उनकी सेवा, वरीयता, पदोन्नति एवं अन्य सेवा लाभों का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। डॉ. विश्वजीत सिंह चंदेल ने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। यदि इस विषय पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो यह पूरे शिक्षा तंत्र को प्रभावित करेगा। महासंघ ने स्पष्ट किया कि देशभर के शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करने के लिए तैयार है और सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा करता है।

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति द्वारा अखिल भारतीय न्यायिक कर्मचारी परिसंघ के पदाधिकारियों की सराहना

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। अखिल भारतीय न्यायिक कर्मचारी परिसंघ के पदाधिकारियों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पंकज मित्तल द्वारा संगठन के पदाधिकारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रेषित किया गया है। माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने अपने पत्र में अखिल भारतीय न्यायिक कर्मचारी परिसंघ के , संगठन सचिव राजेश्वर तिवारी द्वारा न्यायपालिका के हित में किए गए समर्पित एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि न्यायिक सेवा से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितों के संरक्षण तथा न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने की दिशा में इनका योगदान सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। प्रशस्ति पत्र में माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने संगठन के पदाधिकारियों जिसमे उपाध्यक्ष नरेश चौहान अरुण यादव महासचिव दिल्ली सुरेन्द्र प्रसाद साहब दिल्ली के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वे आगे भी न्यायपालिका के उच्च आदर्शों, अनुशासन और उत्कृष्टता की भावना के साथ अपना योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय न्यायिक कर्मचारी संघ के संगठन सचिव राजेश्वर तिवारी ने कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि देशभर के न्यायिक कर्मचारियों की एकता, समर्पण और निरंतर संघर्ष का सम्मान है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय संगठन के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं न्यायिक कर्मचारियों को देते हुए कहा कि भविष्य में भी संगठन न्यायिक कर्मचारियों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करता रहेगा। यह प्रशस्ति पत्र न्यायिक कर्मचारियों के मनोबल को नई ऊर्जा प्रदान करेगा तथा संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सीपीएस में न्यायिक पदाधिकारियों ने किया स्काउट्स एवं गाइड्स का मार्गदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारत स्काउट एवं गाइड, सारण के तत्वावधान में सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, चांदमारी रोड, छपरा में आयोजित जिला स्तरीय एकता शिविर के चौथे दिन न्यायिक पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पुनीत कुमार गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक और राष्ट्र के भविष्य हैं। उन्होंने कानून के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में न्याय, समानता और सद्भाव को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी स्वाति सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजीव कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राघवेंद्र विक्रम सिंह परमार, न्यायिक दंडाधिकारी साक्षी प्रखर तथा नैना जिंदल सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों को संविधान, न्याय व्यवस्था, नागरिक कर्तव्यों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने तथा सेवा एवं सदाचार के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में उपस्थित पाँच सौ से अधिक स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों ने अतिथियों के अनुभवों एवं विचारों से लाभ प्राप्त किया। संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका अतिथियों ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने शिविर के उत्कृष्ट आयोजन, अनुशासन एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल तथा भारत स्काउट एवं गाइड, सारण की प्रशंसा की।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर नगर निगम का विशेष प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। स्वच्छ एवं सतत शहरी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में छपरा नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शहरी निकायों के जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के क्षमता वर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, उप महापौर रागिनी कुमारी , विभिन्न नगर पंचायतों के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद, पार्षदगण, कार्यपालक पदाधिकारी एवं स्वच्छता पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे । कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महापौर ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच कचरा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, जिसका समाधान केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और नगर निकायों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने वार्डों एवं क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा घर-घर कचरा पृथक्करण को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमों का मुख्य उद्देश्य स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण, जैविक एवं अजैविक अपशिष्ट का अलग-अलग संग्रहण, पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना तथा वैज्ञानिक तरीके से अपशिष्ट का निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर से ही गीले और सूखे कचरे को अलग करना शुरू कर दे, तो शहरों की स्वच्छता व्यवस्था में व्यापक सुधार लाया जा सकता है। नगर आयुक्त ने प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए बताया कि घर-घर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्करण, अपशिष्ट प्रसंस्करण, संसाधन पुनर्प्राप्ति एवं वैज्ञानिक निस्तारण एक-दूसरे से जुड़े महत्वपूर्ण चरण हैं।

सहयोग जन कल्याण शिविर में सुनी गईं आमजन की समस्याएं, कई मामलों का मौके पर निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान/दारौंदाः प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित सहयोग जन कल्याण शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने पेंशन, राजस्व, स्वास्थ्य, मनरेगा, राशन कार्ड सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए। शिविर का निरीक्षण एवं संचालन निदेशक एनईपी (मनरेगा) मनीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी शिम्पी कुमारी तथा अंचलाधिकारी वेद प्रकाश नारायण की देखरेख में किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया और योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 30 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। राजस्व विभाग में कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन से जुड़े 10 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं श्रम संसाधन विभाग में 16, मनरेगा से संबंधित 11 तथा राशन कार्ड के तीन आवेदन जमा किए गए। कृषि विभाग में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के प्रवीण कुमार, एएनएम अनीता कुमारी, राजस्व कर्मचारी अमरेंद्र सिंह, आवास सहायक बंटी कुमार, कार्यपालक सहायक मनोज कुमार, प्रेम कुमार एवं निखनंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित रहे। इसके अलावा जीविका, आईसीडीएस, राजस्व, आवास, आपूर्ति, स्वच्छता, बिजली एवं श्रम संसाधन विभाग के प्रतिनिधियों ने भी लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन प्राप्त किए। अधिकारियों ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

अखिल भारतीय छात्र निबंध प्रतियोगिता में सुनिधि प्रजापति प्रथम स्थान में चयनित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित अखिल भारतीय छात्र निबंध प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत प्रांत लोक शिक्षा समिति, बिहार से संबद्ध सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर, छपरा की बहन सुनिधि प्रजापति ने किशोर वर्ग में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिससे विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ा है। दशम वर्ग की छात्रा सुनिधि प्रजापति ने हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रभावशाली निबंध लेखन के माध्यम से अपनी सृजनात्मक क्षमता एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। इस अवसर पर बहन की माता जी को विद्यालय की आचार्या दर्शना सिंह और नीलू कुमारी द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिनोद कुमार ने बहन सुनिधि प्रजापति को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बहन की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में चिंतन, लेखन कौशल एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विकास में सहायक सिद्ध होती हैं। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ अमरनाथ प्रसाद, उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव, सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारीगण तथा सदस्यगण ने सुनिधि प्रजापति की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। और बताया कि विद्या भारती द्वारा आयोजित इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना एवं संस्कारयुक्त शिक्षा को प्रोत्साहित करती हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य बंधु, भगिनी राजेश कुमार पाठक, राजेश कुमार अनिल कुमार आजाद, मणि भूषण सिंहा, स्वाति, दिलीपपति त्रिपाठी, इंदु कुमारी , अंजली सैनी, प्राची, गीतांजलि प्रकाश कुमार, विशाल कुमार सिंह तथाअन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 19 जून, 2026

पुलिस कार्रवाई में घायल युवक की मौत, शव पहुंचते ही सड़क जाम

प्रात : किरण संवाददाता

शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की इलाज के दौरान मौत के बाद गुरुवार की सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने बक्सर-आरा नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। शव गांव पहुंचते ही लोगों में आक्रोश फैल गया और सड़क पर प्रदर्शन शुरू हो गया। बताया जाता है कि बिलौटी गांव निवासी काशीनाथ तिवारी के पुत्र भरत भूषण तिवारी को बुधवार को पुलिस कार्रवाई के दौरान गोली लगी थी। घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए पहले आरा और बाद में पटना भेजा गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार सुबह शव गांव पहुंचा। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले भरत भूषण तिवारी का पिस्तौल लहराते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस उसे पकड़ने के लिए गांव पहुंची थी, लेकिन उस समय वह पुलिस के हाथ नहीं लगा। इसके बाद बुधवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गोली मारकर घायल कर दिया था। मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई। शव पहुंचने के बाद लोगों ने बक्सर-आरा नेशनल हाईवे जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों का कहना था कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम है।

पुलिस एनकाउंटर के बाद जमकर बवाल पुलिस ने तनी राइफल

आरा भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव के युवक भरत तिवारी के पुलिस एनकाउंटर में हुई मौत के बाद आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है शव के साथ सड़क परलोग प्रदर्शन कर रहे हैं वही मौके पर पहुंची पुलिस ने अचानक लोगों के ऊपर लाठी चार्ज कर दिया जिसके बाद लोग भड़क उठे और उन लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया और लोगों ने पुलिस के ऊपर रोड बड़ी करनी शुरू कर दी इसके बाद पुलिसकर्मियों ने पिस्तौल और राइफल को को करके लोगों के ऊपर तान दिया इसके बाद लोग भड़क उठ तस्वीरों में साफ तौर पर देख सकते हैं कि किस तरह से पुलिसकर्मियों ने राइफल को कब करके तान दिया है वही मौके पर मौजूद परिजन सीधे तौर पर पुलिस पर एनकाउंटर में साजिश के तहत भरत तिवारी को मार देने का आरोप लगा रहे हैं उनका कहना है कि पुलिस के सामने जब उसम ने आत्मसमर्पण ही कर दिया था तब फिर आखिर ऐसी क्या नौबत आ गई कि उसकी गोली मार दिया गया सुबह 7:00 बजे से ही ग्रामीण शव को लेकर सड़क पर उतरे हुए हैं और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं मौके पर आधा दर्जन से ज्यादा थानों की पुलिस एवं जगदीशपुर आरा सदर के तीन-तीन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं लोगों का आक्रोश पुलिस की लाठी चार्ज के बाद और भड़क गया और लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम कल, काउंसिलिंग 20 जून से

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राज्य स्तरीय बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम 19 जून को जारी किया जाएगा। परिणाम घोषित होने के बाद सफल अभ्यर्थियों के लिए 20 जून से ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके माध्यम से मेरिट और अभ्यर्थियों की पसंद के आधार पर कॉलेजों का आवंटन किया जाएगा। काउंसिलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को न्यूनतम तीन तथा अधिकतम दस कॉलेजों का विकल्प भरना होगा। अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए विकल्पों और उनकी मेरिट रैंक के आधार पर सीट आवंटन किया जाएगा। सीट मिलने के बाद नामांकन की आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिए शुल्क भी निर्धारित कर दिया गया है। एससी और एसटी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 500 रुपये शुल्क रखा गया है। वहीं महिला अभ्यर्थियों तथा ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए 750 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 1000 रुपये काउंसिलिंग शुल्क का भुगतान करना होगा।

अधिकारियों के अनुसार रिजल्ट जारी होने के तुरंत बाद ऑनलाइन काउंसिलिंग की विस्तृत तिथि और दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए जाएंगे। फिलहाल 20 जून से काउंसिलिंग शुरू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह प्रक्रिया 23 जून तक चलेगी, जिसमें अभ्यर्थी अपनी पसंद और प्राथमिकता के अनुसार कॉलेजों का चयन कर सकेंगे। काउंसिलिंग प्रक्रिया समाप्त होने के बाद 24 जून से दस्तावेज सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) का कार्य शुरू किया जाएगा। सत्यापन के दौरान अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक प्रमाण पत्र और दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद संबंधित कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।बीएड में नामांकन की तैयारी कर रहे हजारों अभ्यर्थी अब परिणाम जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। परिणाम घोषित होने के साथ ही दाखिले की प्रक्रिया भी तेज हो जाएगी, जिससे नए शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त होगा। शिक्षा विभाग और संबंधित विश्वविद्यालयों ने काउंसिलिंग एवं नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु रूप से संचालित करने की तैयारी पूरी कर ली है।

भूसा और गेहूं के ड्रम में छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बड़हरा (भोजपुर)। भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरपांति गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णागढ़ थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि पिपरपांति गांव निवासी छोटू राम के घर में अवैध रूप से शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर में रखे गेहूं के ड्रम, टूटे हुए बॉक्स तथा भूसा के अंदर बड़ी चालाकी से शराब छिपाकर रखी गई थी। पुलिस ने जब गहन जांच की तो वहां से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद शराब में रॉयल स्टेज सुपीरियर व्हिस्की की 750 एमएल वाली कुल 9 बोतलें शामिल हैं, जिसकी कुल मात्रा 6.750 लीटर है। इसके अलावा रॉयल स्टेज सुपीरियर व्हिस्की की 375 एमएल वाली 3 बोतलें भी बरामद की गईं, जिसकी कुल मात्रा 1.125 लीटर बताई गई है। वहीं किंगफिशर एक्स्ट्रा स्पेशल ब्रांड की 500 एमएल वाली 36 बोतलें भी पुलिस ने जब्त की हैं।

पुलिस द्वारा बरामद सभी शराब की कुल मात्रा 25.875 लीटर बताई गई है। छापेमारी के दौरान मौके से आरोपी छोटू राम, पिता विजय राम, ग्राम पिपरपांति, थाना कृष्णागढ़, जिला भोजपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

कृष्णागढ़ थाना पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

संक्षिप्त खबरें

सहार प्रखंड मुख्यालय पर सहयोग शिविर में 128 आवेदन का हुआ निप्टारा

आरा। सहार-सहारप्रखंड ममुख्यालय पर आयोजित सहयोग शिविर में विभिन्न प्रकार के 128 आवेदनो का निप्टारा किया गया। बिहार सरकार के आदेशानुसार आयोजित शिविर में सभी विभाग के अलग अलग कर्मचारियों को लगाया गया था। सहार प्रखंड मुख्यालय पर जहा आयोजित शिविर मे जिला से नोडल पदाधिकारी के देखरेख में आयोजित किया गया। हालांकि भीषण गर्मी के कारण ग्रामिणो की सहयोग शिविर में ज्यादा भीड भाड नहीं देखी गई। सहार प्रखंड विकास पदाधिकारी जानार्दन तिवारी ने बताया कि दोनों जगहों सहार के शिविर में ग्रामिणों द्वारा अलग अलग विभाग के कुल 128 आवेदन दिये गये। जिसमे से सहार में ग्रामिणो द्वारा सहार में बृद्धा पेशन के 06, बिजली विभाग के 2 आवेदन, राजस्व विभाग के आधा दर्जन आवेदन सहित शिविर मे मरीज इलाज कराने 32 पहुंचे। जहाँ स्वास्थ्य शिविर में आधा दर्जन मरीजों को स्वास्थ्य जांच और दवा दिया गया। जहाँ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामिणो के द्वारा सभी आवेदनो का जल्द से जल्द निप्टारा कर दिया जाएगा।

मार्निंग वॉक पर निकले व्यावसायी के गले से उचक्कों ने चेन छीना

आरा। शहर के रमना मैदान मुख्य गेट के समीप गुरुवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यावसायी के गले से बाइक सवार उचक्को द्वारा सोने की चेन छीनने का मामला सामने आया है। इस संबंध में भुक्तभोगी व्यावसायी शहर के महादेवा बघवा गली महादेवा रोड निवासी रविंद्र पाल उर्फ रवि सलूजा के द्वारा स्थानीय थाने में लिखित आवेदन प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दिया है। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि मैं घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकला। रोज की तरह जैसे ही मैं कलक्ट्री और रमना मैदान के गेट पर पहुंचा, तभी दो आदमी पीछे से आए और वह अपनी बाइक पर सवार थे। मेरे गले में हाथ लगाकर सोने की चेन झपट्टा मारकर छिन लिए। मैंने पीछे से देखा कि एक युवक बाइक चला रहा है, जो पीछे बैठा था उसके हाथ में मेरी चेन थी। वह ब्लैक शर्ट व ब्लैक कैप पहना हुआ था।

चाँदी चौक पर 'सुधीर ज्वेलर्स' का भव्य उद्घाटन

कोईलवर। भोजपुर जिले के चाँदी थाना क्षेत्र अंतर्गत चाँदी चौक पर गुरुवार को नए आभूषण प्रतिष्ठान 'सुधीर ज्वेलर्स' का शुभारंभ किया गया। चाँदी-जमीरा रोड स्थित इस प्रतिष्ठान के खुलने से क्षेत्र के लोगों को अब उच्च गुणवत्ता वाले सोने, चाँदी एवं हीरे के आभूषण स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगे। दुकान के प्रोपराइटर सुधीर कुमार ने बताया कि चाँदी चौक एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से बेहतर गुणवत्ता वाले आभूषणों की दुकान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ग्राहकों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'सुधीर ज्वेलर्स' की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान पर ग्राहकों को उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य पर आकर्षक डिजाइनों वाले हीरे, सोने और चाँदी के आभूषण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दुकान में 18 कैरेट एवं 22 कैरेट सोने के आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है।

अधूरी रिपोर्ट के कारण अतिथि शिक्षकों के सेवा विस्तार में विलंब, महाविद्यालय प्रशासन पर उठे सवाल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा अतिथि शिक्षकों की कक्षा संचालन एवं कार्य निष्पादन से संबंधित रिपोर्ट मांगे जाने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कई महाविद्यालयों को स्मरण पत्र जारी कर निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। बताया जा रहा है कि कुछ महाविद्यालयों द्वारा भेजी गई रिपोर्ट अधूरी है,इस स्थिति के कारण अतिथि शिक्षकों के सेवा विस्तार की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। विश्वविद्यालय के सीसीडीसी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति, कार्य योगदान, स्थानांतरण तथा शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित संपूर्ण विवरण निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। इसके बावजूद कई महाविद्यालयों द्वारा समय पर और पूर्ण जानकारी नहीं भेजे जाने से प्रशासनिक स्तर पर निर्णय लेने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। आरा, बक्सर रोहतास और भभुआ जिलों के कई प्रमुख महाविद्यालयों की रिपोर्ट लंबित या अपूर्ण पाई गई है।यदि महाविद्यालयों के प्राचार्य समयबद्ध एवं तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजते, तो अतिथि शिक्षकों के सेवा विस्तार की प्रक्रिया में इतनी देरी नहीं होती। अधूरी रिपोर्टों के कारण विश्वविद्यालय को बार-बार स्पष्टीकरण मांगना पड़ रहा है, जिससे पूरी प्रक्रिया लंबी होती जा रही है। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव उन अतिथि शिक्षकों पर पड़ रहा है जो लंबे समय से सेवा विस्तार के आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबंधित महाविद्यालयों को निर्धारित समय सीमा के भीतर हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी बंद लिफाफे में जमा कराने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराने वाले महाविद्यालयों से स्पष्टीकरण भी मांगा जा सकता है। प्रशासन ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही है।अतिथि शिक्षकों का कहना है कि वे नियमित रूप से शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, इसलिए सेवा विस्तार में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि महाविद्यालय प्रशासन लंबित रिपोर्ट कब तक भेजता है और विश्वविद्यालय सेवा विस्तार की प्रक्रिया को कितनी शीघ्रता से पूरा करता है।

मारपीट और गोलीबारी मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

आरा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामपुर सनदिया गांव में जमीन पर कब्जा करने को लेकर उपजे विवाद के दौरान मारपीट और गोलीबारी मामले में फरार आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के बड़की सनदिया गांव से की। गिरफ्तार आरोपित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़की सनदिया गांव निवासी स्व. चंद्रमा तिवारी का पुत्र संतोष तिवारी है। वह अप्राथमिकी अभियुक्त बताया जा रहा है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। बता दें कि बीते 3 मई को रामपुर सनदिया गांव में जमीन पर कब्जा और वर्चस्व के विवाद में दो पक्ष के लोग आपस में गिर गए थे। उस दौरान उनके द्वारा जमकर मारपीट और गोलीबारी की गई थी। उस मामले में पुलिस के बयान पर दोनों पक्षों से 36 नामजद और 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में अबतक करीब डेढ़ दर्जन आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं।

वीकेएसयू में स्नातक नामांकन के लिए 84 हजार से अधिक आवेदन, 21 जून को जारी होगी पहली मेधा सूची

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) में स्नातक सत्र 2026-30 के नामांकन को लेकर छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अब तक 84 हजार से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 जून निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन को उम्मीद है कि अंतिम दिन तक आवेदनों की संख्या बढ़कर लगभग 90 हजार तक पहुंच सकती है। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश राय ने बताया कि निर्धारित समय सीमा के बाद किसी भी प्रकार का नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। हालांकि, आवेदन पत्र भरने के दौरान हुई त्रुटियों को सुधारने के लिए अभ्यर्थियों को 20 जून तक का अवसर दिया गया है। इस अवधि में छात्र अपने आवेदन में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। इसके बाद 21 जून को प्रथम मेधा सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसके आधार पर विभिन्न कॉलेजों में ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस वर्ष वीकेएसयू से संबद्ध कॉलेजों की संख्या में वृद्धि हुई है। नए संबद्ध कॉलेजों में भी स्नातक स्तर पर नामांकन कराया जाएगा। इससे छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। विश्वविद्यालय ने कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों को मिलाकर कुल 1 लाख 35 हजार सीटें निर्धारित की हैं। इनमें सबसे अधिक 92,229 सीटें कला संकाय में हैं, जबकि शेष सीटें विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के लिए आरक्षित हैं। अधिकारियों का मानना है कि अंतिम तिथि तक बड़ी संख्या में छात्र आवेदन करेंगे, जिससे कुल आवेदन संख्या में और वृद्धि हो सकती है।विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि मेधा सूची जारी होने के बाद नामांकन प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी, ताकि छात्रों को समय पर कॉलेजों में प्रवेश मिल सके। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम समय तक प्रतीक्षा न करें और जल्द से जल्द आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए आवेदन पत्र समय रहते जमा करना बेहतर होगा। साथ ही जिन छात्रों के आवेदन पत्र में किसी प्रकार की गलती रह गई है, वे 20 जून तक उसमें आवश्यक सुधार अवश्य करा लें।विश्वविद्यालय को विश्वास है कि इस वर्ष नामांकन प्रक्रिया सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से पूरी होगी। 21 जून को पहली मेधा सूची जारी होने के बाद प्रवेश प्रक्रिया का अगला चरण शुरू होगा, जिससे हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

एकवारी में मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा का आगमन, बुढ़िया माँ मंदिर में की पूजा-अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

सहार (भोजपुर)। सहार प्रखंड के एकवारी गांव में बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा का आगमन हुआ। इस दौरान मंत्री ने क्षेत्र के प्रसिद्ध बुढ़िया माँ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर बिहारवासियों के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना किया।मंत्री के आगमन पर जदयू कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम में जदयू सहार प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री के आगमन से कार्यकताओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर राजेश कुशवाह, चंद्रकांत, चंद्रमा चन्द्रवंशी, ओमनाथ जी, अशोक राम, प्रभात रंजन, नवल किशोर सिंह, त्रिपुरी जी, शैलेश जी, अनूप पटेल, दिनेश सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं ने कहा कि मंत्री का क्षेत्र में आगमन संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा तथा विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने मंत्री का स्वागत कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं विकास संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की।

गैंग रेप पीड़िता के घर हालचल जानने पहुंचे लोजपा के नेता

दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। सहार /बरुही-लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान के नेतृत्व में गैंग रेप पीड़िता के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर हाल चाल जाना। वहीं उन्हें न्याय दिलाने का पुरा भरोसा दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान से पीड़िता की मां की फोन पर बातचीत कराई गई। मंत्री ने मामले में दोषियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि एक शिष्टमंडल जल्द ही भोजपुर के पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग करेगा।

मौके पर एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज पासवान, लेबर सेल के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला मीडिया प्रभारी संजू पासवान, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार, प्रखंड अध्यक्ष आमोद प्रसाद उर्फ अमर प्रखंड मीडिया प्रभारी विमलेश कुमार, धनेश पासवान, धनराज कुमार सहित लोजपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर के अंतिम दिन 55 आवेदन प्राप्त

प्रात : किरण संवाददाता

कोईलवर। भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग शिविर सह जन कल्याण शिविर का गुरुवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर के अंतिम दिन विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निष्पादन की प्रक्रिया संबंधित विभागों द्वारा शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत वीबीजी राम जी में जॉब कार्ड के 2 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं जीविका के तहत लखपति दीदी योजना से संबंधित 18, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 3, आयुष्मान भारत योजना के 17, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का 1, पीएम सूर्य घर योजना के 3 तथा मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना के 6 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त राजस्व विभाग से संबंधित 5 आवेदन भी शिविर में जमा किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) बीर बहादुर पाठक ने बताया कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से आम जनता को प्रखंड कार्यालय का बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़ता है तथा एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो जाती हैं। उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

शहीद वायु अग्निवीर के परिजनों को मंत्री ने सौंपा 21 लाख का अनुग्रह अनुदान

प्रात : किरण संवाददाता

कोईलवर। भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड के कायमनगर निवासी वायु अग्निवीर शहीद दानिश आलम के परिजनों को सैनिक कल्याण निदेशालय की ओर से से 21 लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि प्रदान की गयी। गुरुवार को बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री सह भोजपुर प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, सैनिक कल्याण पदाधिकारी सतीश चंद्र पांडेय ,डीएम तनय सुलतानिया एवं एसपी श्री राज ने शहीद के पैतृक आवास पहुंचकर उनके माता-पिता को 21 लाख रुपये का चेक सौंपा। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने शहीद के मातापिता और परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा दुख की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि शहीद दानिश आलम ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

उनका त्याग और समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीदों के परिजनों के सम्मान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी तनय सुलतानिया ने कहा कि दानिश आलम का बलिदान राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और समर्पण का प्रतीक है। उनका जीवन और बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक राज ने भी शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इधर इस दौरान जब प्रभारी मंत्री ने शहीद की माँ को चेक सौंपा तो माहौल भावुक हो गया। उपस्थित लोगों ने शहीद दानिश आलम को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके बलिदान को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

विवेकानंद की भविष्यवाणी को नरेंद्र मोदी कर रहे हैं पूरा केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री

●प्रधानमंत्री के 12 साल में अर्थव्यवस्था मजबूत बनी है

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और उजियारपुर से लोकसभा सांसद आज गया जी के अतिथि निवास मे मोदी सरकार के बारह साल मे आम आदमी और गरिबो के लिए हर योजना एवं जनकल्याणकारी को मिडिया को विस्तार से जानकारी दी है। आगे केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भविष्यवाणी की थी की 21 वी सदी भारत का होगा,जिस भारत में न कोई भूखा होगा न कोई अशिक्षित और बेधर होगा। स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र था आज भारत के कर्मयोगी प्रधानमंत्री का नाम भी नरेन्द्र है ।एक नरेन्द्र की भविष्यवाणी की थी उसे दूसरा नरेंद्र पूरा कर रहे हैं। पिछले बारह साल में भारत एक नया आयाम स्थापित किए हैं ।इस सरकार कि सोच है कि गरीबों का कल्याण,शासन मतलब सेवा, सुशासन है ।एक करोड गरिबों के शोचालय बने,58 करोड़ जन धन खाते खुले, ग्यारह करोड रुफये सिधे डिबीटी के माध्यम से लाभार्थी के खाते में गये है, आतंकवादी घटना का बुरा परिणाम मिला है मूंह तोड़ जवाब प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में दिया गया है। ओप्रेशन सिंदुर से अपने घर से उसके घर पर घुसकर सबक शिखाने का काम किया गया है। सर्जिकल स्ट्राइक के समय में भारत ने जो करवाई कि वह हर देशो ने प्रशंसा की है ।81 करोड लोगों को मुफ्त में अनाज दिया गया है। प्रधानमंत्री किसान निधी के अन्तर्गत ग्यारह करोड किसानों को सिधे खाते में गये है। प्रति व्यक्ति आय दो लाख से ज्यादा हो गया है ।32 करोड मा बहनो के जन धन खाते खुले हैं ।12 लाख से अधिक नौकरियां रोजगार मेले के माध्यम से देने का काम किया गया है । बेरोजगारी दर घटकर छ प्रतिशत से ज्यादा था अब मात्र तिन प्रतिशत रह गई है। 25 करोड़ लोग गरिबी रेखा से बाहर आए हैं ।हर गांव से शहर एवं राजधानी से जोडने का काम किया गया है। रेलवे ट्रैक, राष्ट्रीय राजमार्ग हो,हवाई अड्डे का निर्माण हो सबका बड़ा नेटवर्क बिछाने का काम किया गया है ।हर आम आदमी को सुविधा उपलब्ध कराई गई है ।जी एस टी को सरल बनाया गया है। कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तेतिस अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। जो सम्मान जो अंतरराष्ट्रीय देशो ने दिया है वह उस राष्ट्रय का उच्च सम्मान है। आतंकवादी हमले मे 95 प्रतिशत की कमी हुई है। पूर्वोत्तर राज्यों में भी उग्रवाद 82 प्रतिशत से ज्यादा घटे हैं। अप्रेल 26 मे पुण्तयः नक्सल मुक्त भारत है अयोध्या भगवान राम का भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। जिस भव्य निर्माण के लिए हमारे पुरोखो ने सहादत दी है। लेकिन हमारे कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्ररिश्रम एवं प्रेणा से हुआ है । अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त किया है। अब भारत रुकने वाला नही है ।2047 में जब भारत 100 वां वर्ष गाठ मना रहा होगा। प्रत्येक व्यक्ति आय सबसे ज्यादा होगा। हमारे नरेंद्र मोदी के कारण होगा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना युवा, महिला, किसान,गरिब के घर मे सब खुशहाल हो,सब समृद्ध हो 2047 विकसित भारत बने। दुनिया मे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय के रुप में जो संदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माध्यम से मिल रहा है ।कल अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा नरेंद्र मोदी ताकतवर है। अब विश्य के बढे से बढे निर्णय भारत के सहाभिगता के बिना नही हो सकते हैं। महिलाओं की उन्नति को बढाने के लिए पिछले बारह साल में बहुत महत्वपूर्ण कदम उठाए गये है ।पीएम सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.5 करोड़ सुकन्या समृद्धि खाते खोले गये है।

गया जी हवाई अड्डा पर हिन्दी कार्यशाला का सफल आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी ।भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के गया जी हवाई अड्डा पर राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के उद्देश्य से हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में हवाई अड्डे के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। इस कार्यशाला का उद्घाटन कार्यवाहक विमानपत्तन निदेशक श्री अविनाश सोरेंग द्वारा किया गया है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हिन्दी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ जनसंपर्क और प्रशासनिक कार्यों का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया है। कार्यशाला में राजभाषा नीति, राजभाषा अधिनियम एवं नियमों, कार्यालयीन कार्यों एवं वित्तीय क्षेत्र में हिन्दी के प्रयोग तथा हिन्दी में पत्राचार, नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को हिन्दी में कार्य करने हेतु उपलब्ध विभिन्न तकनीकी साधनों एवं सॉफ्टवेयरों के उपयोग के बारे में भी अवगत कराया गया है। इस कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं वक्ता सह सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गया जी दिवाकर कुमार, प्रबन्धक (राजभाषा), पंजाब नेशनल बैंक द्वारा किया गया तथा हिन्दी के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुझावों का आदान-प्रदान किया गया है। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस प्रकार की कार्यशालाओं को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया है। इस कार्यक्रम के अंत में गया जी हवाई अड्डा के राजभाषा विभाग के प्रभारी श्री अमरेश कुमार पाण्डेय द्वारा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग का संकल्प लिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

बाबू देवकीनंदन खत्री के जयंती पर सामयिक संवाद

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में भारत के महान साहित्यकार प्रथम तिलिस्म लेखक बाबू देवकीनंदन खत्री जी की 165वीं जयंती के अवसर पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,उपाध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद के क्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि हिंदी साहित्य में तिलस्मी लेखन शैली के जनक बाबू देवकीनंदन खत्री को माना जाता है। हिंदी भाषा के उत्थान में उनकी विशिष्ट भूमिका रही है। उनकी लिखित रचनाएं चंद्रकांता, चंद्रकांता संतति,काजल की कोठरी,नरेंद्र-मोहिनी,कुसुम कुमारी, वीरेंद्र वीर,गुप्त गोदना, कटोरा भर,भूतनाथ सर्व प्रमुख हैं।उनके रचनाओं को पढ़ने के लिए लोगों ने हिंदी भाषा को सीखना शुरू किया,भारत ही नहीं विदेशों के लोग भी उनकी कालजई रचना चंद्रकांता एवं चंद्रकांता संतति पढ़ने के लिए हिंदी भाषा के बुनियादी पहलू को सीखने का प्रयास किया। हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में इन दोनों ही उपन्यासों का बहुत बड़ा योगदान रहा है, हिंदी भाषियो. के बीच ऐय्यारी शब्द का ईजाद इन्होंने किया जो अत्यंत लोकप्रिय हुआ जितने हिंदी पाठक उन्होंने उत्पन्न किया उतनी अन्य किसी रचनाकार ने नहीं की। उनकी रचनाओं में भाव प्रबलता, पठनीयता और एकाग्रता की बहुलता है।

लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर की गई जलभरी

गोह (औरंगाबाद)। जिले के गोह प्रखंड के भुरकुंडा गांव में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर गुरुवार को जलभरी किया गया। गांव के यज्ञ स्थल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश लेकर देवहरा पुनपुन नदी घाट पर पहुंचे और नदी के पवित्र जल कलश में भरकर यज्ञ स्थल पर कलश का स्थापना किया। आयोजन समिति के पदाधिकारी ने बताया कि एक जल यात्रा में घोड़ा, वाहन गाजे बाजे के साथ लोग जलभरी ने शामिल हुए। प्रखंड मुख्यालय में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा माहौल गूंजता रहा। गुरुवार के शाम से जगत गुरु जियर स्वामी का प्रवचन शुरू हो गया है। जो 23 जून तक चलेगा। 24 जून को भंडारे के साथ संपन्न होगा। एक सप्ताह तक चलने वाला इस धार्मिक अनुष्ठान से आसपास के कई गांवों का भी माहौल भक्तिमय बन गया है। जलयात्रा को लेकर गोह पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस कार्यक्रम में समाज के सभी तबके के लोग बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। जियर स्वामी के प्रवचन सुनने के लिए बहुत दूर -दराज से लोग भुरकुंडा गांव पहुंच रहे हैं।

श्री रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम प्रारंभ

औरंगाबाद। जिले के भटकुर गांव में श्री श्री रुद्र महायज्ञ एवं ग्राम देवी शिव परिवार सहित हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जलभरी कार्यक्रम से श्री श्री रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में पीले वस्त्र में महिलाओं एवं पुरुषों की उपस्थिति रही। सभी भक्तों ने पीले वस्त्र धारण किए एवं उल्लास एवं भक्ति के माहौल से वातावरण सरोबार रहा। प्रातः काल में ही भक्तों की भारी भीड़ यज्ञ स्थल पर उपस्थिति देखी गई भीषण गर्मी में भी उनका भक्तिभाव देखते ही बन रहा था। झांकी कलाकारों द्वारा लगातार शानदार भक्ति कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। अनेक देव देवियों के रूप में सुसज्जित कलाकारों ने भी खूब भक्तों डीजे की धुन पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। यज्ञ समिति की ओर से भक्तों के लिए बेहतरीन सुविधाओं की शानदार व्यस्था की गई थी। यज्ञ समिति के कार्यकताओं की मेहनत ने भक्तों को काफी प्रभावित किया प्रायः हर जगह भक्तों की सेवा में लगे रहे।भक्तिमय माहौल में ऐसा लगता था जैसे सभी देवी देवताओं का अवतरण देव में हुआ हो।

जिलाधिकारी के समक्ष महंगाई, बेरोजगारी,लुट हत्या व भ्रष्टाचार के खिलाफ की रोषपूर्ण मार्च

अरवल। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कॉमरेड अरुण कुमार के नेतृत्व में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का रोष पूर्ण मार्च निकला । यह मार्च भाकपा कार्यालय शाह जुहैर भवन अरवल से निकलकर गगन भेदी नारा। लगाते जैसे महंगाई पर रोक लगाओ,बेरोजगारी , लुट ,हत्या ,भ्रष्टाचार पर रोक लगाओ, एवं गरीबों के घरो पर बुलडोजर चलना बंद करो, सभी भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन देना होगा, तथा सभी गरीबों पक्का मकान देना होगा आदि नारा लगाते अरवल औरंगाबाद रोड , भगत सिंह चौक, अरवल जहानाबाद रोड होते हुए जिला पदाधिकारी अरवल के कार्यालय पहुंच कर 16 सूत्री मांगों लेकर प्रदर्शन किया । प्रदर्शन में आये लोगो को संबोधित करते हुए राज्यकार्यकारणी सदस्य कॉमरेड गजनफर नबाब ने कहा बिहार में जब से भाजपा की सरकार आई है, दलित-गरीबों की बस्तियों पर बुलडोजर का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपा सरकार दलितों, गरीबों, मजदूरों और किसानों पर चारों तरफ से हमला कर रही है। भाकपा जिला सचिव कॉमरेड अरुण कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इन तमाम जुल्म के खिलाफ किसान, मजदूर , छात्र ,नौजवान को गोलबंद होना होगा और इंकलाब का आगाज करना होगा ।सभी जुल्मो का जवाब सिर्फ इंकलाब ही हो सकता है। इस कार्यक्रम में भाकपा सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड रामचंद्र पाठक, मोइन अंसारी, सुशील कुमार, सुरेश सिंह, गोपाल मिश्रा के अलावे सैकड़ो किसान मजदूर छात्र नौजवान अपने अपने हाथों में लाल झंडा लिए अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद अपनी 16 सूत्री मांग जिला पदाधिकारी अरवल को भाकपा के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल में भाकपा राज्यकार्यकारनी सदस्य कॉमर।

वजीरगंज के लाल सौरभ कुमार बने भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर

●चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ट्रॉफी से सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

सिटी रिपोर्टर/वजीरगंजे प्रखंड के सिंगठिया गांव के लिए यह अत्यंत गौरव और खुशी का क्षण है कि गांव के होनहार युवा सौरभ कुमार ने भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कमीशन प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हैदराबाद स्थित एयर फोर्स अकादमी में आयोजित भव्य संयुक्त स्नातक परेड के दौरान माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा उन्हें भारतीय वायु सेना में अधिकारी के रूप में रैंक प्रदान की गई है। सौरभ कुमार सिंगठिया गांव निवासी अंजनी सिंह के सुपुत्र तथा स्व विक्रम सिंह के पौत्र हैं। अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और अदम्य संकल्प के बल पर उन्होंने यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की है। प्रशिक्षण के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, नेतृत्व क्षमता और सैन्य कौशल को देखते हुए उन्हें प्रतिष्ठित चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जो किसी भी प्रशिक्षु अधिकारी के लिए अत्यंत सम्मान और गर्व की बात होती है। सौरभ की इस उपलब्धि पर न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे सिंगठिया गांव, प्रखंड क्षेत्र और जिले का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। गांव में खुशी का माहौल है और लोग इसे अपने क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि मान रहे हैं। परिजनों, मित्रों और ग्रामीणों ने सौरभ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। एक साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर भारतीय वायु सेना के अधिकारी बनने तक का सौरभ का सफर युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में अब वे राष्ट्र की सुरक्षा और सेवा के महान दायित्व का निर्वहन करेंगे। सिंगठिया का यह सपूत आज केवल अपने परिवार का नहीं, बल्कि पूरे बिहार का गौरव बन गया है।

प्रखंड स्तर पर सहयोग सह जन कल्याण शिविर आयोजित

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में अंतिम दिन अरवल जिला अंतर्गत सभी 05 प्रखंडों में ह्यसहयोग सह जन कल्याण शिविरह्व का सफल आयोजन किया गया। यह सहयोग -सह- जन कल्याण शिविर प्रत्येक प्रखण्ड स्तर पर 16, 17 एवं 18 जून को आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निष्पादन एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार प्रत्येक सहयोग सह जन कल्याण शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल स्थापित किए गये है तथा प्रत्येक स्टॉल पर विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की सूची प्रमुखता से प्रदर्शित की गई है, ताकि आम नागरिकों को योजनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। वहीं प्रभारी सचिव डॉ. आशिमा जैन द्वारा अरवल एवं कलेर प्रखंड में आयोजित सहयोग -सह- जन कल्याण शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। वहीं सहयोग -सह- जन कल्याण शिविर में अरवल प्रखण्ड में कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 27 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कलेर प्रखण्ड में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 20 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। करपी प्रखण्ड में कुल 93 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 33 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखण्ड में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 44 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कुर्था प्रखण्ड में कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 32 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सके।

विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को लेकर भाजपा की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। भारतीय जनता पार्टी अरवल जिला इकाई द्वारा आगामी 20 जून को इंडोर स्टेडियम अरवल में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रबुद्धजन विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने की। बैठक में सम्मेलन की तैयारियों, कार्यकताओं की जिम्मेदारियों, अतिथियों के स्वागत, मंच व्यवस्था, प्रचार-प्रसार एवं कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित यह सम्मेलन विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने हेतु पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितीश मिश्रा शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकताओं एवं भाजपा कार्यकताओं की व्यापक सहभागिता रहेगी। बैठक में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया तथा विभिन्न मंडलों एवं बूथ स्तर तक अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजीव कुमार, संगीता कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष गिरेन्द्र कुमार, संजीत सिंह, जिला मंत्री अमृत राज उपाध्याय, क्रीड़ा प्रकोष्ठ संयोजक राधिका रमण, कार्यालय मंत्री धनंजय रविदास, संजय गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष भरत यादव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री आशुतोष पाण्डेय, सहित पार्टी के पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मां मंगला गौरी एवं भगवान विष्णु नगरी एंव ज्ञान स्थली गया जी में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय का डॉ मनीष पंकज मिश्रा द्वारा भव्य स्वागत

●श्रीमद भागवत गीता ,अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने आज ज्ञान एवं मोक्ष की भूमि गयाजी में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को गयाजी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर श्रीमद भागवत गीता ,अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया है। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि 12 साल बेमिसाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अनेको कार्य देशहित में हुआ हैं भारत को वैश्विक पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया हैं ,आर्थिक संकट के बावजूद आत्मनिर्भर भारत योजना,जनधन योजना, उज्ज्वला योजना,आयुष्मान भारत,डिजिटल इंडिया,स्टार्टअप योजनाओं से आमजन का जीवन बदला हैं। मोदी के नेतृत्व में आर्थिक सामाजिक, कूटनीति और सुरक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धि हासिल की हैं ।सर्जिकल स्ट्राइक,आतंक के साथ साथ नक्सल पर अंतिम प्रहार कर हाशिये पर आ गया है इसी उपलक्ष्य में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिए हैं ।आज स्वागत करने वाले में प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा,जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह, विजय कुमार मांझी,पूर्व संसद रामजी मांझी,हरि मांझी, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,संतोष ठाकुर धीरज रौनियार,,कमल सिन्हा,दीपक पाण्डेय,संतोष सिंह,अजय कुमार,शशि सिन्हा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं।

बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर स्वास्थ्य शिविर, मरीजों के बीच बांटी गई दवा

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की 139वीं जयंती गुरुवार को समाहरणालय स्थित उनके स्मारक परिसर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। जयंती समारोह के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक चले शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शिविर में एके अस्पताल के निदेशक एवं सर्जन डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने मरीजों की जांच की। उन्होंने मस्तिष्क, रीढ़, पेट, छाती, शुगर तथा रक्तचाप से संबंधित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया। चिकित्सकों ने मरीजों को नियमित जांच, संतुलित आहार और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के अभाव में फैलने वाली बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कहा गया कि समय पर जांच और उपचार से कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। शिविर में पहुंचे मरीजों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों के लिए लाभकारी बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह ने समाज सेवा, शिक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी प्रेरणास्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में रामभजन सिंह, नागेंद्र सिंह, नवीन कुमार, अरविंद कुमार, राजेश्वर प्रसाद, मो. जिन्ना, मो. जुल्फिकार, टिंकू सिंह, प्रो. विनोद सिंह, मो. इरफान, मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, उदय पासवान, रामपति राम, देवंती कुमारी, छोटू कुमार, मो. शकील, विजय कुमार, पंकज कुमार, मनोज कुमार, रामाधार शर्मा एवं सूर्यदेव यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

डोभी अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी को जिलाधिकारी ने असंच्यी प्रभाव से दो वेतन वृद्धि पर रोक

गया जी। कुमार नाथ उपाध्याय, राजस्व कर्मचारी, अंचल कार्यालय, डोभी द्वारा सरकारी कार्यों का स समय निष्पादन ना करना तथा कार्यों में अनियमितता के संबंध में शिकायत प्राप्त हुआ है। प्राप्त शिकायत के आलोक में जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर द्वारा मामले की जांच हेतु जांच कमिटी के माध्यम से कराया गया, जिसके जांच प्रतिवेदन में सम्बंधित राजस्व कर्मचारी पर लगे सभी आरोप सही पाया गया है।

मध निषेध परिक्षा कदाचार मुक्त कराने के प्रशासन द्वारा तत्परता लेकिन टोटो चालक द्वारा मनमानी से परिक्षार्थियों को हुई दिक्कत

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। मद्य निषेध द्वितीय पाली परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी अधिकारी लगे हुए हैं ।सदर अनुमंडल पदाधिकारी,जिला परिवहन अधिकारी, नगर निगम आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया है ।वही इस परीक्षा केंद्रों पर पहुचने के लिए बाहरी परिक्षार्थियों को नजायज भाड़ा लेकर टोटो चालक द्वारा गया जी का नाम गलत संदेश गया है इसपर कयी संगठनों ने आवाज उठाई थी बाहरी टोटो चालक द्वारा मनमानी और बदसुलूकी और मनमानी किराया बसुलना गया है। वाराणसी से आयी पुजख कुमारी ने मिडिया से स्टेशन पर बताया कि मुझे एक टोटो चालक द्वारा मनमानी किराया लिया गया है और जो दस मिनट का रास्ता है उसे आंधे घंटा परिक्षा केन्द्र पर पहुंची हु। प्रशासन से मांग कि है कि टोटो चालक पर अंकुश लगायी जानी चाहिए जिनका गया जी आधार और ड्राइविंग लाइसेंस है उन्हें ही रोड पर परिमशन दिया जाना चाहिए जिस तरह हमारे वाराणसी नगरी मे बिहार से आकर वहा कानागरिकता और ड्राइविंग लाइसेंस लिए है कोई भी यात्री के साथ कोई भी टोटो चालक द्वारा मनमानी करने पर कठोर करवाई उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग करती है लेकिन गया शहर में यह नही देखने को मिला।

शब्दवीणा की मासिक साहित्यिक भेंटवार्ता एक शाम साहित्य के नाम

औरंगाबाद। राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ह्यशब्दवीणाह्व के संयोजन में आयोजित मासिक साहित्यिक भेंटवार्ता ह्नएक शाम साहित्य के नामह्न के जून 2026 अंक में बतौर आमंत्रित साहित्यकार कवि प्रो. डॉ. विमल प्रकाश गौतम उर्फ डॉ विमल फरीदाबादी रहे। कार्यक्रम की संयोजिका एवं संचालिका शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश सचिव एवं फरीदाबाद जिला समिति की संरक्षक सरोज कुमार ने डॉ विमल का संक्षिप्त शैक्षणिक एवं साहित्यिक परिचय देते हुए शब्दवीणा के राष्ट्रीय मंच पर अभिनंदन किया। कार्यक्रम की समन्वयक एवं शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने भी डॉ विमल प्रकाश का स्वागत किया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के उपरांत सरोज कुमार ने डॉ विमल से एक शिक्षक एवं साहित्यकार के सामाजिक दायित्वों एवं साहित्य के उद्देश्यों पर बातचीत प्रारंभ की। डॉ विमल ने बतलाया कि वर्तमान में वे पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फरीदाबाद, हरियाणा में शारीरिक शिक्षा विषय के सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं तथा वे केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति में भी फिजिकल एजुकेशन टीचर के रूप में भी अपनी सेवा दे चुके हैं। एक खेल शिक्षक एवं साहित्यकार के रूप में वे अपने छात्र-छात्राओं में अनुशासन, सक्रियता, देश और समाज में फैली बुराइयों के प्रति सुधारात्मक दृष्टिकोण, मानवीयता, संकल्पबद्धता, सामूहिक एकता और अपनत्व जैसे गुणों का संवर्द्धन करने की कोशिश करते रहे हैं। उन्होंने अच्छे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खिलाड़ियों को भी साहित्य से जुड़े रहने का परामर्श दिया। वाताकार श्रीमती सरोज कुमार द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों का उत्तर देते हुए डॉ विमल ने कहा कि मानवीय रिश्तों में ईमानदारी का होना बहुत जरूरी है। सबसे पहले हमें स्वयं के प्रति ईमानदार रहने की जरूरत है, तभी हम देश तथा समाज के प्रति ईमानदार रह सकते हैं। उन्होंने अपने एकल काव्य संग्रह ह्यकविता-ए-तल्खह्न में से ह्नरिश्तों में मुझको न छल चाहिए, हृदय हमारा निर्मल चाहिएह्व गीत सुमधुर स्वर में गाकर सुनाया ।डॉ विमल ने बताया कि लेखक एवं सह-लेखक के रूप में अब तक उनकी सात पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने ह्ननारी से जनम, नारी का दमनह्व कविता द्वारा समाज में जन्म देने वाली नारियों के दलन, दमन, और शोषण पर चिंता जताई। समाज में बुराइयों पर अच्छाइयों के विजय के लिए साहित्यकार की भूमिका को महत्वपूर्ण बतलाते हुए कहा कि साहित्यकार की कलम में ईमानदारी और सच्चाई होनी चाहिए। एक साहित्यकार को जनमानस की समस्याओं पर लेखनी चलानी चाहिए। डॉ विमल ने पीड़ा के विविध स्वरूपों पर विचार रखे।

कार्यपालक सहायक के मौत पर शोक सभा

ओबरा (औरंगाबाद)। ओबरा मनरेगा कार्यालय मे पदस्थापित कार्यपालक सहायक रंजीत कुमार की सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई। बताया गया कि मृतक रंजीत कुमार दाउदनगर थाने के भगवान बीघा निवासी बताया गया है। प्रत्येक की भाती वह अपने घर भगवान बीघा से कार्यालय ओबरा ड्यूटी करने आ रहे थे कि सड़क दुर्घटना दाउदनगर मे उनकी सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई। मौत के बाद सभी मनरेगा के कर्मी आहट हो गए है। बताया जाता है कि करीब तीन वर्ष के करीब ओबरा मे कार्य कर रहे थे। मनरेगा कार्यालय ओबरा मे मनरेगा पदाधिकारी रजनीश शेखर की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। सभी मनरेगा कर्मी उनकी आत्म की शांति हेतु दिवंगत आत्मा को शांति को ले प्रार्थना किया। मनरेगा के पदाधिकारी रजनीश शेखर ने कहा कि उन्हें असामयिक जाना बेहद पीड़ा दायक है। खबर सुनकर मैं एवम सभी कर्मी मर्माहत है। हमे तो कुछ दिनों से यहां पदस्थापित होने के बाद कार्यालय मे कार्य के प्रति सजग रहकर बेहतर कार्य देखा। उनके कार्य सराहनीय रहा। मौके पर पंचायत तकनीकी सहायक विजेंद्र तिवारी, दीनानाथ तिवारी, कनीय अभियंता अनिल कुमार, अविनाश कुमार, डिहरा सीएसपी संचालक अलख निरंजन, अमित कुमार, धर्मेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या मे कर्मी शोक सभा मे शामिल रहे।

जिला पदाधिकारी ने दैनिक जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएँ

समस्याओं का हुआ ऑन द स्पॉट निवारण

●जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता स्तर पर निष्पादन हेतु पदाधिकारियों को दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिलाधिकारी, गया शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित दैनिक जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं है। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

21 जून को बेतिया के 8 केंद्रों पर होगी नीट यूजी-2026 पुनर्परीक्षा

● परीक्षा संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए), नई दिल्ली द्वारा आयोजित नीट यूजी-2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून 2026 (रविवार) को जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा अपराह्न 2.00 बजे से 5.15 बजे तक होगी। परीक्षा संबंधी औपचारिकताओं के लिए अभ्यर्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस परीक्षा में जिले के कुल 4,819 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर आज समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन सहित सभी केंद्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता दल एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नीट यूजी देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक है, इसलिए परीक्षा संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को परीक्षा संचालन संबंधी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व सभी अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक सत्यापन एवं सघन तलाशी अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए बायोमेट्रिक ऑपरेटर, सीसीटीवी ऑपरेटर, जैमर कर्मी और वीडियोग्राफरों का भी पहचान पत्र एवं व्यक्तिगत आई-कार्ड का सत्यापन कर ही उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश दिया जाए।उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्र पर प्रवेश का समय पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 1.30 बजे तक निर्धारित है। अपराह्न 1.30 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसी अवधि में अभ्यर्थियों की तलाशी एवं बायोमेट्रिक जांच भी पूरी कर ली जाएगी।जिला पदाधिकारी ने सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय, चिकित्सा सुविधा, एम्बुलेंस, अग्निशमन व्यवस्था तथा अन्य सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें।

22 लाख फिरौती कांड का खुलासा

● पांच आरोपी गिरफ्तार, बालक ने कागज पर लिखकर मांगी थी पुलिस से मदद

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल के चितवन जिले में 22 लाख रुपये की फिरौती के लिए अपहत किए गए 16 वर्षीय बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने पांच भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अपहरणकर्ताओं की साजिश नाकाम हो गई और बालक सुरक्षित अपने परिवार तक पहुंच गया। जानकारी के अनुसार, अपहरण के बाद आरोपियों ने बालक के परिजनों से 22 लाख रुपये की फिरौती की मांग की थी। इस दौरान बालक ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए एक कागज पर संदेश लिखकर पुलिस तक मदद की गुहार पहुंचाई। इसी अहम सुराग के आधार पर पुलिस को जांच में सफलता मिली और अपहरणकर्ताओं का पता चल सका। चितवन पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर काठमांडू से बालक को सकुशल मुक्त कराया तथा अपहरण में शामिल पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मामले की आगे की जांच जारी है और अपहरण के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। घटना के खुलासे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की है।

22 जून को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन

बेतिया। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र बेतिया (डीआरसीसी) में दिनांक-22.06.2026 को जॉब कैम्प का आयोजन किया गया है। इस दिन 11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.00 बजे अपराह्न तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों का एनसीएस पोर्टल (NCS.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य है। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 22 जून को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के प्रांगण में आयोजित जॉब कैम्प में निजी नियोजक द्वारा ऑपरेटर एशोसिएट के पद पर कार्य करने हेतु कुल 30 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

संक्षिप्त खबरें

आशा कार्यकताओं का आक्रोश फूटा

बेतिया।बेतिया में 11 माह से आशा कार्यकर्ताओं का भुगतान लंबित रहने के कारण उनमें गहरा आक्रोश व्याप्त है। लगातार उपेक्षा और आर्थिक संकट से जूझ रही आशा कार्यकर्ताओं ने सरकार एवं विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए आज इमली चौक पर स्वास्थ्य मंत्री का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित आशाओं ने पीएचसी स्तर पर लेखापाल, आशा बीसीएम तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर उदासीनता और उपेक्षापूर्ण रवैये के साथ-साथ अवैध वसूली के गंभीर आरोप भी लगाए। प्रदर्शन के दौरान संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ओम प्रकाश क्रांति ने कहा कि संबंधित पीएचसी में वर्षों से जमे लेखापाल ने कथित रूप से एक ह्यलूट तंत्रह्न जैसी व्यवस्था बना ली है, जिससे आशा कार्यकताओं का भुगतान प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जिला पदाधिकारी से मांग की कि ऐसे कर्मियों का तत्काल स्थानांतरण किया जाए और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर आशा कार्यकर्ताओं का लंबित भुगतान नहीं किया गया तो व्यापक स्तर पर सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार एवं विभाग की होगी। साथ ही 13 जुलाई को जिला पदाधिकारी के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर संबंधित भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करने की भी घोषणा की गई।

रामनगर थाने के थानाध्यक्ष और गश्ती पदाधिकारी निलंबित

बगहा। पुलिस जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना के मामले में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रामनगर थानाध्यक्ष और गश्ती पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामनगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सतिश चंद्र पाण्डेय, निवासी बैरंगांव परसौनी, थाना मैनाटांड़, जिला पश्चिम चंपारण के साथ मारपीट कर उनका मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये लूट लिए थे। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन आरोप है कि रामनगर थाना के तत्कालीन सह-थानाध्यक्ष दीपक कुमार तथा गश्ती पदाधिकारी पु०अ०नि० अखिलेश कुमार राय ने मामले की जानकारी समय पर वरीय अधिकारियों को नहीं दी और न ही प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों अधिकारियों की इस लापरवाही और अनुशासनहीनता से पुलिस की छवि धूमिल हुई तथा आम जनता के बीच अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हुई।

वाल्मीकि आश्रम में लव-कुश प्रतिमा का अनावरण

बगहा। इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के वाल्मीकि आश्रम परिसर में गुरुवार को भगवान श्रीराम के पुत्र लव और कुश की प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच आयोजित समारोह में आश्रम विकास समिति के पदाधिकारियों, स्थानीय श्रद्धालुओं तथा धर्मप्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह में राम अवतार कुशवाहा, कृष्ण प्रपन्नाचार्य, भूपेंद्र भुसाल, डैनी टेक बहादुर, गोपाल पाठक, विमल थापा, प्रकाश दहल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने लव-कुश की प्रतिमाओं के अनावरण को श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायी और ऐतिहासिक क्षण बताया।

जनता के स्नेह और सम्मान से अभिभूत हुए पूर्व डीएम दिनेश कुमार राय

● पश्चिम चंपारण दौरे के बाद जताया आभार, कहा- वर्षों बाद भी मिला अपार प्रेम और विश्वास

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। पश्चिम चंपारण के पूर्व जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे के दौरान मिले अभूतपूर्व सम्मान, स्नेह और आत्मीय स्वागत के लिए जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद चंपारण की धरती पर लौटने के दौरान जिस तरह आम जनता, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पत्रकारों, युवाओं और माताओं-बहनों ने प्रेम और सम्मान दिया, वह उनके लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक अनुभव रहा। अपने संदेश में उन्होंने बताया कि उनकी यात्रा बेतिया से शुरू होकर नरकटियागंज, नंदनगढ़, लौरिया, चौतरवा, बगहा, वाल्मीकिनगर, मधुबनी और ठकराहा समेत कई क्षेत्रों तक पहुंची। इस दौरान लोगों का आत्मीय स्वागत और विकास कार्यों के प्रति उनका विश्वास देखकर वे भावुक हो गए। दिनेश कुमार राय ने कहा कि जिलाधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उनका प्रयास हमेशा प्रशासन को जनता के करीब लाने और विकास की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का रहा। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद भी लोगों के बीच वही अपनापन और विश्वास देखना उनके लिए गर्व की बात है।उन्होंने विशेष रूप से मधुबनी प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के बंसी धाम का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां पहुंचकर विकास कार्यों की प्रगति देखने का अवसर मिला। जिन योजनाओं की आधारशिला उनके कार्यकाल में रखी गई थी, उन्हें आगे बढ़ते देख संतोष की अनुभूति हुई। पूर्व डीएम ने कहा कि बंसी धाम केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि क्षेत्र के धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बन सकता है।

भुगतान नहीं तो आंदोलन तय: आशा कार्यकताओं ने खोला मोर्चा

बेतिया। बिहार राज्य आशा संघ एटक की बैठक बलिराम भवन के सभागार में साधना देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, महिनों से आशा के प्रोत्साहन राशि का भुगतान नही होने के कारण आशा में भयंकर असंतोष था, भुगतान के लिए राशि आ जाने के बाद भी पी एच सी के लेखापाल, आशा बी सी एम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के मनमानी के कारण आशा का भुगतान नही हो रहा है आशा अपने बकाया भुगतान के लिए लगातार जनवरी माह से ही चरणबद्ध आंदोलन कर रही है, लेकिन विभाग के अधिकारियों के कान पर जूं भी नहीं रेंग रहा है, विभाग और सरकार के उदासीन रवैया से उबी आशा अब आर पार की लड़ाई के मुड में है, राज्य के फैसले के आलोक में 25 जून को सभी पी एच सी प्रभारी को स्वास्थ्य मंत्री बिहार सरकार के नाम संबोधित मांग पत्र दिया जायेगा तथा 28 फरवरी से शुरू होने वाले पोलियो अभियान में आशा काला बिल्ला लगाकर काम करेगी, जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिला पदाधिकारी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा तथा 18 अगस्त को पटना में विधानसभा का घेराव किया जायेगा, आशा संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ओम प्रकाश क्रांति ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को आशा से कार्य तो चाहिए लेकिन भुगतान देने के नाम पर इन लोगों का पानी झर, जा रहा है, इस महंगाई में आशा को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है।

आवासीय परिसर से वन सुंदरी सांप का रेस्क्यू

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। जल संसाधन विभाग के गंडक प्रोजेक्ट स्थित ई-टाइप कॉलोनी में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब निवासी राकीब अहमद के आवास परिसर में एक वन सुंदरी सांप दिखाई दिया। सांप दिखने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। वनकर्मियों ने बताया कि पकड़ा गया वन सुंदरी सांप स्वस्थ अवस्था में था। रेस्क्यू के बाद उसे वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जटाशंकर वन क्षेत्र में प्राकृतिक आवास के अनुकूल वातावरण में सुरक्षित छोड़ दिया गया।वन विभाग के रेंजर सत्यम कुमार ने लोगों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव या सांप के दिखने पर उसे नुकसान पहुंचाने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि उसे सुरक्षित तरीके से उसके प्राकृतिक आवास में पहुंचाया जा सके। वन विभाग ने कहा कि वन्यजीव पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता आवश्यक है।

सफारी के दौरान दिखा मातृत्व का अनोखा दृश्य

पर्यटकों ने कैमरे में कैद किया दुर्लभ पल

● वीटीआर की जैव विविधता की खूब-सूरत तस्वीर ने मोह लिया मन, जंगल में शावक को दूध पिलाती दिखी गौर (भारतीय बाइसन)

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) की समृद्ध जैव विविधता का एक बेहद खूबसूरत और दुर्लभ दृश्य इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों ने एक गौर (भारतीय बाइसन) को अपने शावक को दूध पिलाते हुए कैमरे में कैद किया। मातृत्व और वन्य जीवन के इस मनमोहक पल ने प्रकृति प्रेमियों का दिल जीत लिया है।सफारी के दौरान जंगल के भीतर शांत वातावरण में गौर अपने बच्चे के साथ दिखाई दी। शावक अपनी मां के पास खड़ा होकर दूध पी रहा था, जबकि मां पूरी सतर्कता के साथ आसपास नजर बनाए हुए थी। यह दृश्य वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार और वीटीआर के सुरक्षित वातावरण को दशार्ता है। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार गौर भारत के सबसे बड़े जंगली मवेशियों में शामिल है और इनका स्वस्थ प्रजनन किसी भी वन क्षेत्र की बेहतर पारिस्थितिकी का संकेत माना जाता है। वीटीआर में इस तरह के दृश्य यह साबित करते हैं कि यहां वन्यजीवों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है।पर्यटकों ने बताया कि सफारी के दौरान ऐसा दुर्लभ और भावनात्मक दृश्य देखना उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। तस्वीर सोशल मीडिया पर भी तेजी से साझा की जा रही है, जहां लोग इसे प्रकृति की खूबसूरती और मां-बच्चे के अटूट रिश्ते का प्रतीक बता रहे हैं।वन विभाग वन प्रमंडल 2 के रेंजर सत्यम कुमार ने कहा कि वीटीआर की जैव विविधता और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम अब ऐसे सुंदर और दुर्लभ दृश्यों के रूप में देखने को मिल रहा है।

पत्रकारों पर हमले के विरोध में भाकपा का जोरदार प्रदर्शन

बेतिया। पश्चिम चंपारण जिले के सबसे बड़े गवर्मेंट हॉस्पिटल में पत्रकारों के साथ हुई मारपीट और दुर्व्यवहार की घटना को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है.पार्टी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी डॉक्टर्स और मेडिकल छात्रों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। भाकपा के जिला सचिव ओमप्रकाश क्रांति ने कहा कि बुधवार 17 जून को अस्पताल में हुई प्रसूता की मौत के बाद मेडिकल छात्रों और परिजनों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है. मामले की जानकारी के लिए अस्पताल में जब पत्रकार पहुंचे, तो मेडिकल छात्रों द्वारा उनसे भी मार पीट की घटना को अंजाम दिया गया.हद तो तब हो गई जब कुछ पत्रकारों को अस्पताल में ही घंटों तक बंधक बनाकर उनके फोन छीन लिए गए और फिर उन्हें तोड़ दिया गया एवं एक पत्रकार के ऊपर आपरेशन में प्रयोग किए जाने वाले ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया गया जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए।

बेतिया में श्मशान घाट से अधजला शव बरामद

परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के रुलही गांव में बुधवार देर रात पुलिस ने श्मशान घाट से एक विवाहित महिला का अधजला शव बरामद किया। मृतका की पहचान रुलही वार्ड संख्या-3 निवासी श्याम यादव की पत्नी पुष्पा देवी (25 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अंतिम संस्कार के दौरान अधजले शव को बरामद कर लिया। परिजनों का आरोप मृतका के पिता ईश्वर यादव ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उनकी बेटी की हत्या कर दी गईउन्होंने कहा कि साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार किया जा रहा थापुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए। मामले की जांच जारी पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है। भाई का दावा मृतका के भाई ने दावा किया है कि उसकी बहन गर्भवती थी और उसकी हत्या की गई है। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है।

समर वेकेशन में वाल्मीकिनगर बना पर्यटकों की पहली पसंद

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। भीषण गर्मी और समर वेकेशन के बीच वाल्मीकिनगर पर्यटकों की पसंदीदा पर्यटन स्थली बन गया है। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे पर्यटक यहां वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) की रोमांचक जंगल सफारी के साथ-साथ नारायणी (गंडक) नदी में नौका विहार का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। बतादें,इंडो-नेपाल सीमा पर बहने वाली नारायणी नदी में परिवार के साथ नौका विहार पर्यटकों के लिए यादगार अनुभव साबित हो रहा है। नदी के एक ओर नेपाल के ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों की मनोरम श्रृंखला दिखाई देती है, तो दूसरी ओर घने जंगलों की हरियाली मन मोह लेती है। इसके साथ ही त्रिवेणी क्षेत्र में तीन नदियों के संगम का अद्भुत दृश्य पर्यटकों को प्रकृति के और करीब ले जाता है। बेलवा घाट स्थित नौका विहार केंद्र पर सुबह से ही पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है। टिकट काउंटर पर टिकट लेने के लिए जुटे लोगों की चहल-पहल साफ नजर आ रही है। नौका विहार के लिए आने वाले पर्यटक परिवार और मित्रों के साथ नदी की लहरों के बीच प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं। पर्यटकों का कहना है कि जंगल, नदी, पहाड़ और वन्यजीवों का अनूठा संगम वाल्मीकिनगर को अन्य पर्यटन स्थलों से अलग बनाता है। सफारी के दौरान वन्यजीवों के दीदार और नौका विहार के रोमांच ने उनके अवकाश को यादगार बना दिया है।

वाई-वाई यू-19 क्रिकेट टीम के लिए नवलपरासी जिले की टीम घोषित

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। नवलपरासी जिला क्रिकेट संघ ने वाई-वाई यू-19 पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम की घोषणा कर दी है। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष कृष्णा श्रेष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लुंबिनी प्रदेश स्तरीय यू-19 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले से 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों का चयन प्रदर्शन और प्रतिभा के आधार पर किया गया है। टीम जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। इसके अलावा चार खिलाड़ियों को वैकल्पिक (रिजर्व) सूची में रखा गया है। अध्यक्ष कृष्णा श्रेष्ठ ने कहा कि जिले में क्रिकेट के प्रति युवाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिला क्रिकेट संघ लगातार प्रयासरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि चयनित खिलाड़ी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे। जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए नियमित अभ्यास और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता की तैयारी करने की सलाह दी है।

सीएसपी संचालक से 3.06 लाख की लूट मामले में दो दोषियों को तीन-तीन वर्ष की सजा

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा व्यवहार न्यायालय के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी आलोक कुमार चतुर्वेदी की अदालत ने सीएसपी संचालक से 3.06 लाख रुपये की लूट के चर्चित मामले में दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने धर्मेन्द्र कुमार यादव उर्फ बुच्चू तथा बिल्टू यादव उर्फ बिट्टू कुमार यादव पर 5-5 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा नहीं करने पर दोनों को तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जानकारी के अनुसार, यह मामला रामनगर थाना कांड संख्या 306/24 से जुड़ा है। 11 जुलाई 2024 को पकड़ी-देवराज निवासी एवं सीएसपी संचालक विकास कुमार स्टेट बैंक हरिनगर से 3 लाख 6 हजार रुपये की निकासी कर अपनी पल्सर मोटरसाइकिल से सीएसपी केंद्र लौट रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधियों ने उनका पीछा किया और बरगजवा गांव स्थित शाही जी के बगीचे के समीप उनकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। अपराधियों ने कट्टा दिखाकर सीएसपी संचालक को भयभीत किया और काले रंग के पिट्ठू बैग में रखे 3.06 लाख रुपये नकद, लैपटॉप, मोबाइल फोन, वाहन की चाबी तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान दो आरोपी नाबालिग पाए गए, जिन्हें जुवेनाइल कोर्ट बेतिया भेज दिया गया। वहीं शेष दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा दाखिल आरोपपत्र पर सुनवाई करते हुए अदालत ने उन्हें दोषी ठहराया।

विश्व योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप सारांश कुमार ने भारत को दिलाया स्वर्ण पदक

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। पश्चिम चंपारण की धरती ने एक ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचा है, जिस पर आज पूरा बिहार और देश गर्व कर रहा है। योगापट्टी प्रखंड के युवा खिलाड़ी सारांश कुमार ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम विश्व योगासन चैम्पियनशिप 2026 की रिदमिक पेयर योगासन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व मंच पर तिरंगे का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धि केवल एक खिलाड़ी की सफलता नहीं, बल्कि पश्चिम चंपारण की प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प का वैश्विक प्रमाण है। गुजरात के अहमदाबाद स्थित ट्रांसस्टेडिया के इका एरिना में 4 से 8 जून 2026 तक आयोजित इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में विश्व के 78 देशों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। योगासन खेल के इतिहास में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर आयोजित इस विश्व प्रतियोगिता में भारत ने 102 स्वर्ण, 9 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 114 पदक जीतकर विश्व में अपना वर्चस्व स्थापित किया। इसी गौरवशाली भारतीय अभियान में पश्चिम चंपारण के सारांश कुमार का स्वर्ण पदक विशेष उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ। सारांश कुमार की सफलता की कहानी संघर्ष, अनुशासन और निरंतर अभ्यास की कहानी है। साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले इस युवा खिलाड़ी ने अपनी प्रतिभा और समर्पण के बल पर बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल किया है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे उनके प्रशिक्षक पवन कुमार का उल्लेखनीय योगदान रहा है। जिला योगासन खेल संघ, पश्चिम चंपारण के सचिव एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक के रूप में पवन कुमार वर्षों से जिले में योगासन खेल को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं।

राजनीतिक दबाव और विजिलेंस कार्रवाई की आशंका पर राजस्व अधिकारी ने लगाई गुहार

बगहा। बगहा-2 अंचल में पदस्थापित राजस्व अधिकारी रवि प्रकाश चौधरी ने राजनीतिक दबाव और संभावित प्रतिशोधात्मक कार्रवाई की आशंका जताते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मुख्य सचिव, डीजीपी सहित कई उच्च संवैधानिक एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को पत्र भेजकर अपनी चिंता व्यक्त की है। 17 जून को प्रेषित पत्र में उन्होंने कहा है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के कारण कुछ प्रभावशाली लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते उनके खिलाफ झूठी शिकायतें या विजिलेंस जांच कराकर फंसाने की कोशिश की जा सकती है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विरोध का आरोप राजस्व अधिकारी ने पत्र में उल्लेख किया है कि 5 जून 2026 को न्यायालय के आदेश के आलोक में चलाए गए अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान राजनीतिक विरोध के कारण कार्रवाई प्रभावित हुई थी। वहीं 12 जून को आयोजित एक अन्य अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भी एक जनप्रतिनिधि द्वारा कथित रूप से दबाव और धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। इसके बावजूद उन्होंने कानून और प्रशासनिक निष्पक्षता को प्राथमिकता देते हुए अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का दावा किया है।

खेत को बचाना अभियान नही कर्तव्य है: विजय कुमार सिन्हा

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री बिहार-सह-प्रभारी मंत्री, गया जिला ने आज दिनांक 18.06.2026 को कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया के प्रशिक्षण भवन, सभागार में आयोजित खेत बचाओ अभियान -सह- कृषि जन कल्याण चौपाल एवं संवाद का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया है। इस अवसर पर उनके साथ माननीय बीरेन्द्र सिंह, विधायक वजीरगंज और शशांक शुभंकर, जिला पदाधिकारी गया मंच पर उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने सभागार में उपस्थित 400 से अधिक किसानों को संबोधित करते हुये कहा कि किसानों को अपनी खेतों की मिट्टी की जांच नियमित रुप से कराना चाहिये जिससे मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी मिल सके और मिट्टी जॉच के बाद मिलने वाले मृदा स्वास्थ्य कार्ड में की गई अनुशंसा के अनुसार ही उर्वरकों का संतुलित उपयोग खेतों में करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहेगी और खेती की लागत घटेगी। उन्होने मौसम में हो रहे बदलाव को ध्यान मे रखकर और पहले से योजना बनाकर खेती करने की अपील किया, इसवर्ष एलनीनो के कारण कम वर्षा का पूवार्नुमान लगाया जा रहा है ऐसे में धान की सीधी बुआई से खेती का अधिक से प्रशिक्षण कराया जाय और जिन किसानों ने पूर्व में इस विधि से खेती किया है उनके खेतों में अन्य किसानों का परिभ्रमण कराकर उन्हें इसके लाभ की जानकारी दी जाय। साथ ही इस अवसर पर उन्होने उपस्थित जन समूह से कहा कि कैंसर और अन्य असाध्य बिमारियॉ पहले बहुत कम हुआ करतीं थी परन्तु आज प्रकृति के साथ छेड़छाड़ के कारण इस प्रकार की बिमारियॉ आम हो गई हैं इससे बचाव के लिये किसानों को कम से कम एक चौथाई खेतों में प्राकृतिक खेती के तरीके से करना चाहिये और जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, आच्छादन आदि विधियों से खेत को तथा पर्यावरण को बचाने का उपाय करना चाहिये इससे प्रकृति के साथ संतुलन बना रहेगा। उन्होने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सम्मानित करने का आश्वासन दिया है। उन्होने किसानों से अपील किया कि वे एग्री स्टैक योजनान्तर्गत अपना फार्मर आई डी अवश्य बनवा लें, यदि उनकी जमीन का परिमार्जन नहीं हुआ है तो प्रत्येक दूसरे एवं चौथे को लगने वाले सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर में आवेदन करके अपनी जमीन का परिमार्जन करा लें। अपने संबोधन में वजीरगंज विधायक ने कहा कि वे भी मूलतः किसान हैं और वे संकल्प ले रहे है ।अपने 25 प्रतिशत खेतों में प्राकृतिक तरीके से खेती करेंगे। किसानों के द्वारा सब्जियों का उचित मूल्य नहीं मिलने की समस्या पर जिला पदापधिकारी ने कहा कि गया जिला के 14 प्रखण्डों में जल्दी ही सब्जी प्रसंस्करण ईकाईयॉ बनकर तैयार होगी जिसमें कोल्ड स्टोरेज की भी व्यवस्थ होगी जिससे किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सकेगा। इस कार्यक्रम में श्री प्रशान्त कुमार, माननीय मंत्री कृषि के विशेष कार्य पदाधिकारी, श्री संजीव कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, ई॰ मनोज कुमार राय, वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, राजीव रंजन यादव, उप निदेशक, रसायन, मिट्टी जांच प्रयोगशाला, नीरज कुमार वर्मा, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, डा॰ रश्मि प्रियदर्शी, वैज्ञानिक, डा॰ फरहाना खातून, वैज्ञानिक, मुकेश कुमार, रुपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

12 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा का संकल्प सम्मेलन आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान। भारतीय जनता पार्टी, सीवान द्वारा 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना था। सम्मेलन में बिहार सरकार के पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम, महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, विधायक देवेशकांत सिंह, पूर्व एमएलसी मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नंद प्रसाद चौहान तथा प्रदेश मंत्री मुकेश सिंह कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकताओं और आमजन को संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना विकास, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कार्यकताओं से सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। सम्मेलन का विशेष आकर्षण सम्मान समारोह रहा। इस अवसर पर समाज के पूज्य साधु-संतों, मठाधीशों, समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों तथा संगठन के समर्पित कार्यकताओं को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में इन विभूतियों का योगदान प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री हरेंद्र कुशवाहा, जिला मंत्री उमाशंकर सिंह मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह अरुण भारती, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

महाधिवक्ता नियुक्ति पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

गया जी। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना उच्च न्यायालय के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यदर्शी संजय (एस. डी. संजय) को बिहार राज्य का नया महाधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर उन्हें आत्मीय बधाई और अनंत शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल द्वारा आपकी यह नियुक्ति आपकी उत्कृष्ट विधिक समझ, निष्ठा और न्याय के प्रति आपके दीर्घकालिक समर्पण का प्रमाण है। भारत सरकार के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (अरत्र्र्ग) के रूप में देश की सर्वोच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) में आपकी सेवाएं और पटना हाईकोर्ट में आपका लंबा व समृद्ध पेशेवर अनुभव इस गरिमामयी पद की गरिमा को और बढ़ाएगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके नीतिगत और विधिक मार्गदर्शन में बिहार सरकार के विधिक मामलों को एक नई दिशा मिलेगी और न्यायिक क्षेत्र में राज्य का पक्ष पूरी मजबूती व पारदर्शिता के साथ रखा जाएगा। मैं आपके सफल, यशस्वी और लोक-कल्याणकारी कार्यकाल के लिए ईश्वर से कामना करता हूँ।

कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर में प्राकृतिक खेती पर जिला कार्यशाला आयोजित

मुंगेर। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) मुंगेर के तत्वावधान में गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र, मुंगेर में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के पांच प्रखंडों से लगभग 200 कृषकों ने भाग लिया। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती के महत्व, तकनीक और लाभ पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वक्ताओं ने रासायनिक खाद व कीटनाशकों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए किसानों को जैविक खाद, गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट और जैव कीटनाशकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जमालपुर संजय पटेल, जदयू के प्रदेश महासचिव पंकज सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी मुंगेर सुष्मिता कुमारी, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान कृषि विज्ञान केंद्र डॉ मुकेश कुमार, उप निदेशक रसायन गयासुद्दीन, वैश्विक प्रसार विशेषज्ञ डॉ. विष्णु देव सिंह, वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार, कृषि मास्टर ट्रेनर विजय कुमार सिंह, इंजी. अशोक कुमार सहित कई कृषि विशेषज्ञ मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है, उत्पादन लागत घटती है और उपज विष-मुक्त होती है। किसानों को आत्मा योजना के तहत मिलने वाली सहायता और प्रशिक्षण की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बीटीएम, एटीएम और 16 कृषि सखी उपस्थिति रही। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे खेती की दशा बदलने वाला कदम बताया।

मगध विश्वविद्यालय द्वारा पीस अवेयरनेस विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बोधगया। राष्ट्रीय सेवा योजना, मगध विश्वविद्यालय द्वारा युवा शांति फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में पीस अवेयरनेस विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अवसाद को कम करना तथा उनमे शांति, सद्भाव और आंतरिक संतुलन के महत्व को समझाना था।इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप कुमार केशरी, कुलसचिव डॉ. बी. के. मंगलम, प्रॉक्टर प्रो. के.डी. वर्मा, आमंत्रित अतिथि हरी नारायण गिरी तथा एनएसएस समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया है। कार्यक्रम की रूपरेखा तथा अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया गया' अपने संबोधन में कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने कहा कि वर्तमान सोशल मीडिया के युग में युवा वर्ग बाहरी दुनिया में तो अत्यधिक व्यस्त हो गया है, किंतु आंतरिक शांति से दूर होता जा रहा है। उन्होंने युवाओं को ॐ के महत्व को समझने तथा इसके उच्चारण के माध्यम से मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शांति ही एक स्वस्थ और सफल जीवन की आधारशिला है। कुलसचिव डॉ. बी.के. मंगलम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं को जीवन में शांति, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मोदी नेतृत्व में भारत की अभूतपूर्व प्रगति: डॉ. प्रेम कुमार

गया जी। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें देश की बागडोर सौंपी थी। वर्ष 2019 में जनता ने पहले से भी बड़े जनादेश के साथ उस विश्वास को और अधिक मजबूत किया तथा वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनकर यह स्पष्ट कर दिया कि देश की जनता विकास, सुशासन, पारदर्शिता और परिणाम आधारित राजनीति को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में आर्थिक, सामाजिक, सामरिक और वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि उनकी सरकार के केंद्र में गरीब, किसान, युवा और महिलाएं हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना एवं हर घर जल जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है।

एनआईसी भवन में निर्मित नए चैम्बर कक्ष का जिला पदाधिकारी ने किया विधिवत उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। समाहरणालय परिसर स्थित नवनिर्मित एनआईसी भवन में गुरुवार जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा वरीय उप समाहताओं के लिए निर्मित नए चैम्बर कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने फीता काटकर चैम्बर कक्ष का शुभारंभ किया तथा भवन एवं कक्ष में उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित सभी उप समाहर्ता आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चैम्बर कक्ष की संरचना, बैठने की व्यवस्था, कायालीय सुविधाओं एवं कार्य निष्पादन के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध होने से प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन में और अधिक दक्षता आएगी तथा आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने नए चैम्बर कक्ष के निर्माण एवं संचालन के लिए संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी वरीय उप समाहताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने भी नए चैम्बर कक्ष को प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया तथा जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई बेहतर कार्य सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी सेवा में अधिक अवसर देने की दिशा में बड़ा कदम

गया जी। पटना बिहार के खिलाड़ियों को उनकी खेल उपलब्धियों के अनुरूप सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद् ने बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति (संशोधन) नियमावली, 2026 के अधिसूचना प्रारूप को स्वीकृति प्रदान कर दी है। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य और उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नौकरी की स्पष्ट और बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा है।

पोलो ग्राउंड में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने भरी हुंकार

एनडीए की एकजुटता दिखी, विकास की दिलाई प्रतिबद्धता

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। शहर के ऐतिहासिक पोलो ग्राउंड में आयोजित भव्य जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधा और मुंगेर-जमालपुर के विकास के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में कार्यकताओं और स्थानीय जनता की भारी भीड़ उमड़ी। मंच पर जदयू-भाजपा की एकजुटता दिखी। ललन सिंह के साथ जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल, मुंगेर विधायक कुमार प्रणय, जदयू मुंगेर प्रमंडल महासचिव सौरव निधि, भाजपा के वरिष्ठ अल्पसंख्यक नेता प्रो. अफजल शम्सी, जमालपुर व मुंगेर के मेयर सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। ललन सिंह ने कहा, मुंगेर की जनता का स्नेह ही हमारी ताकत है। डबल इंजन सरकार क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में क्षेत्र को कई नई सौगातें मिलेंगी। विधायक कुमार प्रणय ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत कर जनता का आभार जताया। विधायक नचिकेता मंडल ने पीएम नरेंद्र मोदी व एनडीए सरकार के 12 वर्षों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जमालपुर, मुंगेर और पूरे बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना उनकी प्राथमिकता है। सभी नेताओं ने संगठन को मजबूत कर क्षेत्र के विकास का संकल्प लिया।

वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच झारखण्ड इकाई की ओर कवि गोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना / रांची। वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच झारखण्ड इकाई की ओर से ऑनलाइन गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ नरेश नाज संगीता सहाय ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासचिव श्रीमती पूनम वर्मा ने की। कार्यक्रम में आए हुए कवियों ने एक से बढ़कर एक काव्य रस, गीत, भजन और दोहे के साथ की अपनी रचना प्रस्तुत किया। इस गोष्ठी में 19 रचनाकारों ने एक दूसरे की रचनाओं का आनंद लिया। गोष्ठी का प्रारम्भ रश्मि के गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद मंच की उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव जागृति के द्वारा सुमधुर स्वर में सरस्वती वंदना गायी गई। फिर झारखण्ड इकाई की अध्यक्षा संगीता सहाय ने प्रतिभागियों का अभिनंदन कर स्वागत उद्बोधन किया।रश्मि सिन्हा ने शानदार संचालन किया। चंदना रॉय बर्धन उपाध्यक्ष वनकाम महाराष्ट्र ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभायी।

श्रावणी मेला में महज 41 दिन शेष: जिला प्रशासन के निर्देश पर गंगा घाट में युद्ध स्तर पर साफ सफाई

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर सुल्तानगंज। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में महज 41 दिन शेष होने पर जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर परिषद सुल्तानगंज द्वारा अजगैविनाथ गंगा घाट एवं नमामि गंगा घाट पर साफ सफाई अभीयान शुद्ध स्तर से शुरू कर दी गई/ जो आज नमामि गंगा घाट पर मिट्टी का मलवा जेसी द्वारा उठाअ करते नमामि गंगा घाट की सीढ़ी निकाला जा रहा है/ जो बाहर आनेवाले श्राद्धलुओं को परेशानी न हो साथ ही सोदर्य करण के लिए बाबा भोलेनाथ का बैनर पोस्टर की भी तैयारी शुरू कर दी गई है /और तीन से चार दिन से नमामि गंगा घाट पर नगर परिषद सुल्तानगंज के द्वारा वाहन पार्किंग की वसुली ठेकेदार अमित कुमार के द्वारा किया जा रहा है/जिसमें बड़ी वाहन बस से दो सौ रुपये,छोटा चार पहिया वाहन से पचास रुपये,टेम्पो, ई-रिक्शा से बीस रुपये की वसुली जा रही है जो यह सुविधा सावन व भादों में नहीं रहने की बात है,बाकी दिनों में यह सुविधा यात्रीयो को दी जा रही है।

महिलाओं के बीच लैंगिक समानता को लेकर बीडीभीएस ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। बिहार दलित मिशन विकास समिति गोवड्डा के सहयोग से गुरुवार को ग्राम स्तर पर सावित्रीबाई माता समिति के सदस्यों द्वारा ग्राम कुरावा रविदास टोला में महिलाओं के बीच लैंगिक समानता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभा में जागृति गीत,बैठक कर महिलाओं एवं ग्रामीणों को लैंगिक समानता और बाल अधिकार सामाजिक भेदभाव के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड सादस्य सरिता देवी और इश्वर महिला एनिमेटर गीता कुमारी के द्वारा आशीष बचनों के संबोधन के साथ किया गया। एसएमएस कोऑर्डिनेटर सोनी कुमारी के द्वारा महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान दिलाने की आवश्यकता पर विस्तार पूर्वक बताया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के छात्र समीर कुमार अनन्या कुमारी के द्वारा लैंगिक समानता भेदभाव उन्मूलन तथा स्वच्छता के महत्व पर जानकारी देते हुए महिलाओं को जागरूक किया बेटा बेटी में समानता तथा महिलाओं को जागरूक किया बेटा बेटी में समानता तथा महिलाओं का अधिकार से जुड़े संदेश दिए मौके पर उपस्थित BDVS के रानी देवी एवं एस एम एस के सदस्यों और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT

Govt. of Bihar

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CENTRAL BUILDING DIVISION No.- 01, PATNA

SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.- **44** YEAR 2026-27

(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :- State.bihar.gov.in/prdbihar)

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated **27.06.2026** at 1:00 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.

Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division No.- 01, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500

Details of Works :-

Sl No.	Name of Work/Specification	Qnt.	Unit	Time of Completion of Work	Quoted Rate (in Number and Word)
01-	Supply & Installation of Furniture Work in Waiting Area (In Front of Waiting Area) Minorities Welfare and Development Deptt. in Extended Building Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2026-27.			01 Months	
Specification					
02-	Renovation of Cabin in Front of Minister Chamber of Minorities Welfare and Development Deptt. in Extended Building Block - 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2026 -27.			01 Months	
Specification					
03-	Renovation of Sanitary Installation, Water Supply and Tiles Work in Common Bathroom (Ladies) at Extended Building Block - 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2026 -27. (First Floor)			01 Months	
	Specification				
04-	Renovation of Sanitary Installation, Water Supply and Tiles Work in Common Bathroom (Gents) at Extended Building Block - 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2026 -27. (First Floor)			01 Months	
Specification					

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें। विभागीय पत्रांक– 788 (भ) अनु० दिनांक– 05.02.2021 द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer
Central Building Division No.- 01, Patna

PR- 005955 (BCD) 2026-27

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

एच एस कॉलेज की एनएसएस इकाई ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर ।जिले के हवेली खड़गपुर नगर स्थित हरि सिंह महाविद्यालय की एन एस एस इकाई द्वारा आयोजित नशामुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई । यह अभियान किसी भी प्रकार के नशे के दुष्परिणामों को रेखांकित करने और स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने में सहायक बनेगा ।साथ ही छात्र - छात्राओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित और जागरूक बनाने में योगदान करेगा । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित शिक्षकों में सर्वजीत पॉल,डॉ राहुल देव,डॉ रविशंकर रजक संतोष कुमार आदि प्राध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किए ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवेंद्र राम ने किया।

आरएसपीएल ग्रुप ने 50 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया

दुगार्पुर। भारत के अग्रणी एफएमसीजी समूहों में शामिल आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। जिसने पिछले पांच दशकों में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और नवीनता के बल पर विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। पिछले 50 वर्षों में आरएसपीएल ने सदैव भारत में बना, भारतीयों के लिए बना के अपने मूल विचार को केंद्र में रखा है। यही भावना उसे देश के करोड़ों परिवारों से जोड़ती है। देशभर में स्थापित 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों के माध्यम से समूह ने घरेलू उत्पादन को सशक्त बनाया और भारतीय उद्योग की सामर्थ्य को नई पहचान दिलाई है। इसकी शुरूआत उत्तर प्रदेश के कानपुर में मुरलीधर ज्ञानचंदानी और बिमल कुमार ज्ञानचंदानी ने एक साधारण लेकिन बड़े सपने के साथ की थी। आज घड़ी डिटर्जेंट देश के करोड़ों परिवारों का भरोसेमंद साथी बन चुका है और लगभग 32 प्रतिशत भारतीय घरों तक इसकी पहुंच है। इस ऐतिहासिक अवसर पर आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा पर आधारित एक विशेष शॉर्ट फिल्म का भी विमोचन किया। प्रसिद्ध अभिनेता एवं फिल्म निमार्ता रजत कपूर की आवाज में प्रस्तुत यह फिल्म उन मूल्यों, संघर्षों, विश्वास और परिवर्तन की कहानी को जीवंत करती है।

संक्षिप्त समाचार

कोलकाता से अमेरिका-थाइलैंड होता गुरुग्राम पहुंचा 'आलोका'

गुरुग्राम, एजेंसी। गुरुग्राम में मंगलवार को एक ऐसा मेहमान पहुंचा, जिसके स्वागत के

लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। खास बात यह रही कि यह कोई फिल्म स्टार या सेलिब्रिटी नहीं, बल्कि 'आलोका' नाम का एक स्ट्रीट डॉग था। कभी कोलकाता की गलियों में घूमने वाला यह डॉग आज दुनिया भर में शांति और करुणा के संदेशवाहक के रूप में पहचान बना चुका है। इंस्ट्राग्राम पर उसके 4.8 लाख फालोअर्स हैं। द वेस्टिन होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पशु प्रेमियों ने आलोका के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उसके पंजों के निशान को ऑटोग्राफ के रूप में संजोया। शांति यात्रा में आए बौद्ध भिक्षु पन्नाकारा ने बताया कि आलोका की मुलाकात कोलकाता में एक शांति यात्रा के दौरान हुई थी। इसके बाद वह बौद्ध भिक्षुओं के साथ जुड़ गया और शांति यात्राओं का हिस्सा बनता चला गया। अमेरिका, श्रीलंका और थाइलैंड सहित कई देशों में वह हजारों किलोमीटर की यात्रा कर चुका है। अमेरिका में आयोजित वॉक फॉर पीस अभियान के दौरान उसने करीब 3700 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी की। हाल ही में भारत लौटने के बाद बौद्ध भिक्षु के साथ आलोका दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी से भी मिलने पहुंचा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य बेसहारा पशुओं के प्रति लोगों में संवेदनशीलता और दयाभाव को बढ़ावा देना है।

सरकारी सिस्टम की लापरवाही, नौ महीने से नहीं बनाया मंदबुद्धि का राशन कार्ड

फरीदाबाद, एजेंसी। सेक्टर-सात-ए ब्लाक के रहने वाले गुरमीत सिंह का कहना है कि वह अपना और अपनी मंदबुद्धि की बेटी सुहानी का बीपीएल राशन कार्ड बनवाने के लिए नौ महीने से जन समस्या समाधान शिविर के चक्कर लगा रहे हैं। अभी तक भी दरबार में उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। सुहानी की मां भी मर चुकी है। गुरमीत का कहना है कि वह किराये के मकान में रहता है और उसके पास स्कूटी के अतिरिक्त न तो कार है ना कोई अन्य सुविधा। फिर भी उसकी दरबार में कोई सुनवाई नहीं करता है। करनेरा से आने वाली पूजा का कहना है कि उसका पति रिक्शा चलाता है। उसकी फैमिली आईडी में आए 3 : 50 लाख रुपये वार्षिक आय लिखी हुई है। रिक्शा चालक साढे तीन लाख रुपये कैसे कमा सकता है। उसका बीपीएल राशन कार्ड भी काट दिया है। उसकी फैमिली आईडी में आय को अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है। वह गांव से किराया लगाकर यहां पर आती हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसी तरह की समस्या राजीव कॉलोनी की आने वाली मंजू की है। उनका भी बीपीएल राशन कार्ड फैमिली आईडी में अधिक आय दिखाकर काट दिया गया है।

मुंबई में गहराया पानी संकटः बीएमसी की कटौती से सूख रहा लोगों का गला

मुंबई, एजेंसी। मुंबई में पानी की किल्लत ने विकराल रूप ले लिया है। ऐसे में बीएमसी द्वारा पानी की सप्लाई में की गई 10 फीसदी की कटौती के बाद पूरी मुंबई में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कई इलाकों में पानी का प्रेशर इतना कम है कि लोगों के घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है। इस संकट के कारण अब हाउसिंग सोसायटियों और व्यापारियों को पूरी तरह से वॉटर टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है। पानी की बर्बादी को रोकने के लिए सरकार और प्रशासन ने कुछ कड़े कदम उठाए हैं, जिसकी वजह से टैंकरों की मांग आसमान छूने लगी है। बनाए गए नए नियमों के अनुसार बिल्डिंग बनाने (कन्स्ट्रक्शन) के कामों में पीने के पानी के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके साथ ही होटलों, मॉल्स और स्विमिंग पूलों में पानी के अंधाधुंध इस्तेमाल पर नए नियम लागू कर दिए गए हैं।

नैनीताल में पर्यटकों से भरा टेंपो ट्रैवलर खाई में गिरा, अब तक 2 लोगों की मौत, कई घायल

नैनीताल, एजेंसी। उत्तराखंड के नैनीताल में बड़ा सड़क हादसा हुआ है. जहां नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग पर पर्यटकों से भरा टेंपो ट्रैवलर खाई में जा गिरा. हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हो गए. वाहन में 29 लोग सवार थे. पुलिस, प्रशासन और राहत दल ने तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया. सभी यात्री उत्तर प्रदेश के मेरठ इस्लामाबाद क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं, जो नैनीताल घूमकर वापस मेरठ लौट रहे थे.

टेंपो ट्रैवलर खाई में गिराः जानकारी के मुताबिक, नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग पर बड़ा सड़क हादसा हो गया. जब पर्यटकों से भरा एक टेंपो ट्रैवलर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरा. हादसे के समय वाहन में कुल 29 लोग सवार थे. हादसा इतना भीषण था कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि, कई यात्री गंभीर और सामान्य रूप से घायल हो गए. खाई में गिरे वाहन तक बनाई पहुंच, रेस्क्यू कर भेजा अस्पतालः हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और राहत-बचाव टीमें मौके पर पहुंच गईं. खाई में गिरे वाहन तक पहुंचने के लिए राहत दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी. रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. मेरठ जिले के रहने वाले बताए जा रहे पर्यटकः प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, टेंपो ट्रैवलर में सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के निवासी बताए जा रहे हैं, जो नैनीताल घूमने आए थे. हादसे के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया. जिलाधिकारी

और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने खुद स्थिति की निगरानी की और अस्पतालों में घायलों के इलाज के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं. अस्पताल में अतिरिक्त मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है. जबकि, गंभीर घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं. वहीं, दुर्घटना स्थल पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने और राहत कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया. चालक का नियंत्रण खोने के कारण यह हादसा हुआ. इसके अलावा ब्रेक फेल होने की बात कही जा रही है. वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मृतकों की पहचान एवं परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया जारी है. एसपी डॉ. जगदीश चंद्रा ने बताया कि हादसे में ताला फैक्ट्री इस्लामाबाद मेरठ, उत्तर प्रदेश निवासी सुहेमा (8 साल) पुत्री नफीस निवासी मेरठ,हल्की चोट, तस्वीब्या (11 साल) पुत्री रहीस, माहिरा (1 साल) पुत्री नईमुद्दीन, सोफिया (15 साल) पुत्री नवाब, सना (22 साल) पत्नी आशिक,आशिक (24 साल) पुत्र नवाबुद्दीन,साद (2 साल) पुत्र आशिक,आयशा (23 साल) पत्नी, मोनिश , अनिशा (40 साल) पत्नी निजामुद्दी, शाकिर (35 साल) पुत्र यामिन, फरत (48 साल) पत्नी इकबाल,नफीस (45 साल) अहमद, रशीद (45 साल) अहमद, लाइबा (30 साल) पति नईम, उल्बिया (25 साल) पिता अनीश अहमद, मोनिश (30 साल) पुत्र निजामुद्दीन,रेशमा (40 साल) पत्नी नवाब,रुकसाना (50 साल)पत्नी अनीश अहमद, इनम (9 साल) पुत्री शाकिर, फ़ेह्जा (5 साल) पुत्री शाकिर ,अबूजर (7 साल) पुत्र शाकिर हल्की चोट, इनम (9 साल) पुत्री शाकिर, फ़ेह्जा (5 साल) पुत्री शाकिर, अबूजर (7 साल) पुत्र शाकिर,घायल हो गए.

नोएडा एक्सप्रेसवे की लाइफलाइन बनेगी 45 मीटर चौड़ी सड़क

नोएडा, एजेंसी। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के समानांतर सेक्टर-163 से 167 तक प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने और सेक्टर रोड को प्लान-बी कारिडोर के रूप में तैयार करना जरूरी है। डीएनडी, चिल्ला, कालिंदी कुंज और आंतरिक सड़कों से बढ़ते वाल्यूम, और एयरपोर्ट के शुरू होने

के लिए नोएडा प्राधिकरण ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी है। सड़क के अलाइनमेंट में आने वाली निजी जमीनों का विवरण तैयार किया गया है।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आइडीसी) ने इसे एक्शन प्लान में शामिल किया है। 45 मीटर सड़क को पूरा करने के लिए नोएडा शाहदरा, मोहियापुर, झट्टा इन तीनों गांव की करीब 710.90 मीटर बाधा बनी है। यह जमीन अनर्जित है। हाइकोर्ट में मामला विचाराधीन है। इस परियोजना से जुड़ा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित है। 24 जुलाई 2025 को दिए गए आदेश में कहा गया था कि याचिकाकर्ता सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही निर्माण कर सकता है। बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता। प्राधिकरण का कहना है कि भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया नियमों के तहत पूरी की जाएगी।

नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बढ़ते यातायात के भार के मद्देनजर सर्विस लेन के बाद आने वाला अतिरिक्त दबाव इन सबके चलते समानांतर मार्ग की आवश्यकता और अधिक अहम हो गई है।

ये एक्सप्रेसवे की लाइफ लाइन बनेगी। इन रुकावटों की वजह से सेक्टर 150, 151, 152, 153, 155, 163, 167, 135 और 168 के निवासी इस सड़क का एंडटूएंड इस्तेमाल नहीं कर पाते और मजबूरी में एक्सप्रेसवे पर चढ़ते हैं, जिससे यातायात का दबाव बढ़ता है। लगातार किसानों से बातचीत की जा रही है। जल्द जमीन को लिया जाएगा, ताकि इसे एक्सप्रेसवे के डायवर्जन मार्ग के रूप में तैयार किया जा सके। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू होने के बाद नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ने की संभावना है। ऐसे में यह 45 मीटर चौड़ी समानांतर सड़क सेक्टर-146, 163 और 167 समेत आसपास के क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक मार्ग का काम करेगी और एयरपोर्ट तक पहुंच को आसान बनाएगी।

शोक में डूबी फिल्म इंडस्ट्रीः 35 साल की उम्र में द रिंग से घर-घर हुई मशहूर एक्ट्रेस का निधन

लास एंजिल्स, एजेंसी। हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेत्री और वॉइस आर्टिस्टडेवी चेस का 35 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके अचानक निधन की खबर ने फैंस और मनोरंजन जगत को गहरे सदमे में डाल दिया है। सोशल मीडिया पर हजारों प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं और उनकी यादों को साझा कर रहे हैं। डेवी चेज अपनी हॉरर फिल्म द रिंग से घर-घर मशहूर हुईं। आज भी एक्ट्रेस को 'द रिंग' के नाम से ही जाना जाता है। एक्ट्रेस के निधन की खबर सुनकर उनके फैंस शोक्ड में है।

बचपन से ही टेलेंटड थी एक्ट्रेस

डेवी चेस उन कलाकारों में शामिल थीं जिन्होंने बहुत कम उम्र में मनोरंजन जगत में कदम रखा था। चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में उन्होंने अपनी पहचान बनाई और बाद में हॉलीवुड में एक जाना-पहचाना नाम बन गईं। उनकी सबसे चर्चित फिल्मों में हॉरर फिल्म द रिंग शामिल है, जिसमें उनके किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। इसके अलावा उन्होंने एनिमेटेड फिल्म में मुख्य किरदार लिलो को अपनी आवाज देकर भी लोकप्रियता हासिल की थी।

एक्टिंग के साथ वॉइस आर्टिस्ट के रूप में भी बनाई पहचान

साल 2000 के दशक में डेवी चेस को हॉलीवुड की सबसे प्रतिभाशाली युवा कलाकारों में गिना जाता था। वह सिर्फ अभिनय ही नहीं बल्कि अपनी दमदार आवाज के लिए भी मशहूर थीं। उनके कई प्रोजेक्ट्स आज भी दर्शकों के बीच याद किए जाते हैं। अपने सफल करियर के बावजूद डेवी चेस ने धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी निजी जिंदगी कुछ कानूनी विवादों और अन्य समस्याओं में उलझ गई थी। इसी दौरान उनका मनोरंजन जगत में काम भी कम होता चला गया। लंबे समय तक स्क्रीन से दूर रहने के बाद डेवी चेस ने साल 2016 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म में काम किया था। यही फिल्म उनके करियर की आखिरी बड़ी फिल्म साबित हुई। इसके बाद वह किसी बड़े प्रोजेक्ट में नजर नहीं आईं। डेवी चेस के निधन की खबर सामने आते ही सोशल मीडिया पर शोक संदेशों की बाढ़ आ गई।

ब्रिटेन में 100 साल पुराने भारतीय रेस्तरां पर बेदखली का खतरा, बचाने के लिए भारत से दखल की अपील

लंदन एजेंसी। दुनिया के सबसे पुराने भारतीय रेस्टोरेंट में से एक वीरस्वामी ने भारत सरकार से अपील की है कि वह लंदन में उसकी मशहूर जगह से उसे जबरन हटाए जाने के मामले में दखल

दे। इस जगह पर कभी महात्मा गांधी का स्वागत किया गया था। इस रेस्टोरेंट ने हाल ही में 100 साल पूरे किए हैं। अब महीने के आखिर में इसकी लीज को लेकर कानूनी लड़ाई होने वाली है। बिल्डिंग के मालिक क्राउन एस्टेट का कहना है कि बड़े पैमाने पर मरम्मत की जरूरत के कारण वे इस ऐतिहासिक रेस्टोरेंट की लीज को रिन्यू नहीं कर सकते। वीरस्वामी की मालिक कंपनी एमडब्ल्यू ईट के रंजीत मथरानी ने कहा, इतनी देर हो जाने के बाद भी, हम भारत सरकार से गुजारिश करेंगे कि वह भारतीय व्यंजन, जो ब्रिटेन में देश की साफ्ट पावर है, के लिए दखल देने पर विचार करे। मथरानी ने कहा, आखिरकार, वीरस्वामी भारत से बाहर गई पाक-कला की विशेषज्ञता का एक शानदार उदाहरण है।

अमेरिका-ईरान समझौते पर उपराष्ट्रपति वेंस बोले- 'बातों से नहीं, कामों से होगा मूल्यांकन'

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ हुए नए समझौते को लेकर अपनी स्थिति साफ कर दी है। वेंस ने सीबीएन न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि इस समझौते की सबसे अच्छी बात यह है कि यह केवल शब्दों तक सीमित नहीं है। उन्होंने साफ किया कि अब ईरान का मूल्यांकन उसकी बातों से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार और काम के आधार पर होगा। वेंस ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और पूरा प्रशासन ईरान में निर्दोष प्रदर्शनकारियों की हत्या से बहुत परेशान था। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले जो लोग सत्ता में थे, उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया था। वेंस के अनुसार, वे पुराने नेता अब सत्ता से जा चुके हैं। अब अमेरिका यह देखना चाहता है कि क्या ईरान का नया नेतृत्व अपने लोगों के साथ अलग तरह से व्यवहार करता है।

उपराष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि नया `तृत्व सुधार करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं होता है, तो अमेरिका उनके वास्तविक आचरण को देखकर आगे का फैसला करेगा। वेंस ने दोहराया कि यह समझौता केवल कागजी बातों के लिए नहीं है। यह पूरी तरह ईरान के भविष्य के व्यवहार पर टिका है। अमेरिका अब ईरान की गतिविधि पर पैनी नजर रखेगा। जेडी वेंस अब इस समझौते के सबसे बड़े समर्थक और रक्षक बनकर उभरे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को फ्रांस के वर्साय महल में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने इस दौरान मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर यह समझौता सफल रहा, तो वे इसका श्रेय लेंगे, लेकिन अगर यह विफल रहा, तो वे इसका सारा दोष जेडी वेंस पर डाल देंगे।

अमेरिका-ईरान के समझौते पर इस्राइल की नजर, हिजबुल्लाह और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर जताई चिंता

वाशिंगटन, एजेंसी। भारत में इस्रायल के उप-राजदूत फेरेस सेब ने अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुई बातचीत पर अहम बयान दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 60 दिनों की इस चर्चा में इस्रायल की चिंताओं को सुलझाया जाएगा। उन्होंने साफ कर दिया है कि इस्रायल ईरान के परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। इसके अलावा, हिजबुल्लाह जैसे गुटों को मिलने वाली ईरानी मदद पर भी इस्रायल को सख्त आपत्ति है।

लेबनान सीमा पर तनाव के बीच इस्रायल ने कहा कि अगर हिजबुल्लाह का खतरा बना रहता है, तो वह अपनी सुरक्षा के लिए कार्रवाई जारी रखेगा। इस्रायल के मुताबिक, लेबनान के साथ शांति के रास्ते में सिर्फ ईरान खड़ा है। हाल ही में हिजबुल्लाह के हमले में एक इस्रायली सैनिक की मौत भी हुई है।

वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और डोनाल्ड ट्रंप ने 14 बिंदुओं वाले एक समझौते पर वर्चुअली हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का लक्ष्य दोनों देशों के बीच तनाव कम करना और हॉर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापार के लिए खोलना है। ईरान का कहना है कि शीर्ष नेताओं के शामिल होने से अब इस समझौते को तोड़ना आसान नहीं होगा। फिलहाल ईरानी बंदरगाहों पर जहाजों की आवाजाही सामान्य रूप से शुरू हो गई है।

वर्साय पैलेस में ट्रंप ने किया ईरान समझौते पर

हस्ताक्षर, कहा- यह आसान नहीं था

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वर्साय पैलेस में ईरान के साथ एक अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान सामने आए वीडियो फुटेज में वे दस्तावेज पर दस्तखत करने से पहले कुछ पल के लिए रुकते हुए दिखाई दिए। पन्ने पर हस्ताक्षर करते समय ट्रंप ने वहां मौजूद लोगों से कहा, मैं आपको यह बता सकता हूं 'यह आसान नहीं था।'

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ हुए नए समझौते को लेकर अपनी स्थिति साफ कर दी है। वेंस ने सीबीएन न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि इस समझौते की सबसे अच्छी बात यह है कि यह केवल शब्दों तक सीमित नहीं है। उन्होंने साफ किया कि अब ईरान का मूल्यांकन उसकी बातों से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार और काम के आधार पर होगा।

वेंस ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और पूरा प्रशासन ईरान में निर्दोष प्रदर्शनकारियों की हत्या से बहुत परेशान था। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले जो लोग सत्ता में थे, उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया था। वेंस के अनुसार, वे पुराने नेता अब सत्ता से जा चुके हैं। अब अमेरिका यह देखना चाहता है कि क्या ईरान का नया नेतृत्व अपने लोगों के साथ अलग तरह से व्यवहार करता है।

उपराष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि नया नेतृत्व सुधार करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं होता है, तो अमेरिका उनके वास्तविक आचरण को देखकर आगे का फैसला करेगा। वेंस ने दोहराया कि यह समझौता केवल कागजी बातों के लिए नहीं है। यह पूरी तरह ईरान के भविष्य के व्यवहार पर टिका है। अमेरिका अब ईरान की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेगा। पश्चिम एशिया में शांति की ओर एक और कदम आगे बढ़ चुका है।

तमिलनाडु में नीट की तैयारी कर रही 19 साल की छात्रा ने किया सुसाइड, कोयंबटूर में विरोध प्रदर्शन का एलान

कोयंबटूर, एजेंसी। तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहां नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी कर रही एक 19 साल की छात्रा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। इस घटना के बाद राज्य में एक बार फिर नीट परीक्षा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं और तमिलनाडु को इस परीक्षा से छूट देने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। पेपर लीक और दोबारा परीक्षा के तनाव में थी छात्रा पुलिस के मुताबिक, मृतक छात्रा की पहचान अनुकीर्तना के रूप में हुई है। वह पहले भी दो बार नीट की परीक्षा दे चुकी थी और इस बार तीसरी बार परीक्षा की तैयारी कर रही थी। जांच अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में नीट परीक्षा का पेपर लीक होने और उसके बाद प्रभावित छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा कराने के फैसले से वह काफी तनाव और मानसिक दबाव में थी। इसके अलावा एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि बार-बार परीक्षा देने की

हताशा और मानसिक थकान के कारण शायद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद कोयंबटूर में भारी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। लोग नीट परीक्षा को पूरी तरह खत्म करने की मांग कर रहे हैं। राज्य की विपक्षी पार्टी डीएमके ने भी तमिलनाडु को नीट से छूट देने की अपनी पुरानी मांग को लेकर पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करने का एलान किया है।

तमिलनाडु शुरुआत से ही नीट परीक्षा का कड़ा विरोध करता रहा है। राज्य सरकार और वहां के लोगों का मानना है कि इस परीक्षा का फायदा सिर्फ अमीर परिवारों के बच्चों को मिलता है, जो महंगी प्राइवेट कोचिंग की फीस दे सकते हैं। सरकारी स्कूलों और गांवों के गरीब बच्चे, जो 12वीं बोर्ड में बहुत अच्छे नंबर लाते हैं, वे कोचिंग न मिल पाने के कारण इस परीक्षा में पिछड़ जाते हैं। बता दें कि नीट लागू होने से पहले, तमिलनाडु में लगभग 10 सालों तक मेडिकल कॉलेजों में दाखिला सिर्फ 12वीं के नंबरों के आधार पर होता था, कोई एंट्रेंस एग्जाम नहीं था। समर्थकों का कहना है कि उस व्यवस्था से गरीब और ग्रामीण बच्चों को डॉक्टर बनने का ज्यादा मौका मिलता था। इसके लिए तमिलनाडु विधानसभा ने एक बिल भी पास किया था, लेकिन उसे राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिल सकी। गौरतलब है कि नीट का विरोध करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों का दावा है कि जब से देश में यह परीक्षा लागू हुई है।

पुणे रेलवे स्टेशन का 473 करोड़ से होगा कायाकल्प, मिलेंगे 6 नए प्लेटफॉर्म और दो नई ट्रेनों की सौगात

पुणे, एजेंसी। पुणे रेलवे स्टेशन को देश के सबसे आधुनिक रेलवे टर्मिनलों में शामिल करने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को 473 करोड़ रुपये की लागत वाली पुणे यार्ड रिमॉडलिंग एवं स्टेशन विस्तार परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने साईनगर शिर्डी दैनिक एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि अगले 1000 दिनों में पुणे स्टेशन की रेल परिचालन क्षमता लगभग दोगुनी हो जाएगी और इसका स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, विधायक विवेक कोल्हे तथा मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वर्तमान में पुणे रेलवे स्टेशन पर छह प्लेटफॉर्म हैं, जहां प्रतिदिन 200 से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है और करीब डेढ़ लाख यात्री आवागमन करते हैं। बढ़ते दबाव को देखते हुए स्टेशन विस्तार परियोजना के तहत छह नए प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे। प्लेटफॉर्म संख्या 7 से 12 तक के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा प्लेटफॉर्म संख्या 2 से 6 का विस्तार भी किया जाएगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496